नई दिल्ली, शुक्रवार 5 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष- अमावस्या ■ वर्ष : 28, अंक : 85 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 34 न्यून.28 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




मुंबई के मरीन ड्राइव पर टी 20 क्रिकेट के विश्व विजेताओं का विजय जुलूस

# अपने 'रन'बांकुरों को देखने समंदर किनारे उमड़ा सैलाब

## मुंबई एयरपोर्ट पर भारतीय क्रिकेट टीम को वाटर सैल्यूट दिया गया | वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टीम को सम्मानित किया गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गुरुवार को टीम इंडिया के चैंपियनों का जैसा स्वागत मुंबई ने किया, वह इतिहास में दर्ज हो गया। समंदर किनारे मरीन ड्राइव पर किलोमीटरों में फैन्स का सैलाब उमड़ पड़ा। टीम इंडिया के चैंपियंस मुंबई एयरपोर्ट से बाहर निकले। सभी खिलाड़ी बस में सवार होकर विक्ट्री परेड के लिए रवाना हुए। जैसे ही खिलाड़ी एयरपोर्ट से बाहर निकले, सेल्फी लेने के लिए फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। मुंबई एयरपोर्ट पर भारतीय क्रिकेट टीम को वाटर सैल्यूट दिया गया। टीम इंडिया के आगमन की प्रतीक्षा में मरीन ड्राइव पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टीम को सम्मानित ▶▶ शेष पेज 5 पर

## विश्व विजेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में खेले गए आईसीसी टी20 विश्व कप में जीत के बाद गुरुवार को देश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। जैसे ही भारतीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

## द्रविड़ और रोहित ने एक हाथ से ट्रॉफी उठाई पीएम मोदी इस दौरान पकड़े रहे दोनों का हाथ



### नाश्ता, बातचीत और खूब लगे ठहाके

*इस दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री के साथ नाश्ता किया और बातचीत भी की। इसका वीडियो भी सामने आया है। भारतीय खिलाड़ियों और प्रधानमंत्री मोदी के बीच बातचीत के दौरान खूब हंसी मजाक हुआ और ठहाके भी लगे। भारतीय खिलाड़ियों को एक मीटिंग हॉल में बैठाया गया। प्रधानमंत्री खुद बीच में बैठे दिखाई पड़ते हैं और खिलाड़ियों से बातचीत करते हैं। इस दौरान खिलाड़ी और प्रधानमंत्री मोदी हंसी ठहाके नजर आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी युजवेंद्र चहल की ओर कुछ इशारा भी करते हैं। इस पर रोहित शर्मा, विराट कोहली समेत सभी खिलाड़ी* ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आडवाणी को अपोलो अस्पताल से मिली छुट्टी



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। बुधवार रात नौ बजे अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि आडवाणी की हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया था।

### निवेशकों को 1.95 लाख करोड़ का मुनाफा



**मुंबई।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड बनने का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने दिन के कारोबार के दौरान अपना नया ऑलटाइम हाई छुआ। निवेशकों की संपत्ति दिन भर में करीब 1.95 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। कारोबार के अंत में दोनों इंडेक्स मामूली बढ़त के साथ बंद हुए।

एससीओ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश

# एससीओ के मंच से आतंकवाद पर भारत की चीन और पाकिस्तान को खरी खरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में गुरुवार को आयोजित किए गए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भारत ने आतंकवाद के मामले पर चीन और पाकिस्तान पर बेहद कड़े अंदाज में निशान साधते हुए कहा कि क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए आतंकवाद एक बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके समर्थकों, पोषकों और आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करने वाले देशों को अलग-थलग कर दुनिया के सामने बेनकाब करना चाहिए। भारत की तरफ से अपने दो करीबी दुश्मन देशों को यह संदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से दिया गया है।

जिसे अस्ताना में एससीओ शिखर सम्मेलन में प्रत्यक्ष रूप से मौजूद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत समूह के अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों के समक्ष पढ़कर सुनाया। इस दौरान उन्होंने एससीओ को यह भी याद दिलाया कि इस संगठन का एक वास्तविक लक्ष्य आतंकवाद का विरोध करना है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। यहां बता दें कि एससीओ शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाग न लेने के निर्णय के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अस्ताना में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। वह दो जुलाई को कजाकिस्तान पहुंच गए थे।

क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है आतंकवाद इसके समर्थकों को अलग-थलग कर बेनकाब करना चाहिए



### सीपीईसी-बीआरआई पर चीन को घेरा

मंत्रालय ने बताया कि एससीओ में भारतीय विदेश मंत्री ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) और बेल्ट व रोड़ कदम (बीआरआई) को लेकर चीन का नाम लिए बगैर उसे स्पष्ट रूप से संदेश देते हुए कहा कि कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी हुई परियोजनाओं में संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना बेहद जरूरी है। इनमें गैर भेदभावपूर्ण व्यापार के अधिकार और आवागमन तंत्र होना चाहिए। आर्थिक विकास के लिए कनेक्टिविटी की आवश्यकता है। इससे समाजों के बीच सहयोग और विश्वास बढ़ेगा। इसे देखते हुए एससीओ को गंभीरता के साथ इन सभी मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। सीपीईसी चीन के शिनजियांग प्रांत को पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित ग्वादर बंदरगाह से सीधे जोड़ता है। इसके तहत ड्रैगन ने पाकिस्तान में बिजली परियोजनाओं और सड़क नेटवर्क स्थापित करने के लिए 65 बिलियन डॉलर की धनराशि का निवेश किया है। साथ ही बीआरआई के लिए चीन ने एशिया, अफ्रीका और यूरोप के कई देशों में निवेश किया है। सीपीईसी चीन की महत्वाकांक्षी बीआरआई परियोजना का हिस्सा है। भारत चीन की इस परियोजना का घोर विरोधी रहा है। क्योंकि सीपीईसी पाक अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है।

### एससीओ को दिलाई सिद्धांतों की याद

जयशंकर ने कहा कि एससीओ एक सिद्धांतवादी संगठन है। इसमें बनी आमराय सदस्यों के विचारों, पहुंच को गति प्रदान करती है। इस समय ध्यान देने योग्य बात यह है कि हम सभी संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, समानता, आपसी लाभ और आंतरिक मामलों में दखल न देने को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर कर रहे हैं। किसी के खिलाफ बल प्रयोग न करने और बल प्रयोग के लिए धमकी का इस्तेमाल न करना ही हमारी विदेश नीति का आधार है। इसके अलावा हम इस बात पर भी सहमत हैं कि किसी अन्य देश के खिलाफ संप्रभुता और परंपरागत अखंडता के सिद्धांत का कोई उल्लंघन नहीं किया जाएगा। एससीओ सम्मेलन एक ऐसे समय में हो रहा है जब हाल ही में हम महामारी से उभरे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### चीन-पाक ने यूएन में रोके भारत के प्रस्ताव

*पीएम मोदी के संदेश के हवाले से विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि आतंकवाद को लेकर हममें से कई के अनुभव रहे हैं। इनमें से कुछ की शुरुआत सीमाओं से परे हुई है। ऐसे में ये सभी को स्पष्ट होना चाहिए कि अगर इसे जांचा नहीं गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। आतंकवाद का किसी भी रूप में समर्थन नहीं किया जा सकता है। चीन और पाक द्वारा संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तानी आतंकियों पर प्रतिबंध लगाने के भारत के प्रस्तावों में अड़ंगा डाला जाता है। सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ सख्त रवैया अपनाए जाने और आतंकवाद के वित्त पोषण, आतंकियों की भर्ती पर रोक लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें हमारे युवाओं में कट्टरता के प्रसार पर रोक लगाने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। भारत ने यही प्रतिबद्धता पिछले साल संगठन की अध्यक्षता के दौरान हुई राष्ट्राध्यक्षों की बैठक के बाद जारी किए गए साझा बयान में भी शामिल की गई थी। एससीओ लोगों को एकजुट करने, सहयोग बढ़ाने, विकास और समृद्ध बनाने के साथ ही समस्त विश्व को परिवार समझने के सिद्धांत को आगे बढ़ाने के लिए एक अनोखा मंच प्रदान करता है।*

शिक्षा मंत्री ने की एनसीईआरटी की समीक्षा

## जल्द पेश की जाएंगी क्लास 3 और 6 की नई किताबें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को यहां एक बैठक में नए पाठ्यक्रम ढांचे के अनुसार स्कूली पाठ्यपुस्तकों के विकास की समीक्षा की। यह बैठक कक्षा-6 की पाठ्यपुस्तकों के आने में देरी की पृष्ठभूमि में हुई, जिन्हें अप्रैल से पढ़ाया जाना था और जो अभी तक बाजार में नहीं आई हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने पहले घोषणा की थी कि कक्षा 3 और 6 के लिए नई पाठ्यपुस्तकें 2024-25 शैक्षणिक सत्र से पेश की जाएंगी। शिक्षा मंत्रालय (एमओई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए, कक्षा 3 और 6 में नई और आकर्षक पाठ्यपुस्तकें पेश की जाएंगी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

12 जुलाई को अनंत-राधिका की शादी

## अंबानी ने सोनिया-राहुल को घर जाकर दिया न्यौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एशिया की सबसे अमीर शख्सियतों में शुमार मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का जश्न शुरू हो गया है। 12 जुलाई को दोनों शादी के बंधन में बंध जाएंगे। इस शादी के लिए देश-विदेश के नामचीन व्यक्तियों को निमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। वहीं, कुछ मेहमानों ▶▶ शेष पेज 5 पर

■ पहले वे एकनाथ शिंदे के घर पहुंचे थे

### धूमधाम से हुआ था प्री-वेडिंग फंक्शन

*इस साल मार्च में राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी का पहला प्री वेडिंग फंक्शन गुजरात के जामनगर में आयोजित हुआ था। इसके बाद हाल ही में इटली में इस कपल का दूसरा प्री वेडिंग फंक्शन संपन्न हुआ था।*

लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था पार्टी हारी तो छोड़ दूंगा मंत्री की कुर्सी

## जुबान के धनी निकले किरोड़ी लाल, भाजपा दौसा हार गई तो दिया मंत्री पद से इस्तीफा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑफ द रिकार्ड बात करने की बजाय खुलेआम बात कहने की फितरत भाजपा नेता किरोड़ीलाल मीणा के किरदार में रची बसी है। जो कहा है वो करना है, इससे चाहे नुकसान हो या किसी को बुरा लगे ये मीणा ने जबतब साबित भी किया है। लेकिन इस बार उन्होंने राजनैतिक नेताओं के लिए एक ऐसी मिसाल कायम की है जिसकी हिम्मत कोई बिरला ही कर सकता है।

■ भाजपा हाईकमान मीणा को मनाने में जुटा

मीणा ने लोकसभा चुनाव में कहा था कि अगर दौसा संसदीय सीट पर भाजपा हारी तो वे राजस्थान सरकार में मंत्री के अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। भाजपा ये चुनाव कांग्रेस से हार गई थी। अपनी बात का कौल रखते हुए अब किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद छोड़ दिया है। दिल्ली में भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उन्हें इस्तीफा वापस लेने के



लिए मनाने में जुटा है। मीणा टस से मस नहीं हो रहे हैं। राजस्थान के कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने बृहस्पतिवार को बताया कि उन्होंने मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा करीब 10 दिन पहले ही सौंप दिया है, हालांकि उनका इस्तीफा अभी स्वीकार नहीं किया गया है। मीणा ने यह इस्तीफा दौसा लोकसभा सीट पर भाजपा की हुई हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए दिया है। मीणा ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि अगर भाजपा उम्मीदवार दौसा सीट हार गया तो वे मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। हालांकि बाद में उन्होंने घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें सात सीटों की जिम्मेदारी सौंपी है। इन सीटों पर भी अगर भाजपा हारी तो वे मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। चुनाव में भाजपा दौसा के साथ-साथ करौली-धौलपुर, टोंक-सवाई माधोपुर और भरतपुर सीट भी हार गई। राजस्थान की राजनीति में पूर्वी राजस्थान के इस हिस्से को कांग्रेस नेता सचिन पायलट और किरोड़ी लाल मीणा के गढ़ के रूप में देखा जाता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को इस इलाके में हार का सामना करना पड़ा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी पूर्वी राजस्थान से ही आते हैं।

किरोड़ी लाल मीणा राजस्थान की राजनीति में जनजातियों खासकर मीणाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। राजस्थान की आबादी में जनजाति की आबादी 13 फीसदी से अधिक है और इनमें मीणा आबादी करीब छह फीसदी है। भाजपा हाईकमान फिलहाल मीणा को मनाने की कोशिश कर रहा है। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अगर मीणा का ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 5 महीने 'जेल' में रहने के बाद सोरेन तीसरी बार बने मुख्यमंत्री

एजेंसी ▶▶ रांची

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजभवन में राज्यपाल ने गुरुवार को शाम करीब पांच बजे पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। 28 जून को करीब पांच महीने बाद जेल से रिहा किया गया था। जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में अदालत से जमानत मिलने बाद उन्हें जेल ▶▶ शेष पेज 5 पर



## अब शपथ के बाद मनमुताबिक नारे नहीं लगा पाएंगे नवनिर्वाचित सांसद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

18 वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान शपथ ग्रहण के दौरान कई सदस्यों ने शपथ प्रारूप से हटकर नारे लगाए तो बड़ा विवाद पैदा हुआ था। लेकिन भविष्य में शपथ लेते समय सांसद प्रारूप से बाहर किसी शब्द का इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ने ओम बिरला ने सांसदों के शपथ ग्रहण को लेकर नियम को बदलते हुए इसे और ज्यादा कठोर बना दिया है। नए नियम के मुताबिक, अब भविष्य में शपथ लेने वाले निर्वाचित सांसदों को संविधान के अंतर्गत शपथ के प्रारूप के अनुसार ही शपथ लेनी होगा। अब सांसद शपथ लेते समय न तो नारे लगा पाएंगे और न ही अपने शपथ में कोई और शब्द जोड़ पाएंगे। अगर कोई सदस्य ऐसा करेगा तो अध्यक्ष के पास संबंधित सदस्य के ▶▶ शेष पेज 5 पर



आईजी ने कहा कि हम 'भोले बाबा' के आपराधिक इतिहास की जानकारी निकाल रहे, उनके नाम पर कार्यक्रम की कोई अनुमति नहीं ली गई थी

# सत्संग की आयोजन समिति के छह लोग गिरफ्तार मुख्य आरोपी पर एक लाख का इनाम घोषित किया

आईजी शलभ माथुर ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 110, 126(2), 223 और 238 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया

एजेंसी ▶▶ हाथरस

हाथरस भगदड़ मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अब तक इस घटना में आयोजन समिति से जुड़े छह सेवादारों को गिरफ्तार किया गया।

वहीं, इस घटना के मुख्य आयोजक-मुख्य सेवादार की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपए के इनाम की घोषणा की गई है। गिरफ्तार लोगों में उपेंद्र, मंजू यादव, मुकेश कुमार शामिल हैं। घटना पर अलीगढ़ के आईजी शलभ माथुर ने कहा कि जोन स्तर पर सभी जिलों में एसओजी की ▶▶ शेष पेज 5 पर



### संत प्रेमानंद ने रात्रि पदयात्रा की बंद रास्ते में न हों खड़े, न ही लगाएं भीड़



**मथुरा।** हाथरस में सत्संग स्थल पर हुई भगदड़ की घटना के बाद वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज अब रात्रि के समय सड़क पर अनिश्चित काल के लिए भक्तों से नहीं मिलेंगे। उन्होंने भक्तों से रात्रि के समय संत दर्शन के लिए रास्ते में खड़े न होने और भीड़ लगाने से मना किया है। संत प्रेमानंद के रमणेरती क्षेत्र स्थित श्रीहित राधा केली कुंज आश्रम से जारी पत्र में कहा गया कि हाथरस में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और हृदय विदारक ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पार्क में बैठे युवक को नाबालिगों ने मारे चाकू, आईसीयू में भर्ती

**नई दिल्ली।** हजरत निजामुद्दीन बस्ती इलाके में बुधवार रात पार्क में बैठे 23 वर्षीय साहिल पर दो नाबालिगों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। युवक को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक आईसीयू में भर्ती है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हत्या के प्रयास का मामला दर्ज पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक साहिल अपने परिवार के साथ हजरत निजामुद्दीन बस्ती में रहता है। परिवार में 55 वर्षीय पिता अब्दुल सलाम, मां और दो बड़े भाई है। साहिल भाईयों में सबसे छोटा है। करीब 10 से 12 महीने पहले भी बदमाशों ने साहिल पर हमला किया था। साहिल के पिता ठेके पर पेंट करवाने का काम करते है। बुधवार रात साहिल पार्क में अकेला बैठा था। तभी गली में ही रहने वाले दो नाबालिग लड़कों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किये। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। वारदात किस वजह से अंजाम दी गई वजह अभी पता नहीं चल पाई है।

### ईस्ट ऑफ कैलाश: चार घंटे में 40 फायर कर्मियों की टीम ने पाया आग पर काबू

# बिल्डिंग में लगी आग, लड़की करवाई रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




ईस्ट आफ कैलाश इलाके में गुरुवार सुबह एक बिल्डिंग में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बिल्डिंग के सभी फ्लोर आग ने चपेट में ले लिये। मौके पर पहुंचे 40 फायर कर्मियों की टीम ने चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ऊपरी मंजिल पर फंसी हुई एक लड़की का सकुशल रेस्क्यू भी दमकल विभाग की टीम ने करवाया। लड़की धुएं की वजह से ऊपर ही फंस गई थी और लगातार रो रही थी। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह 5:50 पर आग लगने की सूचना मिली थी। बताया गया कि ईस्ट आफ कैलाश के एफ-46 नंबर मकान में आग लगी है। तुरंत अलग-अलग फायर स्टेशनों से आग बुझाने वाली आठ गाड़ियां मौके पर भेजी गई। असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर यशवंत सिंह मीणा सहित 40 फायर गाड़ियों की टीम आग बुझाने में जुटी रही। सुबह 9:50 पर आग पर काबू पाया गया, आग अपर ग्राउंड फ्लोर से शुरू हुई थी, जो फर्स्ट, सेकंड और थर्ड फ्लोर तक पहुंच गई। ऊपरी मंजिल पर एक लड़की फंस गई थी। वह लगातार रो रही थी, जिसे ट्रंक ट्रैवल लेडर गाड़ी की मदद से रेस्क्यू किया गया। यह बिल्डिंग बेसमेंट, अपर ग्राउंड से लेकर तीसरी मंजिल तक बनी हुई है। राहत की बात रही कि इसमें कोई हताहत या घायल नहीं हुआ है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी।

## अस्पताल में आग लगने की घटना में झुलसी बच्ची अब भी कर रही है जीवन के लिए संघर्ष

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली में बच्चों के एक अस्पताल में लगभग एक महीने पहले आग लगने की घटना में झुलसी बच्ची अब भी अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रही है। बच्ची के पिता ने बताया कि उसकी बेटी को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। बच्ची के माता-पिता राकेश और करिश्मा ने उस भयावह रात को याद करते हुए कहा कि उन्हें याद है जब वे अस्पताल की बालकनी के बाहर खड़े होकर यह जानने की कोशिश कर रहे थे कि उनका पहला बच्चा जीवित है या नहीं। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में 26 मई को 'बेबी केयर न्यू बोर्न' अस्पताल में आग लगने की घटना में सात शिशुओं की मौत हो गई थी और पांच बच्चे झुलस गए थे। पांच में से चार बच्चों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी थी।

### चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में इलाज जारी

बच्ची के पिता राकेश ने कहा कि आग लगने की घटना के बाद मेरी बेटी को अभी भी सांस लेने में दिक्कत हो रही है। हालांकि, उसके शरीर पर जलने के निशान ठीक हो रहे हैं। उसका अभी भी चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में इलाज जारी है। राकेश ने कहा कि वह अपनी बच्ची के भविष्य को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने उसे जलने के निशानों के बारे में कभी नहीं बताने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि वह उन माता-पिता के लिए भी न्याय चाहते हैं जिन्होंने आग की घटना में अपने बच्चों को खो दिया है। राकेश ने कहा कि फिलहाल, मैं और मेरी पत्नी अस्पताल में अपना पूरा समय दे रहे हैं। बच्ची की सेहत पर ध्यान दे रहे हैं। पुलिस ने पहले कहा था कि घटना की जांच के दौरान उसे पता चला कि अस्पताल का लाइसेंस समाप्त होने के बावजूद भी इसका संचालन किया जा रहा था।

## अवैध निर्माण के मामलों में 'मोहरों' की तरह अदालतों का इस्तेमाल किया जा रहा है: हाईकोर्ट

### पीठ ने एमसीडी आयुक्त को फटकार लगाई, दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को राजधानी में अवैध और अनधिकृत निर्माणों को लेकर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) आयुक्त को फटकार लगाई और कहा कि इस प्रक्रिया में अदालतों का इस्तेमाल मोहरों के तौर पर किया जा रहा है।

कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में बाढ़ का एक कारण यह है कि अनधिकृत निर्माण के कारण पानी की निकासी अवरुद्ध हो गई है और उसने नगर निगम प्रमुख से दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। पीठ ने कहा कि उसने देखा है कि कुछ वकील भी अनधिकृत निर्माण के मामलों में भयदोहन कर पैसा ऐंठ रहे हैं तथा अदालती प्रक्रिया का दुरुपयोग किया जा रहा है। पीठ ने निगम आयुक्त से कहा कि हमें इस पूरे मामले में मोहरे की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। हम इस मिलीभगत को खत्म करना चाहते हैं, यह एक बड़ा गठजोड़ है। व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। आप कुछ करें और अपने अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने अदालत के निर्देश के अनुपालन में कार्यवाही में डिजिटल माध्यम से शामिल हुए एमसीडी के आयुक्त अश्विनी कुमार को प्रेरित याचिकाएं दायर करने के बारे में अवगत कराया, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि अवैध और अनधिकृत निर्माण का तथ्य विवाद में नहीं है।



### अवैध निर्माण हैं बाढ़ का कारण

पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता और एमसीडी के अधिकारी अपने परोक्ष उद्देश्यों और धन उगाही के लिए अदालतों का रणनीतिक उपकरण के रूप में उपयोग कर रहे हैं। पेशेवर लोग अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ कई याचिकाएं दायर कर रहे हैं। हम एक अजीब स्थिति में फंस गए हैं। अगर हम कार्रवाई करते हैं, तो वे संपत्ति के मालिक से पैसे ऐंठने लगते हैं। अगर हम कार्रवाई नहीं करेंगे तो अनधिकृत निर्माण बना रहेगा। अदालत ने कहा कि दिल्ली में बाढ़ इसलिए आई क्योंकि पानी के निकास मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। नालियां जाम हो गई हैं। यह अनधिकृत निर्माणों के कारण हुआ है। सार्वजनिक भूमि और नालों पर मकान और इमारतें बना दी गई हैं, जिससे पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं बचा है। उसने शहर में हो रहे अनधिकृत निर्माणों के प्रति आंखें मूंद लेने के लिए एमसीडी अधिकारियों पर सवाल उठाया और कहा कि यह अफसरों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। पीठ द्वारा उठाई गई चिंताओं का जवाब देते हुए आयुक्त ने अदालत को आश्वासन दिया कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि नगर निगम अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करेगा और उन्हें हटा दिया जाएगा। अदालत 20 वर्षीय एक महिला द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यहां पहाड़गंज में एक भूमि पर किए जा रहे अवैध और अनधिकृत निर्माण को रोकने और उसे ध्वस्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। सुनवाई के दौरान एमसीडी के वकील ने दलील दी कि याचिका गलत इरादे से प्रेरित है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नामः स्वाति वशिष्ठ, पत्नीः चेतन शर्मा, निवासीः ए-33, डीडीए एचआईजी फ्लैट्स, जसोला विहार, दिल्ली और चेतन शर्मा, पुत्रः सतेंद्र शर्मा, निवासीः ए-33, डीडीए एचआईजी फ्लैट्स, जसोला विहार, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.204/2017 दिनांक 01.06.17, U/s 323/509/34** के तहत एक मामला **थाना सनलाइट कलोनी, नई दिल्ली** में दर्ज में किया गया है और इसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **स्वाति वशिष्ठ और चेतन शर्मा** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **स्वाति वशिष्ठ और चेतन शर्मा** फरार हो गये (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए खुद को छुपा रहे है)। इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त आरोपी **स्वाति वशिष्ठ और चेतन शर्मा** को इस न्यायलय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्रीमति अनम रईस ख़ान**
**एम.एम/महिला कोर्ट 01, कमरा न. 506**
**साकेत कोर्ट कॉपलेक्स, नई दिल्ली**

**DP/8193/SE/2024**


## केएन काटजू मार्ग इलाके में युवक ने गोली मारकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



केएन काटजू मार्ग इलाके में एक युवक ने खुद को गोली मार खुदकुशी कर ली। मृतक सुनील ठाकुर बरेली, यूपी का रहने वाला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्चरी भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार सुबह 8 बजकर 44 मिनट पर केएन काटजू थाने को इस घटना की सूचना मिली। बताया गया कि सेक्टर 17 रोहिणी में गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस मौके पर पहुंची जहां एक बिल्डिंग की सीढ़ी पर युवक घायल व अचेत हालत में पड़ा मिला। उसे फौरन नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास से एक नोट मिला है। नोट को जब्त कर फॉरेन्सिक लैब भेजा गया है, ताकि पता लगाया जा सके कि यह लिखावट उसकी खुद की है या किसी और की। पुलिस को घटनास्थल से एक पिस्टल व गोली का खोल भी बरामद हुआ है। सुनील प्रावइेट नौकरी करता था। किन परिस्थितियों मे उसने यह कदम उठाया पुलिस अब इसकी पड़ताल कर रही है।

## नोएडा : अलग-अलग मामलों में चार लोगों ने की आत्महत्या

**एजेंसी. नोएडा।** नोएडा में बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक अलग-अलग मामलों में एक छात्र, एक छात्रा, एक ठेकेदार व एक विवाहिता ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना सेक्टर 24 के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि मनीष कुमार (19) नामक मैनेजमेंट छात्र ने बीती रात अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि मृतक ने एक सुसाइड नोट लिखा है जिसमें उसने अपने परिजनों को संबोधित करते हुए कहा है कि वह पढ़ना नहीं चाह रहा था और परिजन उसे जबरदस्ती पढ़ाना चाह रहे हैं। थाना ईकोटेक- 3 क्षेत्र के सुत्याना गांव स्थित सरस्वती एंक्लेव में रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा ने बीती रात कथित रूप से मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने यह जानकारी दी। थाना बिसरख क्षेत्र में रहने वाली 29 वर्षीय एक महिला ने भी कथित रूप से अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि नीलम यादव पत्नी विपिन यादव मूल रूप से सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद की रहने वाली थी। थाना प्रभारी ने बताया कि यह पारिवारिक कलह के कारण खुदकुशी का मामला हो सकता है। उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच करेगी। थाना कासना क्षेत्र में रहने वाले एक ठेकेदार ने गुरुवार सुबह आत्महत्या कर ली। थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मेरठ जिले के सरधना का मूल निवासी राकेश (32) यहां एक फैक्ट्री में ठेकेदारी करता था। पुलिस ने कहा कि उसने गुरुवार सुबह 4 बजे अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि आत्महत्या के कारण का अभी तक पता नहीं चला है।


**हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा समिति (एचएसटीईएस) पंचकूला**
**टोल फ्री प्रवेश हैल्पलाइन नं.: 1800-137-3735**

**सार्वजनिक सूचना**

**सत्र 2024-25 हेतु डिप्लोमा इंजी. कोर्स प्रवेशों हेतु**

- वेबसाइट अर्थात **www.techadmissionshry.gov.in** पर ऑनलाइन पंजीकरण हेतु अन्तिम तिथि 08.07.2024 है।
- पंजीकरण के पश्चात नामांकित केन्द्र (सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त बहुतकनीकीयों) में क्वालीफाइंग परीक्षा के प्रमाणीकरण हेतु अन्तिम तिथि 09.07.2024 है।
- केन्द्रीयकृत काउंसलिंग 12.07.2024 से प्रारम्भ होगी।

techadmissionshry.gov.in
www.hstes.org.in

संवाद-2238/11/12/2025/27394/सी/88/7 दि. 02.07.24
संयुक्त निदेशक, एचएसटीईएस


### बाड़ा हिंदूराव इलाके का मामला

# 10 लाख रुपये की लूट में शामिल तीन बदमाश दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



**वारदात में इस्तेमाल बाइक और 7,71,500 रुपए बरामद**

बाड़ा हिंदूराव इलाके में 10 लाख की लूट में शामिल तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम गिरोह सरगना तरुण, हिमांशु व मोनू है। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्टल और तीन कारतूस बरामद किए है। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल बाइक और 7,71,500 रुपये कैश भी बरामद हुआ हैं। पुलिस के मुताबिक 20 जून को रात करीब 8:14 बजे पर बाड़ा हिंदू राव थाने को डीसीएम रोड पर दो अज्ञात बाइकर्स द्वारा बंदूक की नोक पर नकदी से भरा बैग लूटने के संबंध पीसीआर कॉल मिली थी।

पुलिस मौके पर पहुंची, जहां शिकायतकर्ता प्रवीण मिला। उसने बताया कि वह सी ब्लॉक नांगलोई में रहता है। वह पश्चिम विहार निवासी मनोज और पंकज के लिए कलेक्शन एजेंट का काम करता है। वह कूचा घासी राम, लाहौरी गेट से 10 लाख कैश लेकर पटेल नगर इलाके में पहुंचाने जा रहा था। शाम लगभग 6 बजे जब वह डीसीएम रोड, बाड़ा हिंदू राव, डीसीएम मॉल गेट के पास पहुंचा तभी यह वारदात हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। जांच के दौरान पुलिस ने लगभग 500 से ज्यादा बाइक का विश्लेषण किया और फिर दो संदिग्धों की पहचान सुनिश्चित कर ली। वारदात में इस्तेमाल बाइक को पिछले महीने ही शकरपुर क्षेत्र से चुराया गया था। पुलिस को पता चला कि वारदात में शामिल गैंग का सरगना तरुण सहगल है। वह सिविल लाइंस एरिया में सवा करोड़ की लूट में भी शामिल रह चुका है। पुलिस ने आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा उन्हें अरेस्ट कर लिया। मोनू 15 मामलों में शामिल रहा है, जबकि दोनों अन्य आरोपियों पर भी कई केस दर्ज मिले हैं।

## हत्थे चढ़ा एटीएम मशीन चोरी करने वाले मेवाती गैंग का बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने मेवाती गैंग के एक बदमाश को अरेस्ट किया है। इसने अपने साथी के साथ मिलकर पश्चिम विहार इलाके से एटीएम मशीन चोरी की थी। उस वक्त मशीन में 6,10,000 रुपए थे। आरोपी आकिब (26) भिवाड़ी, राजस्थान का रहने वाला है। आजकल यह गैंग किसी दूसरी एटीएम मशीन पर हाथ साफ करने की योजना बना रहा था।
डीसीपी राकेश पावरिया के अनुसार वारदात 30 मई को पश्चिम विहार ईस्ट थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई थी। बदमाश मीरा बाग इलाके से एचडीएफसी बैंक की एटीएम मशीन ही चुरा ले गए थे। इस घटना को लेकर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। क्राइम ब्रांच सर्दन रेंज के एसीपी नरेश सोलंकी की टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। लोकल इंटेलीजेंस और टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से बदमाशों के बारे में जानकारी जुटायी। पुलिस को जानकारी मिली कि इस वारदात में मेवाती गिरोह का हाथ शामिल है। गैंग सरगना इमरान उर्फ इम्मा पलवल हरियाणा का रहने वाला है। वह एटीएम मशीन चोरी से जुड़े 10 मामलों में शामिल रह चुका है। गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों में भिवाड़ी राजस्थान निवासी आकिब (इमरान का जीजा) व हथीन हरियाणा निवासी अनीस भी शामिल है। इस गैंग के बारे में जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने आकिब के घर रेड कर उसे दबोच लिया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | गांव दोदवा, ब्लॉक सोनीपत में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण, एचजीवीवाई + 8 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 34.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | खोखर गांव :- गांव खोखर जिला सिरसा में 1 अदद एस/एस टैंक, 1 अदद आरसीसी फिल्टर बैड के निर्माण, पम्पिंग मशीनरी का पी एवं एफ, आरसीसी चैनल का प्रावधान व बिछाना, वितरण प्रणाली बिछाना, हैडवर्क्स पाइप लाइन और 2 अदद एस/एस टैंक की मरम्मत हेतु डीएनआईटी। सीएच. टू : खोखर :- वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण और जलापूर्ति स्कीम के संवर्धन, पुनरोद्धार हेतु आकलन (माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जन संवाद के दौरान मांग) [कार्य कोड-पीयूएच/2023-24/66160] {हैड पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी- ग्रामीण जल आपूर्ति (एसपी)-जल आपूर्ति संवर्धन} + 2 कार्य। | 02.07.2024 09.07.2024 | 138.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | जलापूर्ति लक्कड़वाली और नौरंग का वार्षिक रखरखाव। "जलघर लक्कड़वाली और जलघर नौरंग में गैसीयस टाइप फुल वैक्यूम क्लोरीनेशन सिस्टम का व्यापक रखरखाव और क्लोरीन गैस सिलैंडरों की रिफिलिंग और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" (2024-2029 5 वर्ष की अवधि के लिए) + 7 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 68.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चिटाना, ब्लॉक सोनीपत में स्वागत द्वार का निर्माण + 10 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 83.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2023-24 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न 4 अदद सड़कों के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा एस/आर। हस्सनपुर जटोली रोड (आईडी 3489) आरडी 0.70 से 2.50 कि.मी., बेधा पट्टी (होडल हसनपुर रोड से भुलवाना रेलवे फाटक तक) (आईडी 9223) आरडी 0.00 से 1.60 किमी. पर सीसीपी और 50 मिमी डीबीएम जमा 30 मिमी बी.सी. सहित, लिंक से गढ़ी पट्टी होडल (एचएसआर 3443) कि.मी. 0 से 2.98 किमी. और होडल से डडका (आईडी 10713) कि.मी. 0 से 3.89 कि.मी. पर सीसीबी पुनः बिछाना (हैड 5054-ग्रुप-5 के तहत) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 13.07.2024 | 641.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव मोहना, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में दानी के निकट जाट चौपाल का निर्माण (डी.प्लान) सामान्य + 1 कार्य। | 02.07.2024 08.07.2024 | 36.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव भुआपुर, ब्लॉक तिगांव, जिला फरीदाबाद में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण। | 02.07.2024 08.07.2024 | 9.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज फरीदाबाद | फरीदाबाद जिले में 15 गांवों अरूंवा, चांदपुर, खंडावाली, अटाली, आलमपुर, बिजोपुर, समयपुर, खेड़ी गुजरान, भुआपुर, जुन्हेरा, मंझावाली, भासकोला, मंगेर, जीएम बाड, जवान में फिरनियों पर नये पीसीसी पोल्स की रचना और एलईडी लाइटों की स्थापना, फिटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 02.07.2024 11.07.2024 | 82.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | जुरासी खुर्द (शिवधाम) 7.05 पेहोवा - शमशानघाट में शैड, बरामदा का निर्माण + 9 कार्य। | 02.07.2024 18.07.2024 | 68.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@gmail.com |
| 10 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | ट्रांसासिया कम्पनी के सेमी ऑटोमेटिक और फुल्ली ऑटोमेटिक बायो कैमिस्ट्री एनालाइजर तथा सीबीसी 3 पार्ट्स, 5 पार्ट्स मशीन हेतु रीजेंट /किट की खरीद हेतु दर अनुबंध। | 04.07.2024 15.07.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416590014 dhs.cshsr@hry.nic.in |
| 11 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | मॉलीक्यूलर लैब रीजेंट्स एचसीवी, एचबीएसएजी स्वाइन फ्लू इत्यादि और छोटे उपकरणों इत्यादि के लिए दर अनुबंध। | 04.07.2024 15.07.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416590014 dhs.cshsr@hry.nic.in |
| 12 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | नाथोर और सैनपाल :- गांव नाथोर और सैनपाल हेतु आकार 21'×30'×10' के एक अदद सम्प वैल, आयरन गेट सहित चारदिवारी का निर्माण, हैडवर्क्स पाइप लाइन बिछाना, सी.सी. रोड और पथ, 400 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप इनलेट चैनल बिछाना, आकार 10'×12' के एक अदद पम्प चेम्बर का निर्माण, पेंटिंग और डिस्टेम्परिंग, पम्पिंग सैट मशीनरी का प्रावधान व स्थापना, डी.आई. राइजिंग मेन बिछाना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 03.07.2024 10.07.2024 | 53.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमण्डल, गोहाना में गांव बरोदा में बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु नये पम्पों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 09.07.2024 | 57.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 14 | पंचायती राज राजौंद, कैथल | कर्मबीर पुत्र दरिया के खेत से लायक राम पुत्र गुरदयाल सिंह के खेत तक ड्राई ब्रिक रास्ता का निर्माण (खेड़ी सिम्बालवाली) + 3 कार्य। | 02.09.2024 09.07.2024 | 37.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज सोनीपत | गांव मंदोरा, ब्लॉक खरखौदा में आयुष डिस्पेंसरी का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 60.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज सोनीपत | गांव झरोठी, ब्लॉक खरखौदा में फिरनी का निर्माण + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 94.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज सोनीपत | गांव फतेहपुर में आईपीबी फिरनी का निर्माण + 10 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 630.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव शिशवाला ब्लॉक झोझू कलां, जिला चरखी दादरी में रूपाना तालाब के अमृत सरोवर का अतिरिक्त कार्य (एमजीएनईआरईजीए) + 19 कार्य। | 011.07.2024 16.07.2024 | 693.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज नारनौल | ब्लॉक नारनौल और सिहमा, जिला महेन्द्रगढ़ फेज द्वितीय-10 अदद गांवों में स्ट्रीट लाइट कार्य + 3 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 275.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmailc.om |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
पीआरडीएच-11/2025/380/27473/I/88/7 दि. 04.07.24

## वाहनों की गति रुकी, 4 दिन ऐसे ही रहेगा मौसम

# दिल्ली में कई जगह हुई बारिश ने उमस से दी राहत

हरिभूमि न्यूज,एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में गुरुवार को कई जगहों पर रह रहकर बारिश दर्ज हुई। बारिश के चलते लोगों को जहां एक तरफ भारी उमस से काफी हद तक राहत मिली। वहीं दूसरी तरफ बारिश के चलते अनेक जगह जलभराव की वजह से वाहनों की गति पर ब्रेक भी लग गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले चार से पांच दिन मौसम ऐसे ही राहत भरा रह सकता है। कई दिन बाद मौसम विभाग की भविष्यवाणी सही साबित हुई और दिल्ली में सुबह से ही बारिश देखने को मिली। दिल्ली वाले जब सुबह सोकर उठे तो कई जगह बारिश ने स्वागत किया। जिसके बाद दिनभर मौसम सुहावना बना रहा और रह रहकर बारिश ने मानसून आने की पुष्टि की। इस बारे में प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि बारिश को लेकर पहले ही येलो अलर्ट जारी किया गया था। बारिश के चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज गई है। आईएमडी ने बताया कि अधिकतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस नीचे लुढ़ककर 31.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान भी 3 डिग्री सेल्सियस लुढकर 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटे में दिल्ली में करीब 9.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। जबकि सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच 0.6 मिमी बारिश देखने को मिली। दिल्ली में सबसे ज्यादा बारिश आया नगर में 40.8 मिमी भारी बारिश दर्ज हुई। जबकि पालम में 17.4 मिमी, लोधी रोड में 7.4 और रिज एरिया में 5.6 मिमी बारिश दर्ज गई। आईएमडी के अनुसार हवा में आद्रता का स्तर 100 प्रतिशत दर्ज हुई। आईएमडी ने अनुमान जताते हुए कहा कि अगले तीन चार दिन रोज रह रहकर बारिश दस्तक देती रह सकती है। शुक्रवार को भी दिल्ली में बारिश को लेकर आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि शुक्रवार से अगले चार पांच दिन के लिए आईएमडी ने हल्की बारिश को लेकर ग्रीन अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़त संभव है।





### मानसून में जानवरों को स्वस्थ रखने के लिए अपनाई जा रहीं आयुर्वेदिक पद्धतियां

दिल्ली चिड़ियाघर के अधिकारी बारिश के मौसम में जानवरों को स्वस्थ रखने और उन्हें जीवाणु तथा विषाणु संक्रमण से बचाने के लिए नीम के तेल, हल्दी और चूना के साथ ही विभिन्न आयुर्वेदिक पद्धतियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हम इस मौसम में जानवरों को स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए तैयार हैं। हम नीम के तेल जैसे कुछ भारतीय घरेलू चीजों का इस्तेमाल करेंगे जो जानवरों को मच्छरों सहित विभिन्न कीट-पतंगों से बचाने में मदद करेंगे। कुमार ने कहा कि नीम का तेल कीटाणुनाशक और मक्खी भगाने वाले औषधीय गुणों के रूप में काम करता है और हल्दी का उपयोग संक्रमण और घावों के इलाज के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हल्दी, सूजनरोधी और उपचारात्मक गुणों के लिए जानी जाती है। उन्होंने बताया कि हल्दी लगाने से चोट और घाव जल्द भर जाते है। भारी बारिश के कारण चिड़ियाघर के कुछ हिस्सों में अक्सर जलभराव हो जाता है जिससे मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। इससे निपटने के लिए इन क्षेत्रों में चूने का छिड़काव किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि हम मच्छरों को पनपने से रोकने और जानवरों को सुरक्षित रखने के लिए जलभराव वाले स्थानों पर चूने का उपयोग कर रहे हैं।'' शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में हुई भारी बारिश का असर दिल्ली के चिड़ियाघर में देखने को मिला था। बारिश का पानी सुन्दरनगर की ओर से चिड़ियाघर की चारदीवारी में घुसने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे बिजली घर क्षेत्र जलमग्न हो गया और ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचा। इससे जानवरों के बाड़े, प्रशासनिक कार्यालय और कर्मचारियों के आवास प्रभावित हुए।

### निगम द्वारा नालों की 100 प्रतिशत सफाई में कोर्ट को भ्रष्टाचार का संदेह, कांग्रेस लाएगी सच सामने: यादव

मानसून से पहले नालो से गाद निकालने को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल खड़े किए है। यादव ने कहा कि दिल्ली नगर निगम द्वारा 713 नालों की 100 प्रतिशत सफाई पर हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार का संदेह जताया है इसलिए ऑडिट के निर्देश दिए है। उन्होंने केजरीवाल सरकार को घेरते हुए कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार हर मोर्चे पर चौतरफा से विफल हुई जिससे राजधानी बदहाल हो गई है। यादव ने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि निगम द्वारा नालों की सफाई का आर.डब्लू.ए. के साथ मिलकर ऑडिट कराया जाना चाहिए जिससे सच सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार सहित दिल्ली नगर निगम के 100 प्रतिशत गाद निकालने के दावा की पोल मानसून की पहली ही बारिश में खुल चुकी है, जब पूरी दिल्ली डूब गई थी। उन्होंने कहा कि अगर निगम द्वारा 713 नालों से 86 हजार 690.04 मीट्रिक टन गाद वास्तविकता में निकाली होती तो दिल्ली की बदहाली का ऐसा मंजर नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सिपाही दिल्ली के नालों की सच्चाई का सच दिल्लीवासियों के सामने रखेंगे।

### कई स्थानों पर जलभराव, यातायात हुआ अवरूद्ध

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बृहस्पतिवार को रूक-रूककर वर्षा होते रहने से कई इलाकों में जलभराव हो गया और यातायात प्रभावित हुआ जिसके कारण यात्रियों को अपने गंतव्यों तक पहुंचने में परेशानी हुई। दिल्ली पुलिस ने लोगों को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के माध्यम से शहर में यातायात की स्थिति के बारे में बताया। उसने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि जलभराव के कारण राजधानी पार्क और मुंडका के बीच रोहतक रोड पर दोनों तरफ यातायात प्रभावित रहा। एक अन्य पोस्ट में पुलिस ने कहा कि जलभराव के चलते बहादुरगढ़ स्टैंड और झड़ौदा गांव के बीच फिरनी रोड पर दोनों तरफ यातायात प्रभावित रहा। 'ईस्ट ऑफ कैलाश' की निवासी मेघा सिंह ने कहा कि वैसे तो मुझे मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने में बमुश्किल पांच मिनट लगते हैं लेकिन आज वहां तक पहुंचने में मुझे 20 मिनट लग गये। बारिश के कारण कोई ऑटोरिक्शा नहीं मिला। उत्तर पश्चिम दिल्ली की निवासी माया मुखर्जी ने कहा कि पीरागढ़ी और मधुबन चौक के बीच सड़क के दोनों तरफ भारी यातायात था। आम तौर पर मैं कार से कार्यालय जाती हूं लेकिन आज यातायात की स्थिति के कारण मैंने अपनी गाड़ी पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन पर खड़ी कर दी और मेट्रो ले ली।'' एक अन्य यात्री ने 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली-गुरूग्राम एक्सप्रेसवे पर भारी यातायात जाम था। अन्य लोगों ने बताया कि ओपीजी वर्ल्ड स्कूल के पास द्वारका सेक्टर 19बी, चंदकीराम अखाड़ा लाल बत्ती, धौला कुआं से महिपालपुर तक एनएच-48 पर, द्वारका सेक्टर-1 चौराहे, तीस हजारी से कश्मीरी गेट और पुलबंगश रोड पर भारी यातायात था। राष्ट्रीय राजधानी में आज सुबह और फिर दोपहर में वर्षा हुई, जिसके फलस्वरूप कई क्षेत्रों में यातायात काफी अवरूद्ध हो गया। मौसम विभाग ने अपराह्न की अपनी अधिसूचना में कहा कि अगले दो घंटों में दक्षिणी दिल्ली और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली (अक्षरधाम, लोदी रोड, नेहरू स्टेडियम, डिफेंस कॉलोनी, लाजपत नगर, मालवीय नगर, कालकाजी, तुगलकाबाद, 'ईस्ट ऑफ कैलाश', छतरपुर, इग्नू, आयानगर और डेरा मंडी) में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और बूंदाबांदी होगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 78 दर्ज किया गया जो 'संतोषजनक' श्रेणी में आता है। शून्य और 50 के बीच एक एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 और 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग के कंट्रोल रूम में गुरुवार को जलभराव की 11 शिकायतें दर्ज हुईं।

### एक ही दिन में बिजली की खपत में भारी गिरावट, 850 मेगावाट की कमी हुई दर्ज

दिल्ली में ऐतिहासिक बिजली खपत के बाद अब मांग में कमी आने का दौर लगातार जारी है। ऐसे में गुरुवार को बिजली की मांग में पहली बार 850 मेगावाट की भारी कमी दर्ज हुई है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग का आंकड़ा 6851 मेगावाट दर्ज हुई थी। लेकिन चंद घंटों बाद गुरुवार को मांग में करीब 850 मेगावाट की भारी कमी के बाद आंकड़ा लुढ़कर 6002 मेगावाट रह गया। इसी प्रकार न्यूनतम मांग में भी भारी गिरावट देखने को मिली। एसएलडीसी के आंकड़ों के अनुसार जहां बुधवार को खपत का आंकड़ा 4921 मेगावाट रही थी, वहीं गुरुवार को घटकर 4328 मेगावाट रह गई। यानी न्यूनतम मांग में भी करीब 600 मेगावाट की रिकार्ड कमी देखने को मिली है। इस बारे में निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में मानसून ने दस्तक दी है उसके बाद बिजली की मांग में गिरावट जारी है। बुधवार रात व गुरुवार सुबह हुई बारिश से मौसम में बहुत बदलाव आया जिसका असर बिजली की मांग में कमी के रूप में देखने को मिल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे जैसे लगातार बारिश होगी वैसे वैसे बिजली की मांग में और कमी देखने को मिलेगी। कंपनियों की मानें तो अब अधिकतम मांग का आठ हजार मेगावाट पहुंचना शायद मुश्किल होगा। क्योंकि अब आने वाले दिन मानसून के है जिसमें बारिश के चलते मांग घटती जाएगी। बता दें कि गत माह दिल्ली में बिजली की मांग ने अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा 18 जून 2024 को 8503 मेगावाट आल टाइम रिकॉर्ड खपत दर्ज हुई थी। जबकि न्यूनतम मांग भी पहली बार 5794 मेगावाट पहुंच गई थी।

## बारिश खोल रही सरकारी कार्यों में मिलीभगत की पोल




दया राम ⏭ नई दिल्ली

सुना है कि पानी जब किसी वस्तु आदि पर गिरता है तो उसकी वास्तविकता दिखा देता है और ऐसा ही इन दिनों देश की राजधानी दिल्ली में देखा जा रहा है और दिल्लीवासी भी सोशल मीडिया आदि पर निर्माण कार्यों में मिलीभगत के खुलकर आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली में दिल्ली सरकार की परियोजनाएं हो या फिर केंद्र सरकार के परियोजनाएं, बारिश के बाद अपने असली रूप में दिखने लगी है। बता दें कि 28 जून को हुई या इन दिनों हो रही बारिश ने नए निर्माण कार्यों में बरती गई लापरवाही की पोल खोल दी है। पहले केंद्र सरकार की परियोजनाओं की बात करें तो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 स्थित सिंघू बॉर्डर से लेकर जीटी करनाल मार्ग के बीच वर्ष भर में कई फ्लाईओवर बने हैं और पानी की निकासी के लिए नाले भी बनाए गए हैं लेकिन उचित लेवलिंग नहीं होने के चलते आधा और कहीं कहीं आधे से अधिक मार्ग पर पानी जमा है, साथ ही कई जगह नालों के आसपास सड़क धंसने लगी हैं और कई जगह नालों पर रखा गया स्लैब ही टूट गया है। इसके चलते यहां सड़के दुर्घटना संभावित सड़कें बन गई हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि केंद्र सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत ठेका एजेंसी और दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभागों ने विकास कार्यों पर निर्माण के समय विशेष ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते बारिश में कई जगह जलभराव हो रहा है तो कई जगह सड़क धंसने लगी हैं और यह दुर्घटना संभावित सड़कें बन गई हैं। कहीं कहीं तो राजमार्ग का आधा हिस्सा ही पानी में लबालब है और लंबे यातायात जाम का कारण बन रहा है।

■ **कही जलभराव तो कहीं धंस रही सड़कें**

मानसून की पहली बारिश ने इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर पांच मिनट की यात्रा को 50 मिनट का कर दिया। वहीं, दिल्ली सरकार के तहत होने वाले विकास कार्यों की बात करें तो हाल ही में नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल के पास नवनिर्मित सड़क में ही गहरा गड्ढा हो गया और सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल हुई तो हरकत में आने के बाद सड़क फिर बना दी गई। ग्रामीण विकास के अंतर्गत दिल्ली सरकार के बाढ़ एवं सिंचाई विभाग ने नहरों पर सड़क निर्माण का कार्य किया और कुछ ही दिनों में सड़क टूटने लगी। वहीं, दिल्ली जल बोर्ड ने अनेकों जगह सीवेज की लाइनें बिछाई हैं लेकिन देखरेख नहीं होने के चलते गलियों व सड़के धंसने लगी हैं। संगम विहार इलाके में भी कई जगह सड़कें धंसने की शिकायतें मिल रही है।

### एमसीडी की टास्क फोर्स रोकेगी जल जनित बीमारियां

बारिश के बाद जलजतिन बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया मच्छरों के बढ़ती संभावना के चलते दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के उपायुक्त पवन कुमार यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को टॉस्क फोर्स के सदस्यों की बैठक की। इस बैठक में दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली पुलिस, पीडब्ल्यूडी, उत्तरी रेलवे आदि विभागों के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। वहीं, डीडीए की तरफ से अधिकारी नहीं आने पर असंतोष जाहिर किया। बैठक में उपायुक्त पवन कुमार ने बताया कि मच्छर जनित रोग क्षेत्र में फैलने से रोकना सभी विभागों की एक सामूहिक जिम्मेदारी है। इसलिए टास्क फ़ोर्स के सभी सदस्यों को आपसी समन्वय से कार्य करना होगा।

### डीएमआरसी-आरवीएनएल ने मिलाया हाथ, दोनों मिलकर देश विदेश में करेंगे कार्य



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) और रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने हाथ मिलाते हुए गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है। जिसके तहत दोनों मिलकर भारत और विदेश में डिजाइन, निर्माण और परामर्श सेवाओं के लिए परियोजना सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करेंगे। इस बारे में डीएमआरसी ने बताया कि डीएमआरसी और आरवीएनएल ने एमओयू साइन किया है। इस समझौता ज्ञापन पर डीएमआरसी के निदेशक (व्यावसायिक विकास) डॉ. पी.के. गर्ग और आरवीएनएल के परिचालन निदेशक राजेश प्रसाद ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत दोनों संगठन मिलकर भारत सहित विदेशों में भी मिलकर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। डीएमआरसी के अनुसार इस साझेदारी का उद्देश्य भारत और विदेश में आगामी परियोजनाओं में मेट्रो, रेलवे, हाई स्पीड रेल, हाईवे, मेगा-ब्रिज, सुरंग, संस्थागत भवन, कार्यशालाएं या डिपो, एस एंड टी कार्य, रेलवे विद्युतीकरण आदि के लिए परियोजना सेवा प्रदाता के रूप में संयुक्त रूप से कार्य करेंगे।

### कांग्रेस ने लगाए स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने के आरोप, विभिन्न 62 ऑपरेशन थिएटर पूरी तरह बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केजरीवाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने के को लेकर निशाना साधा है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बयान जारी कर आरोप लगाए है कि केजरीवाल सरकार की स्वास्थ्य सेवाएं लगभग पूरी तरह ठप हो चुकी है। हालात यह है कि राजधानी के विभिन्न अस्पतालों में करीब 62 ऑपरेशन थिएटर पूरी तरह बंद पड़े है। जिसके चलते गंभीर मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यादव ने कहा कि इसके अलावा अस्पतालों में डॉक्टरों, नर्सों सहित पॅरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी के चलते मजबूर मरीज इलाज के दर दर भटक रहे है। उन्होंने कहा कि गत 10 वर्षों में केजरीवाल सरकार की विफलता के कारण आज दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। दिल्ली सरकार के 38 अस्पतालों के कुल 235 ऑपरेशन थियेटरों में से 62 आपरेशन थियेटर पूरी तरह बंद पड़े है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रति 100 बेड पर केवल 1.71 ऑपरेशन थियेटर है और यह अधिक चिंताजनक है कि इनमें से भी 26 प्रतिशत नॉन फंक्शनल है। उन्होंने कहा कि कोविड काल में अपनी जान पर खेलकर अस्पतालों में काम करने वाली 170 नर्सों को केजरीवाल सरकार द्वारा निकालना मानवता पर सीधा प्रहार का दुखद उदाहरण है।

### डीडीए ने चलाया पौधारोपण अभियान, सांसद, पार्षद व स्कूली बच्चों ने लिया भाग

**नई दिल्ली।** मानसून के दौरान पौधारोपण अभियान के तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने गुरुवार को कई जगह पौधारोपण कार्यक्रम किए। डीडीए के बागवानी विभाग के अधिकारी के अनुसार प्राधिकरण ने सुबह के समय कर्नल वाला बाग, शालीमार बाग में स्थानीय बागवानी विभाग-10 ने पौधारोपण अभियान चलाया। इस मौके पर चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल, शालीमार बाग से पार्षद रेखा गुप्ता और बीबी ईस्ट आरडब्ल्यूए के सदस्य सहित बच्चे उपस्थित थे। अधिकारी के अनुसार पौधा रोपण कार्यक्रम में सांसद, पार्षद व बच्चों ने अपने हाथों से पौधे रोपे।

### दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग बन गया है भ्रष्टाचार का अड्डा : सचदेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है जबकि गैर-प्रदर्शनकारी स्वास्थ्य विभाग ने दिल्लीवासियों को पूरी तरह निराश कर दिया है और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन से लेकर आतिशी तक सभी पीडब्ल्यूडी मंत्रियों की एलएनजेपी अस्पताल विस्तार के 670 करोड़ रुपये के घोटाले में भूमिका है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक ब्यान जारी कर गुरूवार को दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी विभाग से जुड़े मंत्रियों पर निशाना साधते हुए उक्त आरोप लगाए हैं। सचदेवा ने कहा कि यह चौंकाने वाला है कि पीडब्ल्यूडी और स्वास्थ्य विभाग ने दिल्लीवासियों को विफल कर दिया है, लेकिन संबंधित मंत्री गंदी राजनीति में लगे हुए हैं और उनके पास अपने विभाग के प्रदर्शन में सुधार के लिए समय नहीं है। सचदेवा ने कहा कि मंत्री आतिशी को यह बताना चाहिए कि सत्येंद्र जैन ने अस्पताल के लिए रेट कांट्रैक्ट के आधार पर टेंडर क्यों दिया और लागत बढ़ने के बावजूद समाप्ति तिथि को बढ़ाने की अनुमति क्यों दी। यह आश्चर्यजनक है कि पीडब्ल्यूडी कई कारणों से चर्चा में है, जिसमें जलभराव और अस्पताल की लागत वृद्धि शामिल है, लेकिन मंत्री आतिशी को इसकी कोई परवाह नहीं है। सचदेवा ने यह भी कहा कि मंत्री आतिशी अपने लोक निर्माण विभाग के 670 करोड़ रुपये के घोटाले से ध्यान भटकाने के लिए शिक्षकों के तबादले के मुद्दे को उठा रही हैं।

### महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिला हेल्पलाइन 181 की सेवा की बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिला हेल्पलाइन नंबर 181 का प्रबंधन अपने हाथ में लेते हुए 3 जुलाई 2024 (बुधवार) की शाम सेवाएं शुरू कर दी हैं। गुरुवार दोपहर 2 बजे 181 हेल्पलाइन पर कुल 1,024 कॉले आईं। बता दें अभी तक हेल्पलाइन 181 का संचालन दिल्ली महिला आयोग कर रहा था। एक बयान में, दिल्ली के महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत महिला हेल्पलाइन 181 दिल्ली में महिलाओं के लिए एक मजबूत सहायता प्रणाली के रूप में, फिर से शुरू हो गया है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि महिला हेल्पलाइन 181 के ज़रिये संकटग्रस्त महिलाओं को समय पर और प्रभावी सहायता मिल सके। उल्लेखनीय है कि महिला हेल्पलाइन 181 का प्रबंधन पहले दिल्ली महिला आयोग द्वारा किया जाता था। लेकिन 4 मई, 2023 को केंद्र सरकार द्वारा मुख्य सचिव को लिखे पत्र में महिला हेल्पलाइन-181 का प्रबंधन दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपने को कहा गया था। जिसके बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस हेल्पलाइन का प्रबंधन अपने हाथों में ले लिया है। महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर हर महीने लगभग 40 हजारकॉल आती हैं। यह एक टोल-फ्री, 24 घंटे की दूरसंचार सेवा है जो सहायता चाहने वाली महिलाओं को सहायता और जानकारी प्रदान करती है।

### पांच लोगों से क्या चल पाएगी महिला हेल्पलाइन : मालीवाल

दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने गुरुवार को दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दोबारा शुरू की गई महिला हेल्पलाइन 181 पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि क्या पांच लोगों से महिला हेल्पलाइन चल पाएगी। गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री कैलाश गहलोत ने गुरुवार को पुनः शुरू की गई हेल्पलाइन 181 की फोटो सोशल मीडिया मंच एक्स पर शेयर की। इस फोटो को सोशल मीडिया पर शेयर कर स्वाति मालीवाल ने लिखा कि दिल्ली सरकार ने जो दिल्ली महिला आयोग की 181 हेल्पलाइन बंद करके ख़ुद चलाने का निर्णय लिया है, इसकी सच्चाई मंत्री कैलाश गहलोत द्वारा ट्वीट की गई फोटो से खुद ज़ाहिर होता है कि इस हेल्पलाइन को अब आदमी चला रहे हैं। जो लड़कियां रेप और तस्करी जैसे जघन्य अपराध रिपोर्ट करने के लिये कॉल करेंगी, वो तो लड़कों की आवाज़ सुनके ही फोन रख देंगी। वैसे भी 5 लोगों से हेल्पलाइन नहीं चलती। दिल्ली महिला आयोग की हेल्पलाइन पर रोज 2000 से 4000 कॉल आती थीं जिसको 45 महिला काउंसलर्स सुनती थीं। सबके पास सोशल वर्क या साइकोलॉजी में मास्टर्स डिग्री थी। दिन भर कम से कम 20 लड़कियां एक शिफ्ट में हेल्पलाइन चला रही थी। और ग्राउंड पे 136 महिला काउंसलर कॉल आने के बाद लड़कियों के पास पहुंचती थी। सरकार वाली महिला हेल्पलाइन सिर्फ पहले की तरह एक पोस्ट ऑफिस का काम करेगी। केस पुलिस को आगे फॉरवर्ड करेगी। इसलिए जब 2013 से 2016 तक दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री कार्यालय में ये हेल्पलाइन चलती थी, तब 70 प्रतिशत कॉल पे कोई काम नहीं होता था। ये फोटो दर्शाती है वापस वही हाल होने वाले हैं। महिलाओं का मुद्दा बहुत संवेदनशील होता है। इसको हठ से नहीं, सूझ बूझ से चलाना चाहिए। जो सिस्टम अच्छे चल रहे हैं उनको बंद करके उनपर दिन रात मेहनत करने वाली लड़कियों को बेरोजगार नहीं करना चाहिए।

## हम अपने शिक्षकों और बच्चों की शिक्षा के साथ नहीं होने देंगे कोई समझौता : आतिशी

# शिक्षा मंत्री का मुख्य सचिव को कड़ा निर्देश : शिक्षकों के अनिवार्य ट्रांसफर पर तुरंत लगाई जाए रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार को कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए दिल्ली सरकार के एक स्कूल में 10 साल से ज्यादा समय से पढ़ा रहे शिक्षकों के अनिवार्य ट्रांसफर ऑर्डर पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने इस मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि इस पूरे ट्रांसफर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की जांच भी हो और यदि कोई भी



अफसर शिक्षकों से रिश्वत लेने में शामिल है तो उसपर तुरंत सख्त कारवाई हो।

डिजिटल प्रैसवार्ता में आतिशी ने कहा कि 11 जून को दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने एक आदेश जारी किया। इस आदेश में कहा गया कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में काम करने वाले वो शिक्षक वो एक ही स्कूल में 10 साल से ज़्यादा समय से काम कर रहे है,उनका अनिवार्य ट्रांसफर होगा। उन्होंने कहा कि ये आदेश शिक्षा विरोधी है और इस आदेश को खारिज करने के लिए मैंने 1 जुलाई को दिल्ली के शिक्षा सचिव और शिक्षा विभाग के निदेशक को निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि मेरे आदेश के बावजूद 2 जुलाई को देर रात 5000 शिक्षकों के ट्रांसफर का ऑर्डर निकाल दिया जाता है। ऐसे में सवाल उठता है कि शिक्षा मंत्री के आदेश के बावजूद, शिक्षा प्रणाली पर इससे पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के बावजूद दिल्ली सरकार के अफसर ऐसा ऑर्डर क्यों निकाल रहे है। क्या अब ऐसा समय आ गया है कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के अफसर ही दिल्ली के सरकारी स्कूलों को खराब करना चाहते हैं।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि ऐसी खबरें आ रही हैं कि इस ट्रांसफर की प्रक्रिया में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। ऐसा कहा जा रहा है कि शिक्षकों के ट्रांसफर को रोकने के लिए कई अफसरों ने रिश्वत ली है। ये बेहद चिंताजनक है कि वह विभाग जो हमारे बच्चों का भविष्य तय करता है, अगर वहां पर भ्रष्टाचार होगा तो शिक्षा कैसे आगे बढ़ेगी। बच्चे कैसे आगे बढ़ेंगे। उनका भविष्य कैसे आगे बढ़ेगा।

### शिक्षक तबादले मामले में शिकायत निवारण के लिए बनेगी कमेटी : शिक्षक संघ

दिल्ली सरकार के करीब पांच हजार शिक्षक के तबादले मामले में शिकायत निवारण के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उनके नेतृत्व में शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को शिक्षा निदेशक से मिला और संबंधित शिक्षकों को अध्यापन कार्य में होने वाली अपनी समस्याओं से पत्र के माध्यम से अवगत कराया। शिक्षक संघ के महासचिव यादव ने बताया कि शिक्षा निदेशक ने पत्र में लिखी सभी बातों पर कमेटी बनाकर शिकायत के निवारण का पूरा भरोसा दिया है तथा इसमें जल्द ही आदेश भी आ जाएंगे।

## आरआरटीएस स्टेशनों पर यात्रियों को मिलेगी फीडर बस कैब और ऑटोरिक्शा

# साहिबाबाद व गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन तक यात्रियों के लिए रैपिडो बाइक, टैक्सी के किराये में 10% छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर यात्रियों की सुविधा के लिए अब फीडर बस, कैब और ऑटोरिक्शा के साथ रेंटल दुपहिया वाहन, साइकिल की सुविधा मिलेगी। साथ ही साहिबाबाद और गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशनों यात्रियों के लिए रैपिडो बाइक टैक्सी किराए में 10 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बेहतर और सुव्यवस्थित करने के लिए एनसीआरटीसी निरंतर फीडर ऑपरेटर्स, कैब, ऑटोरिक्शा और बाइक टैक्सी सेवा प्रदाताओं के संपर्क में है और इन सेवाओं के विस्तार के लिए एनसीआरटीसी ने फिर से बड़े स्तर पर अभिरुचि की अभिव्यक्ति मांगी है। यह अभिव्यक्ति दिल्ली से लेकर मेरठ तक के सभी 25 स्टेशनों के लिए मांगी गई है। नमो भारत ट्रेनों का संचालन शुरू होने के साथ ही लास्ट माइल कनेक्टिविटी लोगों को मिले, इसके लिए यात्रियों को स्टेशनों पर रेंटल दुपहिया वाहन और रेंटल साइकिल की सुविधा उपलब्ध करने के लिए भी एनसीआरटीसी प्रयासरत है।

**खास बातें**

- दिल्ली से लेकर मेरठ तक के सभी 25 स्टेशनों के लिए मांगी गई है
- यात्रियों को स्टेशनों पर रेंटल दुपहिया वाहन और रेंटल साइकिल की सुविधा के लिए प्रयासरत
- बैटरी स्वैपिंग स्टेशन स्थापित के लिए आवेदन आमंत्रित




### 34 किमी के सेक्शन में नमो भारत ट्रेनों का संचालन जारी

उन्होंने बताया कि वर्तमान में साहिबाबाद से लेकर मोदी नगर नॉर्थ तक 34 किमी के सेक्शन में नमो भारत ट्रेनों का संचालन जारी है। इस सेक्शन में आने वाले स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा हेतु लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड की इलैक्ट्रिक बसों को उपलब्ध कराया है, जिसके अंतर्गत साहिबाबाद, गाजियाबाद, डीपीएस राजनगर गुलधर, दुहाई, मुराद नगर, मोदी नगर साउथ और मोदी नगर नॉर्थ स्टेशनों पर अलग-अलग 7 रूटों पर इलेक्ट्रिक बसें लोगों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदान कर रही हैं।

### लास्ट माइल कनेक्टिविटी मिलेगी

यात्रियों की सुविधा के लिए रैपिडो टैक्सी की सुविधा भी उपलब्ध है। आरआरटीएस कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए रैपिडो बाइक टैक्सी का उपयोग करने वाले यात्रियों को किराए में 10 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जा रहा है। फिलहाल यह सुविधा गाजियाबाद और साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशनों पर उपलब्ध है और जल्द ही अन्य स्टेशनों पर भी यात्रियों के लिए यह सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही कॉरिडोर के सभी स्टेशनों पर फीडर ई-रिक्शा सर्विस ऑपरेशन के लिए कम से कम एक बैटरी स्वैपिंग स्टेशन भी स्थापित करने के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। बैटरी स्वैपिंग स्टेशन से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही लोगों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी भी मिलेगी।

## घटना सीसीटीवी कैमरों में हो गई कैद

# छत के रास्ते कारोबारी के घर में घुसे चोर, 500 ग्राम सोना व 6 किलो चांदी पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

*फरीदाबाद की सुभाष कॉलोनी में क्लच कारोबारी के घर से लाखों रुपए की नकदी और सोने-चांदी के गहने चोरी हो गए। घटना चार जुलाई कि है जब परिवार के सभी लोग अपने अपने कमरे में सो रहे थे। चोर छत के रास्ते मकान में घुसे थे। चोरी की यह पूरी घटना घर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।*

सुभाष कॉलोनी में एक कारोबारी के घर के अंदर सो रहे परिवार के कमरों को बंद करके चोर लाखों रुपए की नकदी, सोना व चांदी चोरी करके ले गए। आरोपित छत के रास्ते घर के अंदर घुसे थे। यह पूरी घटना घर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

थाना आदर्श नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुभाष कॉलोनी निवासी विक्रम सिंह ने बताया कि उनका बड़ी गाड़ियों के क्लच बनाने का कारोबार है। हर रोज की तरह उनका छोटा भाई अपने परिवार के साथ अपने कमरे में सो रहा था। वहीं वह अपने परिवार के साथ दूसरे कमरे में सो रहे थे। इसके अलावा तीसरे कमरे में अलमारी रखी हुई थी। उस कमरे का रात के समय ताला लगाकर सोते है।

**खास बातें**

- दोनों भाई अलग-अलग कमरे में सो रहे थे
- चोरों ने तीसरे कमरे में रखी अलमारी वाले कमरे के बाहर लगे ताले को तोड़ा



### दोनों भाइयों के कमरे को बाहर से बंद कर दिया

सभी परिवार के लोग अपने अपने कमरे में सो रहे थे। तभी डेढ़ बजे छत के रास्ते से एक अज्ञात व्यक्ति कमरे में घुसा और दोनों भाइयों के कमरे को बाहर से बंद कर दिया। बंद करने के बाद आरोपित ने बड़ी ही चालाकी से अलमारी वाले कमरे के बाहर लगे ताले को तोड़ा और अलमारी के अंदर रखे करीब दो लाख रुपए नकद व 500 ग्राम सोना और 6 किलो चांदी चोरी करके ले गए। इस दौरान एक आरोपित मुख्य गेट के बाहर था। इसको घर के अंदर वाले आरोपित ने अंदर से गेट खोल कर घर के अंदर बुला लिया। जबकि नीचे घर के पास खड़े होकर आने जाने वालों का नजर रखा रहा था। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद घर के आंगन में खड़ी बाइक को भी मुख्य गेट से चोरी कर ले गए।

### दूध लेने उठे तो कमरा बंद मिला

सुबह करीब साढ़े तीन बजे जब वह बच्चे के लिए दूध लेने उठे तो उनका कमरा बंद मिला। कमरा बंद होने पर फोन से परिवार के अन्य सदस्यों से बात की। विक्रम ने बताया कि कुछ दिन पहले कमरे में विंडो एसी लगवाने के लिए खिड़की को हटाकर जगह बनाई थी। रात को कमरा बंद होने के कारण उसी खिड़की के रास्ते कमरे से बाहर निकले और दूसरे कमरों को बाहर से खोला। तभी उनको चोरी की घटना के बारे में पता चला। थाना आदर्श नगर प्रभारी कृष्ण कुमार का कहना है कि चोरी बड़ी बता रहे हैं, लेकिन अभी तक हमें माल चोरी होने की सूची नहीं दी है।

## विधायक ने की एचएसवीपी अफसरों के साथ बैठक

# विधायक नरेंद्र शर्मा ने टाउन पार्क का अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने एचएसवीपी अधिकारियों की बैठक ली और विकास कार्यों पर चर्चा की। इसके बाद विधायक नरेंद्र गुप्ता अधिकारियों के साथ सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क पहुंचे और पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक नरेंद्र गुप्ता ने टाउन पार्क के टूटे हुए फुटपाथों की मरम्मत करने के निर्देश दिए।



### सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन से जोड़ने को कहा

विधायक ने 15 दिन में टाउन पार्क की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं बैठक के दौरान विधायक ने भारत कालोनी की सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन से जोड़ने संबंधी भी अधिकारियों को निर्देश दिए ताकि भारत कालोनी के लोगों को सीवरेज की समस्या से निदान मिल सके। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि जल भराव की समस्या के साथ-साथ ग्रीन बेल्ट व अन्य विकास कार्यों को लेकर अधिकारी गंभीर रख अपनाएं और तय समय सीमा में कार्यों को पूरा करें।

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 332 दिनांक 05.06.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - प्रताप सिंह (रिटायर्ड टीचर)
**पिता/पति का नाम** - पुत्र मांगे राम
**पता** - निवासी आजाद नगर, रोहतक जिला रोहतक (हरियाणा)
**उम्र**- 73 वर्ष
**कद**- 05 फुट 09 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बा चेहरा, दरमियाना शरीर, गोल नाक, सफेद बाल व काली आंखें हैं और दिमागी रुप से परेशान हैं।
**पहनावा** - सफेद रंग की लाईनदार कमीज, भूरे रंग की पैन्ट व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 03.06.24 को प्रताप सिंह (रिटायर्ड टीचर) पुत्र मांगे राम निवासी आजाद नगर, रोहतक जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक अपने घर से घूमने के लिए गया था और जो आज तक घर वापिस नहीं आया है। जिसके घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा। गुमशुदा के परिजनो द्वारा 50000/- ईनाम देने बारे घोषणा की गई है।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7238004800

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 156 दिनांक 30.06.2024 धारा 346 IPC थाना आर्य नगर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- कुनाल
**पिता/पति का नाम** - पुत्र बिजेन्द्र लाल
**पता** - निवासी घनीपुरा, जिला रोहतक
**उम्र**- 17 वर्ष
**कद** - 5 फुट 4 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, बांए हाथ की कलाई पर गोल निशान गुदा हुआ।
**पहनावा** - लाल बनियान, नीली लोवर, व पैरों मे काले रंग की चप्पल पहने हुए।

दिनांक 30.06.24 को कुनाल पुत्र बिजेन्द्र लाल निवासी घनीपुरा, जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चला गया है। जो आज तक घर वापिस नहीं आया है। जिसके घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा

1. प्रबन्धक थाना आर्य नगर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आर्य नगर रोहतक- 9416953172

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 156 दिनांक 30.06.2024 धारा 346 IPC थाना आर्य नगर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- साहिल
**पिता/पति का नाम** - पुत्र सुखीराम
**पता**- निवासी घनीपुरा, जिला रोहतक
**उम्र**- 15 वर्ष
**कद**- 5 फुट 2 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर, दाहिने हाथ पर ताबीज बंधा हुआ।
**पहनावा** - मिट्टी रंग की टी-शर्ट, सफेद लोवर, व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 30.06.24 को साहिल पुत्र पुत्र सुखीराम निवासी घनीपुरा, जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चला गया है। जो आज तक घर वापिस नहीं आया है। जिसके घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा

1. प्रबन्धक थाना आर्य नगर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आर्य नगर रोहतक- 9416953172

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 244 दिनांक 30.06.2024 धारा 365 IPC थाना कलानौर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- गोलू
**पिता/पति का नाम** - पुत्र सुनील
**पता**- निवासी बनियानी, जिला रोहतक
**उम्र**- 17 वर्ष
**कद**- पता नहीं।
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, मजबूत शरीर, पैर पर जले हुए का निशान ।
**पहनावा**- चैकदार कमीज, स्लेटी जींस, लाल परना लिए हुए।

दिनांक 30.06.24 को गोलू पुत्र सुनील निवासी बनियानी, जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चला गया है। जो आज तक घर वापिस नहीं आया है। जिसके घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9416971034

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 222 दिनांक 30.06.2024 धारा 346 IPC थाना सांपला जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- पप्पू यादव
**पिता/पति का नाम** - पुत्र अर्जुन यादव
**पता** - निवासी गमासपुर
**उम्र**- 33 वर्ष
**कद**- 5 फुट 7 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, लंबूतरा चेहरा, पतला शरीर, शिक्षा 8 वीं पास ।
**पहनावा** - पता नहीं।

दिनांक 30.06.24 को पप्पू यादव पुत्र अर्जुन यादव निवासी गमासपुर RAC कंपनी सांपला में काम करता था । जो कंपनी से अपने घर गांव गमासपुर जाने के लिए निकला था, जो अब तक गांव नहीं पहुंचा और ना ही वापिस सांपला आया है। जिसके चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9466232567

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 283 दिनांक 01.07.2024 धारा 127 (6) BNS थाना पुरानी सब्जी मंडी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- सलीम
**पिता/पति का नाम** - पुत्र नुरईस्लाम उर्फ छोटा
**पता** - निवासी शीली गुडी पश्चिम बंगाल हाल जगन्नाथ आश्रम हिसार रोड रोहतक
**उम्र**- 12 वर्ष
**कद**- पता नहीं।
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, फुर्तीला शरीर।
**पहनावा** - पीली टी शर्ट, काली निक्कर, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 01.07.24 को सलीम पुत्र नुरईस्लाम उर्फ छोटा निवासी शीली गुडी पश्चिम बंगाल, जो कि रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस को घूमता हुआ मिला था जिसे रेलवे पुलिस ने 15.06.24 को जगन्नाथ आश्रम में छोड़ दिया था, जो जगन्नाथ आश्रम हिसार रोड रोहतक से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 9416102095

पीआरडीएच-1084/11/2497/2025/27466/88/7 दि. 04.07.24

## खाली व भरे 48 सिलेंडर मिले

# घरेलू गैस सिलेंडर कालाबाजारी, कासन की ढानी में सीएम फ्लाइंग की रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

आईएमटी मानेसर एरिया में सीएम फ्लाइंग ने रेड करते हुए घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करते हुए व्यक्ति को काबू किया है। टीम ने मौके से खाली व भरे हुए कुल 48 सिलेंडर बरामद किए हैं। आरोपी पर आईएमटी मानेसर थाना में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सीएम फ्लाइंग गुरुग्राम के एसआई सतबीर सिंह को सूचना मिली कि गांव कासन की ढानी में गैस की काला बाजारी की जा रही है। जिस पर टीम ने मौके पर रेड की तो उन्हें वहां एक टीन शैड में कुल 48 सिलेंडर खाली व भरे हुए मिले।

**850 रुपए प्रति सिलेंडर बेचता था:** टीम ने प्लॉट मालिक विक्रम से पूछताछ की तो बताया कि उसने यह प्लॉट गांव चांदला डूंगरबास के बिजेंद्र को किराए पर दिया है। सीएम फ्लाइंग ने बिजेंद्र को काबू कर लिया। बिजेंद्र सीएम फ्लाइंग के समक्ष सिलेंडर से संबंधित कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। उसने बताया कि उसने सिलेंडर अख्तर से 810 रुपए प्रति सिलेंडर खरीदे थे। वह इन सिलेंडरों को आसपास के एरिया में 850 रुपए प्रति सिलेंडर बेचता है। आईएमटी मानेसर थाना पुलिस ने खाद्य आपूर्ती विभाग के इंस्पेक्टर परमजीत की शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 4 अग्निशमन कर्मी झुलसे, मुश्किलों से आग को फैलने से रोका

# फैक्टरी में भीषण आग लगी, धमाके के साथ फटते रहे केमिकल से भरे ड्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट चार में एक केमिकल की फैक्ट्री में गुरुवार को भीषण आग लगने के बाद अफरातफरी मच गई। फैक्टरी में रखे केमिकल के ड्रम लगातार धमाके से फटते रहे। जिस कारण फायर ब्रिगेड को आग बुझाने में मुश्किलें पेश आती रहीं। अब तक 30 से ज्यादा ड्रम फट चुके हैं। इसमें अग्निशमन विभाग के चार कर्मचारी भी झुलस गए हैं। अग्निशमन विभाग की गाड़ियों ने पानी की बौछार कर आग बुझाई जा रही हैं।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने बताया कि साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 में रोटोमैक इलेक्ट्रिकल प्राइवेट लिमिटेड केमिकल फैक्टरी है। जिसके भंडारण कक्ष में काफी संख्या में केमिकल के ड्रम रखे हुए थे।

अचानक इस भंडारण कक्ष में आग लग गई और एक-एक करके ड्रम फटने लगे। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और भंडारण कक्ष में आग को बुझाने का प्रयास किया गया। हालांकि इस



दौरान ड्रम फटने से अग्निशमन विभाग के चार कर्मचारी झुलस गए हैं। जिन्हें यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल आग बुझाने के प्रयास किया जा रहे हैं और अभी तक गाजियाबाद के ही अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौजूद थीं। उन्होंने बताया कि अभी तक कंपनी प्रबंधन अभी यह नहीं बता पा रहा है कि कुल कितने केमिकल ड्रम इस भंडारण कक्ष में थे। उन्होंने यह भी बताया कि आग को फैलने से रोक लिया गया है ।

## नाटक के माध्यम से गुरुग्राम में चलाया जा रहा है प्रचार अभियान

# ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत वीरवार को गांव बिलासपुर खुर्द में कलाकारों द्वारा जनजागरूकता से प्रेरित नाटक की प्रस्तुति दी गई। जिसमें अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार ने बताया कि एक जुलाई से शुरू हुए इस प्रचार अभियान के तहत जिला के सभी गांवों में सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने और नशे से दूर रहने का आह्वान भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव बिलासपुर खुर्द में नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें ग्रामीणों को डीसी निशांत कुमार यादव व एडीसी हितेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर अंत्योदय परिवारों के लिए चलाई गई हैप्पी कार्ड योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मेरी फसल-मेरा ब्योरा, पीएम किसान सम्मान स्वनिधि योजना के बारे में बताया गया। कलाकारों ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए जिलास्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन शुरू करवाया है।

सीएम योगी ने 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत लगाया पौधा

# ग्लोबल वॉर्मिंग की चुनौतियों से बचने के लिए 'वृक्षारोपण महाभियान' का बनें हिस्सा, प्रदेशवासी 20 जुलाई को अपनी मां के नाम लगाएं पेड़

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लाल चंदन का पौधा लगाया। सीएम ने सभी लोगों से भी इस अभियान के तहत पौधरोपण की अपील की। सीएम ने कहा कि देशवासियों को ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए पूरे देश में प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का अभिनव आह्वान किया है। इसी श्रृंखला में मैंने आज सीएम आवास पर पेड़ लगाया है। इस अभियान के लिए प्रदेशवासियों की ओर से पीएम का हृदय से आभार प्रकट करते हुए अभिनंदन करता हूं। योगी ने पौधा लगाने के उपरांत मीडिया से बातचीत में यह बातें कहीं।

**खास बातें**

- सीएम योगी ने सरकारी आवास पर लगाया लाल चंदन का पौधा
- महाभियान के तहत लगाएंगे 30-35 करोड़ पौधरोपण
- प्रदेश में सहजन के लगभग 55 लाख पौधे उपलब्ध
- पीपल, पाकड़, नीम, देशी आम, जामुन के पौधे भी उपलब्ध



**प्रदेश की नर्सरियों में 54 करोड़ पौधे तैयार**

*सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि प्रदेश की आबादी के अनुसार हर व्यक्ति 'वृक्षारोपण महाभियान' का हिस्सा बनकर 20 जुलाई को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाए। इसके लिए प्रदेश की नर्सरियों में हमने 54 करोड़ पौधे भी तैयार किए हैं। इनमें पर्यावरण के लिए उपयोगी हर प्रकार के पौधे (पीपल, पाकड़, नीम, देशी आम, जामुन, अमरुद, शीशम, सागौन) आदि हैं।*

### पीएम आवास लाभार्थियों को निःशुल्क दे रहे सहजन के पौधे

सीएम योगी ने बताया कि पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के घर पर निःशुल्क सहजन का पौधे उपलब्ध करा रहे हैं। सहजन हर किसी के लिए बहुत उपयोगी है। इसकी फली की सब्जी या सूप के उपयोग से कुपोषण दूर हो सकता है। हम लोगों ने दो वर्ष पहले भी पीएम आवास योजना के हर लाभार्थी के घर पर सहजन का पेड़ लगाया था। यह अब काफी बड़े भी हो चुके हैं। इस बार फिर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। हमारे पास सहजन के लगभग 55 लाख पौधे हैं।

### पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा भी करें

सीएम योगी ने कहा कि इस महाभियान में 30-35 करोड़ पौधरोपण करेंगे। यह कार्यक्रम अभी से प्रारंभ है। 20 जुलाई को रिकॉर्ड पौधरोपण कर वृक्षारोपण महाभियान के महापर्व में हर कोई हिस्सा लेगा। इन पौधों की देखभाल हो सके, इसके लिए भी समय-समय पर कार्यक्रम चलेंगे। सीएम ने आग्रह किया कि जो व्यक्ति पेड़ लगाए, वह उसकी सुरक्षा भी करें।

### चलाएंगे व्यापक पौधरोपण अभियान

सीएम योगी ने कहा कि अलग-अलग किस्मों के पौधे पूरे प्रदेश में लगाए जाएंगे। इसके तहत व्यापक अभियान चलाकर ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, पार्कों, सड़क के किनारे, खाली स्थान पर पौधरोपण किया जाएगा। सीएम ने कहा कि प्रदेशवासी वन महोत्सव के साथ-साथ वृक्षारोपण महाभियान का हिस्सा बनकर पर्यावरण की चुनौती का सामना करने के लिए आगे आएंगे, इस विश्वास के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम लखनऊ में किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### कार हादसे में 5 लोगों की मौत, हज से लौटे थे पिता



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में सड़क हादसे में पिता और तीन बेटों समेत 5 लोगों की मौत हो गई। एक महिला और बच्ची घायल हो गई। गुरुवार को हज से लौटे पिता-पुत्रों को रिसीव करने के लिए घर वाले दिल्ली एयरपोर्ट गए थे। कार से लेकर गांव आ रहे थे। उनकी कार मूंढापांडे में पुल क्रॉस करते ही आगे चल रही कार से टकराकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी साइड जाकर पलट गई। इसी दौरान पीछे से आ रही रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी।

### ट्रक-स्कूटी की टक्कर पत्नी,साली,बेटी की मौत



**किशनगंज।** बिहार के किशनगंज जिले में गुरुवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला, उसकी बहन और एक साल की बेटी की मौत हो गई। हादसा अरराबारी थाना इलाके के धोमनियां में हुआ। एक स्कूटी अनियंत्रित होकर ओवरलोडेड ट्रक के नीचे आ गई। स्कूटी पर कुल चार लोग सवार थे। इनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बच्ची के पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी हालत नाजुक है।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले तीन दोस्तों को ट्रक ने रौंदा




**मिर्जापुर।** यूपी के मिर्जापुर में चुनार कोतवाली क्षेत्र के रेलवे फाटक के पास गुरुवार सुबह तीन दोस्तों को ट्रक ने पीछे से रौंद दिया। हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उधर, घटना के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। चुनार कोतवाल अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के उस्मानपुर गांव गांव के रहने वाले 56 वर्षीय लाल बहादुर वर्मा, 55 वर्षीय लल्लन वर्मा और 65 वर्षीय सुकालू यादव तीनों दोस्त थे।


सीएम योगी ने प्रयागराज महाकुंभ पर तैयारियों को लेकर की बैठक

# संगमनगरी का होगा कायाकल्प, सुंदरता स्वच्छता, सुविधा और सुरक्षा का होगा मेल

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

संगमनगरी प्रयागराज में अगले वर्ष की शुरुआत में होने जा रहे महाआयोजन महाकुंभ 2025 को योगी सरकार भव्य और दिव्य बनाने के लिए जोरदार तैयारियों में जुटी है। योगी सरकार महाकुंभ में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता के साथ-साथ महाकुंभ की सुंदरता को लेकर भी मिशन मोड में कार्य कर रही है। अयोध्या की तरह प्रयागराज का कायाकल्प किया जाएगा। जगह-जगह ग्रीन बेल्ट, हार्टिकल्चर, थीमैटिक डेवलपमेंट समेत सैकड़ों स्तंभ स्थापित किए जाएंगे। महाकुंभ के आयोजन के दौरान जब श्रद्धालु संगमनगरी पहुंचेंगे तो यहां की आभा देखकर पूरी तरह धार्मिक आस्था के रंग में सराबोर हो जाएंगे।





**खास बातें**

- प्रयागराज में 38 जंक्शन का सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर
- 19 जंक्शन पीडीए द्वारा, 15 जंक्शन पीडब्ल्यूडी एवं 2 जंक्शन का निर्माण सेतु निगम द्वारा किया जा रहा
- 38 शहरी मार्गों (75 किलोमीटर) का सौंदर्यीकरण किया जाएगा
- पीडीए 36 मार्ग का और 2 मार्ग का पीडब्ल्यूडी करेगा सौंदर्यीकरण
- मार्ग पर ग्रीन बेल्ट, हार्टिकल्चर, लैंड स्केपिंग डेवलपमेंट, थीमैटिक डेवलपमेंट होगा
- 10 लाख वर्गफीट पर स्ट्रीट आर्ट व दीवारों पर कलाकृतियां बनाई जाएंगी
- 4 थीमैटिक गेट बनेंगे। इनके नाम सरस्वती द्वार, शिव द्वार, गंगा द्वार और यमुना द्वार रखा जाएगा।
- नदी के किनारे की सड़कों, विषयगत द्वारों और स्थलों पर 108 स्तंभों का निर्माण होगा
- भारद्वाज आश्रम में 8, 4 द्वारों में 48 और रिवर फ्रंट रोड में 52 स्तंभ लगेंगे

### प्रत्येक मार्ग पर ग्रीन बेल्ट का निर्माण

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रयागराज में 38 जंक्शन का सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा एजेंसी आबद्ध करके ट्रैफिक डेंसिटी एनालिसिस के प्रयोग से स्टडी करके डिजाइन तैयार किया गया है। इसके साथ ही 5 साल के मेंटीनेंस के साथ ग्रीन बेल्ट एवं स्कल्प्चर्स की स्थापना की जाएगी। कुल मिलाकर 19 जंक्शन पीडीए द्वारा, 15 जंक्शन पीडब्ल्यूडी एवं 2 जंक्शन का निर्माण सेतु निगम द्वारा किया जा रहा है। दूसरी तरफ, शहरी मार्गों का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके तहत 38 शहरी मार्गों (75 किलोमीटर) का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। मेला प्राधिकरण द्वारा 8 आर्किटेक्ट आबद्ध कर प्रत्येक मार्ग पर ग्रीन बेल्ट, हार्टिकल्चर, लैंड स्केपिंग डेवलपमेंट, थीमैटिक डेवलपमेंट एवं गैप एनालिसिस पूर्ण किया जा रहा है।

### महाकुंभ भारत की प्राचीन संस्कृति का परिचायक

सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसके प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। उन्होंने महाकुंभ को स्वच्छता, सुविधा और सुरक्षा का मानक आयोजन बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा था। सीएम के अनुसार, महाकुंभ 2025 पूरे विश्व को सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने का सुअवसर है। यह न केवल यूपी, बल्कि भारत की ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम बनेगा। हमें इसके सफल आयोजन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की प्राचीन संस्कृति का परिचायक है। इसकी गरिमा के अनुरूप पूरे नगर को सजाया जाना चाहिए। कुंभ से जुड़े कथानक, सनातन संस्कृति के प्रतीकों आदि को चित्रित किया जाए। चौराहों पर कुंभ के लोगो लगाए जाने चाहिए। थीम आधारित द्वार, स्तंभ, लाइटिंग के प्रयास होने चाहिए।

नीतीश सरकार कराएगी जांच

# पुल हादसे के दोषी पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई, नए पुल भी बनेंगे





एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सारण जिले में गुरुवार को एक और पुल गिर गया जो राज्य में पिछले एक पखवाड़े में पुल ढहने की 10वीं घटना है। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि यह पिछले 24 घंटे के भीतर सारण में पुल ढहने की तीसरी घटना है। सिवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में पिछले 16 दिन में 10 पुल ढह गए हैं।

बुधवार को ही सीएम नीतीश कुमार ने राज्य में पुल हादसों को लेकर समीक्षा बैठक की थी। इसमें पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और ग्रामीण कार्य विभाग के एसीएस दीपक कुमार सिंह मौजूद थे। सीएम नीतीश ने दोनों विभाग को निर्देश दिए कि वे क्षेत्रों में जाकर पुराने पुलों का निरीक्षण करें और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी लें। साथ ही इन पुलों के रखरखाव के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

### निर्माणाधीन पुलों की गुणवत्ता को देंखे

सीएम ने कहा कि इसके अलावा जो पुल निर्माणाधीन हैं उनकी गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जाए। सीएम नीतीश के निर्देश पर राज्य के जल संसाधन विभाग ने पुलों के क्षतिग्रस्त होने के दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का फैसला लिया है। इसके लिए उड़नदस्ता से जांच कराई जाएगी। यही नहीं, टूटे पुलों की जगह नए पुलों का निर्माण भी कराया जाएगा। साथ ही नदी पर स्थित अन्य जर्जर पुलों की जगह भी नए पुल बनाए जाएंगे, ताकि भविष्य में हादसों से बचा जा सके। जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने कहा कि तेज बारिश की वजह से दशकों पुराने पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त हो गए। इनका निर्माण 30 से लेकर 80 साल पहले तक हुआ था। उन्होंने बताया कि इन पुलों का निर्माण निर्धारित मापदंडों के अनुसार नहीं किया गया था।

### उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल

पुल हादसों को लेकर अधिवक्ता ब्रजेश सिंह की ओर से उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में राज्य के पुलों की सुरक्षा तथा मजबूती को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। याचिका में उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के अलावा केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के मापदंडों के अनुसार पुलों की निगरानी कराने का भी अनुरोध किया गया है।

नीतीश बांट रहे थे नियुक्ति पत्र

# आईएएस के सामने जोड़ा हाथ,कहा-पैर भी हम छू लें

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार अकसर सुर्खियों में बने रहते हैं। कभी अपने बयानों को लेकर तो कभी मजाकिया अंदाज को लेकर सीएम खबरों में आ ही जाते हैं। एक बार फिर से नीतीश का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें सीएम एक आईएएस के सामने हाथ जोड़े नजर आ रहे हैं। सीएम आईएएस अफसर के सामने हाथ जोड़कर कहते हैं कि कहिएगा तो पैर भी पकड़ लूंगा, बस ये काम पूरा कर दीजिए। इस वीडियो के



सामने आने के बाद लोग कयास लगा रहे हैं कि सीएम को इसकी क्या जरूरत पड़ी कि उन्होंने भरी सभा में सबके सामने आईएएस के सामने हाथ जोड़ लिया। सीएम संवाद भवन में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में चयनित कैंडिडेट के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण कर रहे थे।

सीएम ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन इंडिया गठबंधन का चेहरा होंगे

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने गुरुवार की शाम यहां राजभवन में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। हेमंत सोरेन ने बिरसा चौक पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कांग्रेस नेता अजय कुमार का कहना है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन, इस वर्ष राज्य में होने वाले वाले विधानसभा चुनाव में इंडिया



गठबंधन का चेहरा होंगे। कुमार ने दावा किया कि वर्ष 2019 के चुनाव के मुकाबले इस वर्ष विपक्षी गठबंधन और भी बेहतर प्रदर्शन करेगा। सीएम हेमंत सोरेन पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेंगे।

झारखंड हाई कोर्ट का सख्त आदेश

# घुसपैठियों को खोजो और देश से बाहर करो, दो सप्ताह में रिपोर्ट दें

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने संताल प्रमंडल के सभी उपायुक्तों को आपसी सामंजस्य से बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों को चिन्हित कर वापस भेजने की कार्ययोजना तैयार करने के लिए कहा है। बुधवार को जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने डानियल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। अदालत ने सरकार को दो सप्ताह के अंदर प्रगति रिपोर्ट पेश कर यह बताने को कहा है कि अबतक कितने बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित किया गया



है, कितने को रोका गया है और कितनों को वापस भेजने का प्रयास किया जा रहा है। अदालत ने कहा है कि यह अति गंभीर मामला है, इसे सिर्फ राज्य सरकार नहीं संभाल सकती। इसलिए केंद्र सरकार को भी राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने केंद्र सरकार से जानना चाहा है कि केंद्र इस मामले में क्या-क्या कदम उठा सकता है।

### आदिवासी लड़कियों का धर्मपरिवर्तन करवा रहे

प्रार्थी डानियल दानिश ने अदालत को बताया गया कि संताल परगना के बांग्लादेश से सटे हुए जिलों में बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन सुनियोजित तरीके से झारखंड की आदिवासी लड़कियों से शादी कर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। इसे रोका जाना अनिवार्य है। पिछले कुछ वर्षों में संताल परगना जिले में अचानक मदरसों में बढ़ोतरी हुई है। अदालत को लगभग 46 मदरसों की सूची भी प्रार्थी ने पेश की है, जो नए बने हैं। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि इन मदरसों से देश विरोधी कार्य हो रहे हैं। आदिवासी युवतियों का शोषण और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### अपने 'रन'बांकुरों...

किया गया। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के लिए 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि का ऐलान किया था। इस दौरान वानखेड़े स्टेडियम खचाखच भरा रहा।

### द्रविड़ और रोहित...

टीम ने पीएम मोदी और टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं, एक अविश्वसनीय दृश्य सामने आया। पीएम मोदी ने टी-20 विश्व कप ट्रॉफी को छुआ नहीं था। उन्होंने फोटो में केवल कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का हाथ पकड़ा था। द्रविड़ और रोहित ने एक-एक हाथ से ट्रॉफी हाथ में उठाई, जबकि पीएम मोदी ने तस्वीरों के लिए पोज देते हुए इन दोनों का हाथ पकड़ रखा था। एक अनकहे नियम के मुताबिक टीमों या व्यक्तियों द्वारा जीती गई ट्राफियां या पदक केवल उन लोगों द्वारा स्पर्श किए जाने चाहिए जिनकी टीम ने यह ट्रॉफी जीती है। यानी ट्रॉफी पर हक उन्हीं का होता है जिन्होंने उसे अपनी मेहनत से जीता है। ऐसा कई बार फीफा विश्व कप के दौरान भी देखा गया है।

**मोदी को तोहफे में मिली जर्सी:** पीएम मोदी को भारतीय टीम की ओर से नमो जर्सी भी तोहफे के तौर पर दी गई। बीसीसीआई सचिव जय शाह और बोर्ड अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने यह जर्सी प्रधानमंत्री को भेंट की।

### नाश्ता, बातचीत और ...

खूब जोर से हंसते हैं। प्रधानमंत्री भी खूब जोर से हंसते दिखाई पड़े। फिर एक-एक करके सभी खिलाड़ी अपना अनुभव और अपनी यात्रा को प्रधानमंत्री मोदी से साझा करते दिखाई पड़े। पूर्व हेड कोच द्रविड़ भी प्रधानमंत्री के सामने अपनी बात रखते दिखाई पड़े। हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह भी प्रधानमंत्री से बातचीत करते दिखे।

### एससीओ को दिलाई...

हैं। मौजूदा विवादों, बढ़ते तनाव, विश्वास में कमी और दुनिया में संघर्ष क्षेत्र बढ़ रहे हैं। इन घटनाओं की वजह से अंतरराष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक आर्थिक विकास में काफी दबाव पड़ता है। यह ऐसी समस्याओं को बढ़ावा देते हैं जिससे वैश्वीकरण को बढ़ावा मिलता है। सम्मेलन में हमारी भागीदारी का उद्देश्य उक्त घटनाओं के प्रभावों को दूर करने के लिए समान आधार की तलाश करना है। आर्थिक विकास के लिए व्यापक कनेक्टिविटी की आवश्यकता है। इससे समाजों के बीच सहयोग और विश्वास बढ़ेगा।

### जल्द पेश ...

पाठ्यपुस्तक विकास कार्य अंतिम चरण में है और ग्रेड 3 और 6 के लिए नौ पाठ्यपुस्तकें पहले से ही उपलब्ध हैं। शेष आठ जल्द ही उपलब्ध होंगी। एनसीईआरटी का प्रारंभिक लक्ष्य इस वर्ष केवल कक्षा 3 और 6 के लिए एनसीएफ 2023 पर आधारित नई पाठ्यपुस्तकें जारी करना था। जहां कक्षा 3 के लिए पाठ्यपुस्तकें बाजार में उपलब्ध हैं, वहीं कक्षा 6 के लिए पाठ्यपुस्तकें आने में देरी हो रही है। इस सप्ताह ही एनसीईआरटी ने शैक्षणिक सत्र के मध्य में कक्षा 6 के लिए नई अंग्रेजी और हिंदी पाठ्यपुस्तकें जारी कीं। सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और गणित जैसे शेष विषयों की पाठ्यपुस्तकें अभी तैयार नहीं हैं और स्कूलों को तब तक कक्षा 6 के छात्रों को ब्रिज कार्यक्रम से पढ़ाने के लिए कहा गया है।

### अंबानी ने सोनिया...

को खुद मुकेश अंबानी जाकर शादी के लिए निमंत्रण दे रहे हैं। इसी बीच गुरुवार को मुकेश अंबानी दिल्ली स्थित कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के आवास पहुंचे। उन्होंने अपने बेटे की शादी का निमंत्रण पत्र दिया है। कुछ दिनों पहले मुकेश अंबानी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के घर पहुंचे हैं और उन्हें अपने बेटे की शादी का न्योता दिया है। बता दें कि 3 जुलाई से अनंत-राधितका की शादी की रस्में भी शुरू हो गईं। अनंत और राधिका की मामेरा की रस्म का आयोजन हुआ।

### जुबान के धनी निकले...

इस्तीफा स्वीकार किया जाता है तो इससे प्रदेश के उन मंत्रियों पर भी नैतिक दबाव पड़ेगा जिनके इलाकों में भाजपा उम्मीदवार की हार हुई है। पार्टी नहीं चाहती कि कोई विवाद खड़ा हो। जल्द ही दौसा विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना हैं। यहां से कांग्रेस विधायक मुरारी लाल मीणा के सांसद निर्वाचित होने के बाद उपचुनाव होगा। भाजपा हाईकमान इस बात को समझता है कि उपचुनाव में किरोड़ी लाल मीणा की बड़ी जरूरत होगी। पार्टी उनको मंत्री पद पर बनाये रखना चाहती है इसलिए दस दिन बाद भी इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया है। देखना ये है कि मीणा अपने इस्तीफे पर अड़े रहते हैं या पार्टी की बात मानते हैं।

### 5 महीने 'जेल'...

से रिहा किया गया। हेमंत ने 31 जनवरी को गिरफ्तार होने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। बुधवार को चंपई सोरेन ने इस्तीफा दे दिया था। झारखंड में तेजी से बनते-बिगड़ते सियासी समीकरण के बीच पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। इससे पहले उन्हें विपक्षी गठबंधन- इंडिया के विधायक दल का नेता चुना गया था। राज्यपाल सीवी राधाकृष्णन ने पूर्व सीएम चंपई सोरेन के इस्तीफे के बाद हेमंत सोरेन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया था। राजभवन में केवल हेमंत सोरेन को सीएम पद की शपथ दिलाई गई। मंत्रिमंडल विस्तार बाद में किया जाएगा। ऐसे में मंत्रिमंडल के सहयोगियों को बाद में शपथ दिलाई जाएगी।

### अब शपथ के बाद...

खिलाफ कार्रवाई का अधिकार रहेगा। गौरतलब है कि एआईएमआईएम मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ लेने के बाद 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगा कर अचंभित कर दिया था जिसपर काफी बवाल सदन में हुआ। बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह ने शपथ लेने के बाद जय हिन्दू राष्ट्र का नारा लगाया था। गाजियाबाद से भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने शपथ के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिन्दाबाद, अटल बिहारी वाजपेयी जिन्दाबाद, नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद के नारे लगाये थे। इस पर जब विपक्ष ने आपत्ति की तो उन्होंने हेडगेवार जिन्दाबाद का नारा भी लगाया था। इन तीनों सांसदों के अलावा सत्तापक्ष और विपक्ष के कई सांसदों ने शपथ लेने के बाद मनमुताबिक नारे लगाये थे। लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश के मुताबिक, लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों (सत्रहवें संस्करण) के नियम 389 में बदलाव कर दिया गया है। नियम 389 के निर्देश-1 में खंड – 2 के बाद अब एक नया खंड-3 जोड़ा गया है। इसके मुताबिक, एक सदस्य भारत के संविधान की तीसरी अनुसूची में इस उद्देश्य के लिए निर्धारित प्रपत्र के अनुसार, ही शपथ लेगा और उस पर हस्ताक्षर करेगा। शपथ के साथ उपसर्ग या प्रत्यय के रूप में कोई भी टिप्पणी या किसी भी अन्य शब्द या अभिव्यक्ति का उपयोग नहीं करेगा।

### सत्संग की आयोजन...

टीमों को आरोपियों के चिह्नीकरण व गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है। साथ ही मौके से मिले साक्ष्यों को विवेचना का हिस्सा बनाया जा रहा है। विवेचना में अगर बाबा का नाम आता है तो उस बिंदु पर कारवाई होगी। जरूरत पड़ने पर बाबा से पूछताछ की जाएगी। आईजी शलभ माथुर ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा-105, 110, 126(2), 223 और 238 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। आईजी शलभ माथुर का कहना है कि हम 'भोले बाबा' के आपराधिक इतिहास की जानकारी ले रहे हैं। उनके नाम पर कार्यक्रम की अनुमति नहीं ली गई थी।

**बाबा मैनपुरी के बिछवां आश्रम में:** बाबा इस समय मैनपुरी जिले के बिछवां स्थित आश्रम में बताए जा रहे हैं। गुरुवार को भक्त उनके आश्रम के सामन पहुंच गए। यहां हंगामा करने लगे। पुलिस उन्हें समझाने की कोशिश कर रही है। इस पर भी मानने को तैयार नहीं थे। बाबा की कलई भी खुल गई है। बाबा का दावा था कि वे भगदड़ से पहले ही निकल गए थे। पर सीसीटीवी फुटेज बताते हैं कि वे लगभग डेढ़ बजे निकले, जब भगदड़ हो रही थी।

### संत प्रेमानंद ने रात्रि...

है। इसमें हम सब की संवेदनाएं उनके परिजनों के साथ हैं। उन्होंने ठाकुरजी से प्रार्थना की है कि भविष्य में ऐसी कोई भी घटना न घटे। उन्होंने अपने अनुयायियों को संदेश दिया कि हाथरस की घटना को देखते हुए सावधानी के तौर पर संत प्रेमानंद महाराज अपने छटीकरा मार्ग स्थित निवास स्थान से रात्रि 2.15 बजे से पद यात्रा करते हुए अपने आश्रम श्रीहित राधा केलि कुंज जाते थे। इस दौरान श्रद्धालु उनके दर्शन करते थे। वह अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है।



स्पेशलः वर्ल्ड चॉकलेट-डे, 7 जुलाई

# यमी चॉकलेट
## बड़ी टेस्टी है कहानी

बच्चों, चॉकलेट खाने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है ना! क्या तुम जानते हो, इसको सबसे पहले कहां, कब और कैसे बनाया गया था? नहीं पता तो कोई बात नहीं। वर्ल्ड चॉकलेट-डे के अवसर पर हम तुम्हें इन सबके बारे में यहां बता रहे हैं। साथ ही दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट और चॉकलेट म्यूजियम के बारे में भी जानो।

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

चॉकलेट खाना तो हर किसी को पसंद होता है। बच्चे तो इसे खूब मजे लेकर खाते हैं। चॉकलेट खाने में जितनी यमी होती है, उतनी ही दिलचस्प इससे जुड़ी बातें भी हैं। तो जानो चॉकलेट से जुड़ी कुछ रोचक बातें-

### अमेरिका में हुई शुरुआत

चॉकलेट बनाने की शुरुआत अमेरिका से मानी जाती है। शुरुआती दौर में यहां के लोग चॉकलेट निर्माण में यूज होने वाले कोकोआ-सीड्स को 'गॉड गिफ्ट' मानते थे। वे इसे एक तीखे एनर्जी ड्रिंक की तरह मसालों, कॉर्न सूप आदि के साथ इस्तेमाल करते थे। बीसवीं सदी तक आते-आते अमेरिकी सैनिक युद्ध के मैदान में फास्ट फूड की तरह इसका सेवन करने लगे।

### करेंसी के रूप में कोकोआ बींस

बच्चों, तुम्हें जानकर अचरज होगा कि चॉकलेट बनाने के लिए जिन कोकोआ-बींस का इस्तेमाल किया जाता है, इन बींस को प्राचीन माया सभ्यता के लोग करेंसी (मुद्रा यानी रुपए-पैसे के तौर पर) के रूप में इस्तेमाल करते थे। कहते हैं, उन दिनों इसकी कीमत सोने से भी ज्यादा हुआ करती थी। इसका कारण यह था कि कोकोआ की खेती पर प्रतिबंध था और यह आसानी से उपलब्ध नहीं होता था।

### ऐसे बनती है चॉकलेट

चॉकलेट, कोकोआ बींस से बनती है। इसकी एक बीन यानी फली में 25 से 50 तक बीज होते हैं। चॉकलेट बनाने के लिए इन बीजों और फली के सफेद पल्प को लकड़ी के कंटेनर में पांच-सात दिनों के लिए बंद कर देते हैं। फिर बीजों को सुखाकर रोस्ट करते हैं, जिससे इनके छिलके अलग हो जाते हैं। इन बीजों से पेस्ट बनाते हैं। पेस्ट में मौजूद कोकोआ बटर को हाइड्रॉलिक प्रेशर से अलग किया जाता है। बचे हुए पेस्ट में चीनी, मिल्क पावडर और फ्लेवर मिलाकर चॉकलेट बनाते हैं। यहां यह भी बता दें कि दुनिया भर में उपजने वाले कोकोआ का 66 फीसदी हिस्सा पश्चिमी अफ्रीका में पैदा होता है। अकेले आइवरी कॉस्ट में पूरी दुनिया का 33-34 फीसदी कोकोआ का उत्पादन होता है।

### अनोखा चॉकलेट म्यूजियम



बच्चों, न्यूयॉर्क (अमेरिका) में एक चॉकलेट म्यूजियम भी है। उसका नाम है- चॉको स्टोरी। अनोखे तरह के इस म्यूजियम को खोलने का विचार जैक्स टोरेस को आया, जो पेशे से एक चॉकलेट मेकर हैं। म्यूजियम की खास बात यह है कि यहां जितनी भी चीजें बनी हुई हैं, वो सब चॉकलेट की ही बनी हुई हैं। तुम इस म्यूजियम में जिधर भी नजर घुमाओगे, तुम्हें सिर्फ और सिर्फ चॉकलेट ही नजर आएगा। म्यूजियम को देखने आने वाले लोगों को सबसे पहले यहां चॉकलेट खाने को दी जाती है। इसके अलावा यहां चॉकलेट के इतिहास के बारे में भी बताया जाता है। ऐसा एक और म्यूजियम जर्मनी के कोलोन शहर में भी मौजूद है, यहां भी चॉकलेट से जुड़ी रोचक जानकारियां दी जाती हैं।

### इंट्रेस्टिंग चॉकलेटी फैक्ट्स



**फिल्म के लिए बनाई चॉकलेट की नदीः** वर्ष 1971 में एक फिल्म 'विली वोनका एंड चॉकलेट फैक्ट्री' की शूटिंग के लिए चॉकलेट की नदी बना दी गई थी। इसके लिए 15 हजार गैलन पानी में चॉकलेट और क्रीम को मिलाया गया था।

**चॉकलेट इंटीरियर वाला घरः** वर्ष 2013 में बेलारूस के मिंस्क में रहने वाली एलीना क्लीमेंट ने एक ऐसा अनूठा घर बनाया, जिसमें मौजूद हर चीज चॉकलेट से ही बनी हुई थी। 600 किलो चॉकलेट की मदद से बने इस 20 वर्ग मीटर के कमरे में टेबल-चेयर, ड्रॉअर, फायर प्लेस, फ्लावरपॉट आदि सब कुछ चॉकलेट से ही बनाया गया था। इसे बनाने में ढाई महीने लगे। प्रदर्शन के बाद ये सभी चॉकलेटी सामान दर्शकों-ग्राहकों को चखाए गए।

**सबसे बड़ी चॉकलेटः** ब्रिटेन की एक चॉकलेट कंपनी ने साल 2011 में अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट का निर्माण किया था। इस चॉकलेट का वजन 5792.50 किलोग्राम था।



### चॉकलेट लवर हैं यूरोपियन

यूं तो दुनिया के हर देश में चॉकलेट खाने के शौकीन होते हैं, लेकिन यूरोप के लोग इसको कुछ ज्यादा ही पसंद करते हैं। 'इंटरनेशनल कोको ऑर्गेनाइजेशन' के अनुसार दुनिया की आधी चॉकलेट सिर्फ यूरोपियन खा जाते हैं। इसके मुताबिक एक ब्रिटिश, स्विस या जर्मन नागरिक साल में लगभग 11 किलो चॉकलेट खा लेता है।


### दुनिया की सबसे महंगी चॉकलेट

पिछले वर्ष पुर्तगाल के ऑबिदुश शहर में आयोजित इंटरनेशनल चॉकलेट फेस्टिवल में दुनिया की अब तक की सबसे महंगी चॉकलेट 'ग्लोरियस' प्रदर्शित की गई। इस चॉकलेट की कीमत 7728 यूरो यानी लगभग 6,20,863 रुपए थी। रिपोर्ट के अनुसार 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड इस चॉकलेट के निर्माण में केसर, सफेद ट्रफल, मेडागास्कर के खास वनीला का यूज किया गया। 'ग्लोरियस' की पैकेजिंग भी बेहद खास थी। इस पर हजारों स्वरोस्की क्रिस्टल और मोती भी लगाए गए थे। *

कहानी / संदीप पांडे 'शिष्य'

तेजस को मैथ का सब्जेक्ट बिल्कुल पसंद नहीं था। मैथ्स के सवालों से वह डरता था। लेकिन मम्मी ने एक दिन कुछ ऐसे टिप्स दिए कि तेजस का मैथ को लेकर डर दूर हो गया।

# मेरी प्यारी मम्मी



आज तेजस बहुत परेशान था। वह बार-बार पानी पीता और कुछ सोचने लगता। उसे इस तरह परेशान देखकर मम्मी ने पूछा, 'तेजस, इतने परेशान क्यों दिख रहे हो?'

तेजस बोला, 'मम्मी, जब से मैं सेवेंथ क्लास में आया हूं, मैथ्स का सब्जेक्ट कुछ समझ में नहीं आता। इस सब्जेक्ट में मेरा बिल्कुल भी मन नहीं लगता है। मैथ की किताब उठाते ही मैं बुरी तरह घबरा जाता हूं। मेरा मैथ का होमवर्क भी अधूरा रह जाता है। आजकल मुझे रात में सोने के बाद भी मैथ्स के ही डरावने सपने दिखाई देते हैं।' यह सब बताते हुए तेजस का चेहरा एकदम मुरझा-सा गया।

'बस इतनी सी बात!' मम्मी हौले से मुस्कुराईं और तेजस को समझाते हुए बोलीं, 'बेटा, स्कूल में जो भी सब्जेक्ट पढ़ने होते हैं, उनको लेकर हम सबकी रुचियां अलग-अलग होती हैं। अन्य सब्जेक्ट्स की तरह ही किसी को मैथ्स बहुत पसंद होती है, किसी को नहीं। लेकिन मैथ के सवालों से घबराकर इसे सॉल्व नहीं करना, इससे दूर भागना ठीक नहीं। बच्चों को अपने सिलेबस के सारे सब्जेक्ट्स पर ध्यान देना चाहिए। रुचि से पढ़ना चाहिए।'

तेजस ने पूछा, 'तो फिर मम्मी हमें क्या करना चाहिए?' 'बेटा, यह जो मैथ का सब्जेक्ट है, इसके लिए सबसे जरूरी है प्रैक्टिस। रेग्युलर प्रैक्टिस से मैथ्स के मुश्किल सवाल भी तुम आसानी से हल कर लोगे। अगर आज का टॉपिक या होम-वर्क कल पर टालते रहोगे तो मैथ्स तुम्हें और भी जटिल, बोझिल लगेगी। ये बातें मैथ्स ही नहीं हर, सब्जेक्ट पर लागू होती है।' मम्मी ने तेजस को प्यार से समझाया। तेजस मम्मी की बातें गौर से सुन रहा था। उन्होंने आगे समझाया, 'अब इसका आसान उपाय यह है कि सबसे पहले सरल और जल्दी से हल होने वाले सवाल किया करो। इससे तुम्हें एक खुशी मिलेगी, कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा कि तुमने सवाल हल कर लिया। एक जरूरी बात और सुनो, अगर कोई सवाल नहीं आ रहा हो, तो क्लास में टीचर से पूछने में बिल्कुल भी झिझक मत करो। तुम्हारे जो क्लासमेट्स मैथ्स में तेज हों, उनसे मदद लो। इसमें तुम्हें कभी कोई शर्म महसूस नहीं होनी चाहिए। आखिर वे तुम्हारे दोस्त हैं। अगर बार-बार हल करने पर कोई सवाल हल नहीं हो रहा तो कुछ देर कोई दूसरा सब्जेक्ट पढ़ लो फिर मैथ्स के सवाल हल करो, जरूर सफल होगे।'

'मम्मी, आपने तो मुझे काफी अच्छी सलाह दी है।' तेजस खुश होकर बोला। वह अब अपने-आप को बहुत ही हल्का महसूस कर रहा था।

'बेटा, पढ़ाई में एक और बात जान लो, किसी टफ सब्जेक्ट को ईजी बनाने में ग्रुप-स्टडी बहुत काम आती है। तुम्हें भी अपने दोस्तों के साथ ग्रुप-स्टडी करनी चाहिए। तुम अपने दोस्तों को घर बुला लो। मैं तुम लोगों के बढ़िए से नाश्ते-पानी का इंतजाम कर दूंगी। तुम सभी दोस्त नाश्ता भी करना और हंसते-खेलते मैथ्स के सवाल भी हल करना।' मम्मी ने सुझाव दिया।

'सचमुच मम्मी...!' तेजस हंसते हुए बोला।

'हां-हां बेटा, मैं भी जब तुम्हारी उम्र की थी तो यही करती थी। ग्रुप-स्टडी के दौरान हम एक-दूसरे की काफी मदद करते थे। इसमें हमें बहुत मजा आता था, पढ़ाई कभी भी बोझ नहीं लगती थी।' मम्मी ने बताया।

तेजस को मम्मी की सारी बातें समझ आ गई थीं। उसने तय किया कि वह मम्मी की बताई बातों को अमल में लाएगा। वह बहुत खुश था, क्योंकि उसके मन से मैथ्स का डर भाग चुका था। वह मम्मी के गले लगकर बोला, 'आप मेरी प्यारी मम्मी हो!' *

## जीके क्विज-111

1. भारतीय क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीता?
2. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर कौन बने हैं?
3. हाल में लगातार दूसरी बार भारत के रक्षा मंत्री कौन बने हैं?
4. हर वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
5. ओलंपिक खेल कितने वर्षों के अंतराल पर आयोजित किए जाते हैं?
6. भारत के सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज कौन थीं?
7. 'भारत कोकिला' के नाम से किन्हें जाना जाता है?
8. दुनिया का सबसे छोटा महासागर कौन सा है?
9. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
10. अंतरिक्ष से आसमान का रंग कैसा दिखाई देता है?



बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-110 का उत्तर :** 1.ओम बिरला, 2.अजीत डोभाल, 3.दक्षिण कोरिया, 4.तेलंगाना, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.चंद्रमा, 10.सहारा

**जीके क्विज-110 का सही उत्तर देने वाले :** मिर्जा अमीन बेग-रतनपुर, कबीर-हिसार, शुभम-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पायल-ईमेल से, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी.ईशान-अहमदाबाद, नितिन-दुर्ग, सरबजीत-करनाल, अंजलि-कवर्धा, मानवी मधुकर-बिलासपुर, दिव्या-रोहतक, आदित्य-रायपुर

## हंसगुल्ले

**नव्या** : तुम शीशे के सामने बैठकर क्यों पढ़ती हो?
**नैंसी** : क्योंकि इसके दो फायदे हैं।
**नव्या** : क्या फायदे हैं?
**नैंसी** : साथ में पढ़ने के लिए कंपनी मिल जाती है और खुद पर नजर भी रहती है।
**-खुशबू, रायपुर**

**सोनू** : पता है, कल रात भर मुझे नींद नहीं आई।
**मोनू** : क्यों?
**सोनू** : मैं सपने देखता रहा कि मैं जाग रहा हूं।
**-प्रियांश, रोहतक**

टीचर : बच्चों, यमुना नदी कहां बहती है?
रोहन : सर, जमीन पर?
टीचर : मैप में बताओ, कहां बहती है?
रोहन : सर, मैप में नदी बहेगी तो मैप गीला नहीं हो जाएगा?
**-आर्यन, दुर्ग**

# कैसे होती है रिमझिम बारिश



इन दिनों हर जगह बारिश हो रही है। बच्चों को तो बारिश बहुत ज्यादा सुहाती है, क्योंकि उन्हें बारिश में भीगने और छप्पाक-छपाई खेलने का मौका मिलता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि बारिश क्यों और कैसे होती है, बारिश की बूंदें गोल क्यों होती हैं? जानो, बारिश से जुड़ी पूरी जानकारी।

नॉलेज-टॉक / अशोक जोशी

समीर आज जैसे ही स्कूल पहुंचा, एकाएक बारिश होने लगी। वह सोचने लगा, कल तक तो गर्मी थी, अचानक बादल कहां से आ गए और बारिश होने लगी? समीर समझ नहीं पा रहा था कि आखिर बारिश होती कैसे है? विज्ञान के पीरियड में जब श्रीवास्तव सर आए तो उसने बड़ी जिज्ञासा से पूछ ही लिया, 'सर, एक बात समझ में नहीं आती कि बारिश होती कैसे है?' श्रीवास्तव सर पहले मुस्कराए फिर बोले, 'समीर, तुमने बहुत अच्छा प्रश्न पूछा है। तुम्हारी तरह सभी बच्चों के दिमाग में यही प्रश्न उठ रहा होगा। क्यों बच्चों, क्या कहते हो?' 'हां सर, प्लीज हमें बरसात के बारे में बताएं।' बच्चे एक स्वर में बोले। श्रीवास्तव सर ने बताना शुरू किया, 'बच्चों, वर्षा ऋतु, पूरे वर्ष का वह समय होता है, जब किसी क्षेत्र में अधिकांश औसत वर्षा होती है। पूरे भारत में गर्मी के बाद वर्षा ऋतु की शुरुआत जुलाई में होती है और सितंबर तक चलती है। यह ऐसा मौसम है, जिसका अलग-अलग कारणों से लोगों को इंतजार रहता है।'

'लेकिन सर पानी तो जमीन पर होता है। वह आसमान में कैसे पहुंचता है?' समीर की वर्षा को लेकर जिज्ञासा बढ़ती जा रही थी। श्रीवास्तव सर आगे बोले, 'तुम्हारा सोचना स्वाभाविक है कि आखिर आसमान में पानी कैसे पहुंचता है? सुनो, जब सूरज की किरणें धरती पर पड़ती हैं तो यह धीरे-धीरे धरती और विभिन्न जल स्रोतों में उपस्थित पानी को गर्म करने लगती हैं। गर्म होने के कारण पानी के कण एक-दूसरे से दूर होने लगते हैं फिर ये कण वाष्प में बदल जाते हैं। यह वाष्प बिल्कुल हल्की होती है, इसलिए हवा के साथ धीरे-धीरे आसमान की ओर चली जाती है।' 'सर, यह भी बताइए ना कि बादल कैसे बनते हैं और इनसे बारिश कैसे होती है?' विवेक ने अगला सवाल किया। 'वेरी गुड, विवेक...!' श्रीवास्तव सर इस प्रश्न पर खुश हुए, उन्होंने बादल बनने और बारिश होने की प्रक्रिया भी समझाई, 'वास्तव में होता यह है कि प्रत्येक 165 मीटर की ऊंचाई पर औसतन 1 डिग्री सेल्सियस तापमान कम होने लगता है, जिसके कारण ऊपर उठने वाली भाप ठंडी होने लगती है। जब जलवाष्प के ये ठंडे छोटे-छोटे कण एक-दूसरे से मिलकर इकट्ठा होते हैं, तो उन्हें हम बादल कहते हैं। चूंकि ये कण बहुत ही हल्के होते हैं, इसलिए ये हवा में आसानी से उड़ने लगते हैं।' श्रीवास्तव सर ने आगे और भी जानकारी दी, 'बच्चों,जब वायुमंडल का तापमान ओसांक (ड्यू प्वॉइंट) से नीचे गिर जाता है, तब बादल के रूप में संघनित जलवाष्प पानी की बूंदों या ओलों के रूप में पृथ्वी पर गिरने लगता है। बादल के रूप में जमा पानी के इन कणों को जमीन पर गिरने के लिए आपस में मिलकर एक क्रिस्टल बनाना पड़ता है। बर्फ का क्रिस्टल बनाने के लिए इन्हें किसी ठोस चीज की आवश्यकता होती है, जो क्रिस्टल के आधार का काम कर सके। बारिश के लिए जंगल की आग, फैक्ट्री या चिमनी आदि से निकलने वाले धुंए से निर्मित छोटे-छोटे कण, रेत के छोटे कण, सूक्ष्मजीव और अंतरिक्ष से आने वाले छोटे उल्कापिंड भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'

अब तक शांत बैठी संगीता ने भी अपनी गोल-गोल आंखें घुमाकर सवाल किया, 'सर, हमने गौर किया है कि बारिश की जो बूंदें आसमान से टपकती हैं, वे गोल होती हैं, ऐसा क्यों?' 'वाह संगीता! तुम तो बड़े ध्यान से बरसात की बूंदों को देखती हो।' सर हंसे और बोले, 'बच्चों, यह तो तुम जानते ही होगे कि पानी को जिस आकार के बरतन में डाल दें, वह उसके आकार में ही ढल जाता है। जहां तक बारिश के बूंदों की बात है तो 'सरफेस टेंशन' यानी पृष्ठ तनाव की वजह से गोल आकार की हो जाती हैं। ऊंचाई से गिरता हुआ कोई भी द्रव जैसे-जैसे पृथ्वी के पास आता है, वह छोटे-छोटे गोल बूंदों का रूप ले लेता है। गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में सबसे न्यूनतम आकार गोलाकार होता है। बारिश की बूंदें जब स्वतंत्र होकर गिरती हैं, तो वह न्यूनतम आकार लेने का प्रयास करती हैं। इसलिए गिरती हुई बारिश की बूंदें जैसे-जैसे छोटी होती जाती हैं, गोलकार रूप लेने लगती हैं।' एक पल ठहर कर श्रीवास्तव सर ने बच्चों से पूछा,

'अब सबके समझ में आ गया ना कि बारिश कैसे होती है?'

'हां सर!' सभी बच्चे समवेत स्वर में जोर से बोले। उधर बाहर गड़गड़ाहट के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई थी। बच्चों का मन कर रहा था बाहर निकल कर बारिश में भीगें और छप्पाक-छपाई खेलें। *

कविता
आशा शर्मा




## बरखा के संग

काले बादल शोर मचाएं
उमड़-घुमड़ कर हमें बुलाएं
दिल करता सब भूल-भालकर
बरखा के संग नाचे गाएं।
इंद्रधनुष को घर ले आएं
रोलर कोस्टर उसे बनाएं
सतरंगी झूले पर चढ़कर
आसमान में पींग बढ़ाएं।
कागज की कश्ती बनवाएं
ताल-तलैया में तैराएं
कैनवास धरती को कर लें
फिर मनचाहे चित्र बनाएं।
गीली मिट्टी से सन जाएं
घमौरियों पर लेप लगाएं
सावन वाली डोकरिया को
अपने घर का पता बताएं।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तरः 1.लड़की के बाल में लगे फूल की एक पंखुड़ी गायब है। 2.लड़की की दाहिनी हथेली के पीछे दिख रहे पहाड़ की आकृति अलग है। 3.लड़की के फ्रॉक के निचले हिस्से पर दो पीली पट्टियां हैं। 4.लड़की के बाएं हाथ के पीछे फूल वाला एक नन्हा पौधा दिख रहा है। 5.लड़की के बाईं तरफ फूल वाला एक पौधा कम है। 6. लड़की के फ्रॉक के ऊपरी हिस्से में एक रिबन कम है।

## सही मैचिंग करो

बच्चों, इस चित्र में सोनू (S), मोनू (M) और राजू (R) फिशिंग कर रहे हैं। उनके फिशिंग रॉड के धागे आपस में उलझ गए हैं। तुम चित्र को गौर से देखो और बताओ कि किसने कौन-सी मछली पकड़ी?




उत्तरः S-2, M-3, R-1

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां कई सारी बिल्लियों के चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ कि इस चित्र में कुल कितनी बिल्लियां दिख रही हैं?



उत्तर-12

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- पहली बार ध्यानाकर्षण में 4 घंटे चर्चा हुई, हंगामा करना गलत

# नर्सिंग घोटाले पर सदन में कांग्रेस ने किया हंगामा नारेबाजी की वजह से औचित्य का प्रश्न भी गर्माया








हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में हुए नर्सिंग घोटाले के मुद्दे पर बुधवार को फिर विधानसभा में हंगामा हुआ। कांग्रेसी सदस्यों ने मंत्री विश्वास सारंग के नर्सिंग अनियमितता को लेकर सदन में दिए गए गलत बयान पर खासी नाराजगी जताई। कांग्रेस के हंगामे, नारेबाजी व नोकझोंक के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा क कि कोई भी चर्चा नियम प्रक्रिया के तहत होनी चाहिए। यह जो व्यवस्था बिगाड़ी जा रही है, यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कभी ऐसा नहीं हुआ कि ध्यानाकर्षण पर 4 घंटे तक चर्चा हुई हो। इसके बाद भी कांग्रेसी सदस्य यह कर रहे हैं। इस पर दोबारा से चर्चा करना ठीक नहीं है। कांग्रेस के हंगामें की वजह से कई बार बजट भाषण पढ़ने में दिक्कतें आई।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मंत्री सारंग ने गलत जानकारी सदन को दी है। वे सदन को गुमराह कर रहे हैं। इस पर स्पीकर को संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इस मुद्दे को लेकर सदन पूरे समय तक हंगामा होता रहा। इस पर स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि अभी बजट पेश हो रहा है। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा बजट पेश कर रहे हैं। यह जनहित से जुड़ा मुद्दा है। इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने सिंघार से कहा कि आप नियम प्रक्रिया के तहत सदन में आएं, ऐसा नहीं हो कि हर समय एक ही मुद्दे पर चर्चा होगी। इसके बाद भी कांग्रेसी सदस्य नहीं माने। कुछ समय बाद वे गर्भ गृह में आकर नारेबाजी करने लगे। इसके बाद वहीं बैठ गए। यह सब तक तक चलता रहा, जब तक कि वित्त व उप मुख्यमंत्री का बजट भाषण समाप्त नहीं हो गया। बाद में कांग्रेस ने वॉकआउट कर दिया।

### संसदीय कार्य मंत्री ने निंदा प्रस्ताव पारित करने की मांग की

कांग्रेस सदस्यों के हंगामें के बीच संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेसी सदस्यों से कहा कि आप गलत तरीके से सदन में अव्यवस्था फैला रहे हैं। यह उचित नहीं है। बजट भाषण के बाद विजयवर्गीय ने स्पीकर से इस पर निंदा प्रस्ताव पारित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सदन नियम व प्रक्रिया के तहत चलता है। इस तरह से हंगामा करना यह ठीक नहीं है।

### बजट भाषण समाप्त होने के बाद देवड़ा ने जताई नाराजगी

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि राज्यपाल के निर्देश पर आज बजट अनुमान पेश किया जा रहा है। इसके बाद भी इस तरह का हंगामा करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष के सदस्यों ने जो व्यवहार किया है, ऐसा आचरण उचित नहीं है। बाद में सदन की कार्यवाही गुरूवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### कुल डेढ़ घंटे तक चला बजट भाषण

उप मुख्यमंत्री देवड़ा का बजट भाषण करीब डेढ़ घंटे से ज्यादा देरे तक चला। वे सुबह 11.15 बजे बजट भाषण शुरू किए थे, इसके बाद यह 12 बजकर 47 मिनट तक चला। इस दौरान तकरीबन सभी विभागों के लिए अच्छी खासी राशि का आवंटन किया गया। बजट भाषण में देवड़ा ने कुल 223 बिंदुओं पर अपनी बात कही।

### सबसे पहले औचित्य का प्रश्न ही उठता है

संसदीय कार्य मंत्री विजयवर्गीय ने इस प्रस्ताव के लिए पंचायत एवं ग्रामीण मंत्री प्रह्लाद पटेल की ओर इशारा किया। पटेल ने कांग्रेस सदस्यों के इस हंगामें पर नियम प्रक्रियाओं का हवाला देते हुए कहा कि पहले यह तय हो कि इसका औचित्य क्या है? उन्होंने कहा कि किसी के भाषण के दौरान यह औचित्य का प्रश्न ही उठता है। हालांकि इस वक्त तक कांग्रेसी सदस्य वॉकआउट कर सदन से बाहर जा चुके थे। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष होता तो उनके सामने यह बात आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहली बार इतना अच्छा बजट आया है। इसके बाद भी हंगामा उचित नहीं है।

भाजपा विधायक दल की बैठक




भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित किया। बैठक का संचालन संसदीय कार्य मंत्री, मुख्य सचेतक कैलाश विजयवर्गीय ने किया।

## फूड पॉइजनिंग के कारण एक ही परिवार के 12 लोग बीमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चापा

छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में एक ही परिवार के 12 सदस्यों को फूड पॉइजनिंग हो गया। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांजगीर चांपा जिले के कनई गांव में एक ही परिवार के 12 सदस्यों को फूड पॉइजनिंग हो गया। बताया जा रहा है कि सभी की मशरूम खाने से तबीयत बिगड़ गई। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार गुरुवार की दोपहर 12 बजे सभी ने मशरूम की सब्जी खाई थी। वहीं, तीन बजे सभी को उल्टी और सीने में दर्द होने लगी। इसके बाद 108 को सूचना दी गई। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार जारी है। इसमें तीन बच्ची, चार महिला, पांच पुरुष शामिल हैं। कुल 12 सदस्य में से तीन बच्ची और एक महिला की हालत गंभीर है।

खबर संक्षेप

### जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती भोपाल प्रवास

**भोपाल।** पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज का बुधवार को भोपाल आगमन हुआ। महाराजश्री रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से शंकराचार्य मठ झरनेश्वर महादेव पहुंचे। यहां महाराजश्री तीन दिवसीय तक भोपाल प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान भक्तों ने पादूका पूजन किया। महाराजश्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। 7 जुलाई को महाराजश्री मुंबई के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 तथा शाम 5 से 8 बजे तक भक्तों को आशीर्वाद देंगे।

### यूथ कांग्रेस के सत्याग्रह का समापन

**भोपाल।** नर्सिंग घोटाले के खिलाफ बोर्ड ऑफिस चौराहे पर चल रहे यूथ कांग्रेस के सत्याग्रह में बुधवार को विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पहुंचे। उन्होंने यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र सिंह को बिस्कुट खिलाकर सत्याग्रह समाप्त कराया। इस मौके पर उमंग सिंघार ने कहा कि हमारी लड़ाई एक मंत्री से है। उनका इस्तीफा न होने तक ये लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सीधे-साधे विद्यार्थी कॉलेज में एडमिशन ले लेते हैं। उन्हें क्या पता की कॉलेज फर्जी है। यहां भोपाल में मंत्री के साथ मिलकर अधिकारी नियमों में छेड़छाड़ करते हैं, जिससे छात्रों का भविष्य बरबाद हो रहा है। प्रदेश के युवाओं को विश्वास दिलाना चाहते हैं कि हम आपके भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देंगे, ये सत्याग्रह जब पूरा होगा जब नर्सिंग कॉलेज की पूरी लड़ाई आप जीतेंगे। आपकी ये लड़ाई सदन से लेकर मैदान तक चलती रहेगी। हमारी लड़ाई उस मंत्री से है, जो मोहन यादव की सरकार की कैबिनेट में मंत्री है। अभी नए-नए मोहन यादव आए हैं अभी उनकी छवि स्वच्छ है। विदित हो कि नर्सिंग कॉलेज घोटाले के खिलाफ यूथ कांग्रेस ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर 24 घंटे का सत्याग्रह शुरू किया था। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह के साथ छात्र-छात्राएं भी शामिल हैं।

### मध्यप्रदेश का नर्सिंग महाघोटाला व्यापमं पार्ट टू: जयवर्धन

**भोपाल।** कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने नर्सिंग कॉलेज महाघोटाला को मप्र का व्यापम पार्ट टू बताया है। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश के लाखों युवा जिन्होंने पूरी फीस भरी है वो न्याय के लिए भटक रहे है। वर्ष 2020 से प्रथम वर्ष से आगे ना उनका प्रमोशन हो पाया और उनको डिग्री मिल पाई। जयवर्धन ने कहा कि सिर्फ कुछ कॉलेज संचालक जिन्होंने रिश्वत दी थी उन्हें गिरफ्तार किया है, लेकिन व्यापक कार्रवाई कब होगी।

एसडीएम ने तीन करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया कब्जा

## सरकारी जमीन पर अवैध गोशाला पांच दर्जन से अधिक गाय हुईं शिफ्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के करोंद के शांति नगर में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से डेयरी और गोशाला संचालित करने का मामला बुधवार को सामने आया है। गोशाला में 78 गाय रखी थीं। इन गायों के लिए न तो कोई छत थी और न खाने की व्यवस्था। प्रशासन ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाकर सभी गायों को निपानिया स्थित गौशाला में शिफ्ट कर दिया है। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत तीन करोड़ रुपए आंकी गई है।

### बड़ी कार्रवाई

एसडीएम गोविंदपुरा रवीश श्रीवास्तव ने बताया कि यहां पिछले छह साल से डेयरी संचालित की जा रही थी। पूर्व में डेयरी हटा दी गई थी। यहां पर रामबाबू पिता मथुरा प्रसाद दांगी द्वारा करोंद के शांति नगर के खसरा क्रमांक 150/ 2 में 0.200 हेक्टर में अवैध रूप से गोशाला चलाई जा रही थी। यहां पर सड़कों पर घूमने वाली 78 गायों को रखा गया था। उनके लिए न तो यहां छत थी और ना ही खाने की व्यवस्था। इस गोशाला में कीचड़ ही कीचड़ था। बारिश और कीचड़ के बीच इन गायों को रखा गया था। प्रशासन ने नगर निगम के अमले के सहयोग से इस सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। इन गायों को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद निपानिया स्थित पंचायत की गोशाला में शिफ्ट किया गया है।

### ज्वैलरी शॉप में चोरों ने लाखों के जेवर चुराए



**रायपुर।** रायपुर की एक ज्वेलरी शॉप में चोरों ने धावा बोला। चोर सब्बल से ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुसे। फिर वहां रखे करीब 5 लाख कीमत के चांदी के गहने और बर्तन लेकर फरार हो गए। इस दौरान चोरों की नजर सोने के गहनों से भरी तिजोरी पर नहीं पड़ी। जिससे चोरों ने उसे हाथ भी लगाया। ये पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। फिलहाल पुलिस इस मामले में एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है। ज्वेलरी दुकान के मालिक कमल बघेल ने बताया कि उनकी बोरियाखुर्द में प्रभुचंदा ज्वेलर्स नाम की दुकान है।

## छत्तीसगढ़ के उत्तर और मध्य क्षेत्र में कल के बाद भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




छत्तीसगढ़ में इन दिनों ज्यादातर जिलों में बारिश हो रही है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को भी अच्छा बारिश हुई। इससे मौसम ठंडा हो गया है। कई जगहों पर गरज चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। कई जगहों पर रुक-रुक बारिश हो रही है। लगातार बारिश होने की वजह से कई जिलों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान माना में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ के उत्तर और मध्य क्षेत्र में 6 जुलाई तक बारिश की गतिविधि में हल्की कमी रहने की संभावना है। इसके बाद फिर से बारिश की गतिविधि बढ़ेगी। गरज चमक के साथ तेज हवाएं और भारी बारिश की संभावना है। हालांकि इस बीच में बारिश की गतिविधि जारी रहेगी। मानसून सक्रिय होने से प्रदेशभर में गरज चमक के साथ भारी बारिश के आसार हैं। साथ ही तेज हवाएं भी चल सकती है।मंगलवार रात से घने बादल और ऐसी रिमझिम फुहारें पडऩे से बुधवार शाम तक सावन जैसा मौसम बन गया है। गुरुवार को इसमें कुछ कमी आएगी। शहर में सुबह 8.30 से रात 8.30 बजे तक बैरागढ़ में 27 मिमी बारिश हुई। यहां एक जून से बुधवार सुबह 8.30 बजे तक कुल 330.5 मिमी बारिश हो गई।

### कृषि शिक्षा में सुधार संबंधी मांगों को लेकर कृषि मंत्री शिवराज को एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन देकर कृषि शिक्षा में सुधार संबंधी विभिन्न मांगे रखीं।

इसमें नए शैक्षणिक संस्थान खोलने, वर्तमान के विभिन्न कृषि शिक्षा संस्थानों के बुनियादी ढांचे में सुधार, कृषि शिक्षा के मानकों में सुधार आदि मांगे शामिल हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिवराज सिंह चौहान के समक्ष कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए शीघ्रता से प्रयास, कृषि विषय की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप अवसरों के सृजन, कृषि उच्च शिक्षा के मानकों में एकरूपता, कृषि उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करने जैसे बिंदु रखें हैं। परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि देश का कृषि क्षेत्र बड़ी आबादी की आजीविका का साधन है। देश में कृषि शिक्षा में शीघ्रता से सुधार, कृषि शिक्षा के लिए सभी राज्यों में उच्च गुणवत्तायुक्त शैक्षणिक संस्थानों का निर्माण जैसे विभिन्न प्रयासों की आवश्यकताओं से विद्यार्थी परिषद ने केन्द्रीय कृषि मंत्री को अवगत कराया है।

### विधानसभा की कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के सभापतित्व में बुधवार को विधानसभा भवन में कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सत्र के सुचारू रूप से संचालन एवं सदन के कामकाज के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गोपाल भार्गव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, अजय विश्नोई, सुश्री मीना सिंह मांडवे, हरिशंकर खटीक, राजेंद्र भारती, यादवेंद्र सिंह, लखन घनघोरिया, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह मौजूद थे।

### महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी की भगवान श्रीकृष्ण पर विवादित टिप्पणी, कहा- चरित्रहीन कौन?

अब निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी की भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र पर टिप्पणी सामने आई है। इसका वीडियो सामने आने के बाद उज्जैन के संतों ने कुमारस्वामी पर प्रतिबंध लगाने और महामंडलेश्वर पद से हटाने की मांग की है। राजस्थान के महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी गुरुदेव के नाम से जाने जाते हैं। वायरल वीडियो में वे कहते दिख रहे हैं- चरित्रहीन कौन है? भगवान कृष्ण। 1 शादी कर ली, 2 कर ली, 15 कर ली, 16 कर लो... बहुत है, कितनी कर ली? 16000...ये कोई चरित्र है। उज्जैन के संत महामंडलेश्वर सुमनानंद ने कहा कि सनातन क्षेत्र में कार्य करने वाले ही सनातन के विपरीत बयान दे रहे हैं। ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी 25- 30 साल से धर्म के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि वे निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर हैं और भगवान कृष्ण को चरित्रहीन कह रहे हैं। मैंने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष को पत्र लिखा है कि चारों कुंभ में इनका आना निषेध करें। इनकी महामंडलेश्वरी खत्म करना चाहिए। हालांकि हरिभूमि इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।



### दो सीएम राइज स्कूलों में किया गया निःशुल्क बस सेवा का ट्राइल

**भोपाल।** राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई स्कूलों में बसों का ट्राइल कराया जा रहा है। भोपाल के गोविंदपुरा शासकीय सीएम राइज उमा विद्यालय और भेल स्थित शासकीय महात्मा गांधी सीएम राइज उमा विद्यालय में बसों का ट्राइल किया गया।

- प्रदेश के 275 सीएम राइज स्कूलों में शुरू की जा रही सुविधा

इस दौरान बसों के रूट और व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। उल्लेखनीय है कि राजधानी भोपाल के आठ सीएम राइज स्कूलों सहित प्रदेश के 275 सीएम राइज स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए बस की सुविधा शुरू की जा रही है। प्रदेश कई जिलों में यह सुविधा शुरू हो गई है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' कैंपेन का शुभारंभ



**रायपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आइडिया पर छत्तीसगढ़ में अभियान शुरू होने जा रहा है। अभियान का नाम है एक पेड़ मां के नाम। गुरुवार को इस अभियान के तहत प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने पौधा लगाया। ये दहीमन का पौधा था। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा- समस्त प्रदेशवासियों से मेरा आग्रह है कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए एक पेड़ जरूर लगाएं। मुख्यमंत्री ने जिस दहीमन के पौधे को लगाया उसके कई औषधीय फायदे हैं।

एंडोवस्क्युलर तकनीक से कैथेटर को दिमाग की नस तक पहुंचाया

## बीएमएचआरसी: दिमाग की नस गुब्बारे की तरह फूलने से बुजुर्ग को आते थे बार-बार मिर्गी के दौरे

आईसीए एन्यूरिज्म नामक बीमारी से परेशान था पीड़ित मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिमाग की नस गुब्बारे की तरह फूलने से 60 वर्षीय बुजुर्ग को मिर्गी के दौरे आने लगे थे। साथ ही जान जाने का जोखिम था। ऐसे में बीएमएचआरसी के तीन विभाग की संयुक्त टीम ने मरीज की सफल सर्जरी को अंजाम दिया। जिससे मरीज की जान बचाई जा सकी और हालत में भी सुधार आ रहा है। जानकारी के अनुसार मरीज के मस्तिष्क के अति संवेदनशील हिस्से की धमनी का एक हिस्सा गुब्बारे की तरह फूल गया था, जिसका डॉक्टरों ने रेडियो लॉजिकल इन्टरवेंशन प्रक्रिया के जरिए मरीज का इलाज किया।

न्यूरो सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप सोरते ने बताया कि जांच में आईसीए एन्यूरिज्म नामक बीमारी पाई गई। इसमें फूली हुई नस के कभी भी फटने का खतरा रहता है, जिससे मौत हो जाती है। यह बीमारी रेयर ही देखने को मिलती है। विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सौरभ दीक्षित के अनुसार एनेस्थीसिया व रेडियोलॉजी विभाग के डॉक्टरों के साथ मरीज का इलाज किया गया। एंडोवस्क्युलर तकनीक से पैरों की नस से एक कैथेटर मस्तिष्क की कैरोटेड आर्टरी के प्रभावित हिस्से तक पहुंचाई गई। यहां एक विशेष तरह की सामग्री प्लैटिनम कॉइल के जरिए नस के फूले हुए हिस्से को भर दिया गया।

**इनमें होता है खतरा**

- बुजुर्ग व हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों में
- अनुवांशिक वजहों से भी होती है बीमारी
- ब्रेन की बायपास सर्जरी के लिए बैलून ऑक्ल्यूजन टेस्ट
- बीएमएचआरसी में इन्टरवेंशन रेडियोलॉजी प्रक्रिया से होने वाला बैलून ऑक्ल्यूजन टेस्ट शुरू हो गया है। इस जटिल टेस्ट से मस्तिष्क की एक नस को ब्लॉक करने से अन्य नसों में रक्त का प्रवाह उचित ढंग से हो रहा है या नहीं, यह देखा जाता है। हाल ही में पैरालिसिस के शिकार एक मरीज का यह टेस्ट किया गया। भोपाल में चुनिंदा अस्पतालों में ही यह टेस्ट होता है।




### नस में एन्यूरिज्म होना बहुत गंभीर

मस्तिष्क की नस में एन्यूरिज्म होना बहुत गंभीर है। न्यूरो सर्जरी और रेडियोलॉजी विभाग के डॉक्टर की टीम ने इस कठिन प्रोसीजर को अंजाम दिया। इस तरह की सर्जरी अस्पताल में पहली बार हुई।

डॉ. मनीषा श्रीवास्तव, निदेशक, बीएमएचआरसी

## गुमशुदा की तलाश



गुरु चरण प्रधान

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **गुरु चरण प्रधान, पुत्रः नागा मणी प्रधान, पताः मकान नं. 967, सनलाइट कॉलोनी, पार्ट–2, नई दिल्ली जोकि दिनांक 22.06.2024 को प्रातः 10:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **GD No. 77A, दिनांक 23.06.2024** पुलिस थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:

**नामः गुरु चरण प्रधान, उम्रः 29 वर्ष, कदः 5'3", बनावटः मध्यम, बालः काले, रंगः सांवला, चेहराः गोल, पहनावाः हल्के हरे रंग की टी–शर्ट और हॉफ पैंट।**

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फोनः 011–24368638 / 24368641, फैक्सः 011–24368639**

**थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली**
**फोनः 011-26347482**

**DP/8389/SE/2024**

## चिंतन

# भारत संग वचनों पर खरा उतरना चीन की जिम्मेदारी

भारत और चीन के बीच लंबे समय से सीमा विवाद है। भारत लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) का सम्मान करता है और चीन इसका सम्मान नहीं करता है। अस्ताना में बैठक के दौरान भारत ने चीन को स्पष्ट कहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान किया जाना चाहिए। सीमा प्रबंधन के लिए अतीत में दोनों पक्षों के बीच हुए संगत द्विपक्षीय समझौतों और नियमों का पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत के इस दृष्टिकोण को भी दोहराया कि दोनों पक्षों के बीच संबंध आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए। भारत का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता दोनों देशों के बीच सामान्य संबंधों के लिए अहम है। अब सब कुछ चीन पर है कि वह एलएसी पर शांति की स्थापना के मार्ग पर कितना चलता है? सीमा पर शांति चीन की भी जिम्मेदारी है। दरअसल, भारत व चीन के बीच सीमा निर्धारण की प्रक्रिया चीनी पक्ष के हिसाब से विवादों में रही है। दोनों मुल्कों के बीच मैकमोहन रेखा से सीमा का निर्धारण है, इस पर दोनों मुल्कों की सहमति भी रही है, लेकिन बाद में चीन इस रेखा को पूर्णतया मानने को लेकर आनाकानी करता रहा है। दोनों देशों के बीच 3488 किमी की सीमा है, जिसमें चीन पूर्वी लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों के सीमा पर विवाद करता रहा है। सबसे दिलचस्प है कि चीन भारत संग सीमा विवाद हल करना ही नहीं चाहता है। चीन के विस्तारवाद का यह अहम तरीका रहा है कि पड़ोसी के साथ सीमा पर विवाद खड़ा कर पड़ोसी मुल्क की जमीन हड़प ले। शिनझियांग, मकाऊ, तिब्बत आदि ऐसे क्षेत्र हैं, जिसे चीन ने हड़पा। भारत का अक्साई चिन अभी भी चीन के अवैध कब्जे में है। वर्ष 2020 की गलवान घटना के बाद से भारत व चीन के बीच रिश्ते तल्ख हैं। भारत की कोशिश है कि एलएसी पर शांति बनी रहे, चीन कोई उपद्रव न करे। चीन बार-बार सीमा पर भारतीय क्षेत्र पर अपना दावा पेश करके भारत को उकसाता रहता है। गलवान की घटना के बाद सीमा पर विवाद हल करने के लिए भारत व चीन के बीच कमांडर स्तर की 17 बार वार्ता हो चुकी है, नतीजा कुछ नहीं है। इसलिए कजाख़िस्तान की राजधानी अस्ताना में जब शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर भाग लेने पहुंचे तो सम्मेलन से इतर उनकी चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ द्विपक्षीय बात हुई, जिसमें सीमा को लेकर जारी गतिरोध को दूर करने पर सहमति बनी। इस बैठक में भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के शेष मुद्दों के जल्द निपटारे के लिए दोगुने प्रयास करने तथा संबंधों में 'स्थायित्व लाने एवं पुनः गति प्रदान' करने का प्रण लिया। इसको सकारात्मक रूप में लिया जाना चाहिए, हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है, जब चीन ने संबंधों को बेहतर बनाने का प्रण लिया हो। पूर्व में पीएम नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई वार्ताओं में, चीनी विदेश मंत्री की भारत यात्राओं के दौरान, ग्लोबल मंचों पर आपसी बातचीतों में, अनेक बार चीन सीमा पर जारी गतिरोध को हल करने का भरोसा दे चुका है, इसके बावजूद चीन ने डोकलाम, गलवान, अरुणाचल सीमा पर झड़प जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। भारत के साथ हुए पंचशील समझौते को तोड़ने वाले चीन ने कभी भी अपनी हरकतों से भारत के मन में भरोसा पैदा नहीं किया है। अब भारत संग दिए वचनों पर खरा उतरना अब चीन की जिम्मेदारी है।

# अर्थव्यवस्था को मजबूती देते प्रवासी



रिपोर्ट
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2023-24 में प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष में यह रेमिटेंस 107 अरब डॉलर यानी 8.95 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में दुनिया के कोने-कोने के देशों में प्रवासी भारतीय, राजनीतिक और तकनीकी क्षेत्रों में अपना प्रभावी योगदान देते हुए वैश्विक मंच पर भी भारत के हितों की जोरदार हिमायत के साथ भारत के सहयोगी और सहभागी की प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे।**

हाल ही में 27 जून को यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2023-24 में भेजा गया रेमिटेंस (प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन) दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष में यह रेमिटेंस 107 अरब डॉलर यानी 8.95 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर है। खास बात यह है कि पिछले वर्ष में भारतीयों द्वारा भेजी गई यह रकम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश से लगभग दो गुना है। यह लगातार दूसरा साल है, जब भारतीयों ने 100 अरब डॉलर से ज्यादा की धनराशि भारत भेजी है। 2022-23 में भारतीय प्रवासियों ने 111 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत भेजा था। ज्ञातव्य है कि भारत के बाद मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देश हैं।

यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले एक दशक में भारत में लगातार अन्य देशों के मुकाबले रेमिटेंस सबसे अधिक रहा है। भारत में वर्ष 2010 में रेमिटेंस के तौर पर 53.48 अरब डॉलर आए थे। वहीं ये वर्ष 2015 में बढ़कर 68.19 अरब डॉलर और वर्ष 2020 में 83.15 अरब डॉलर हो गए हैं। प्रवासी भारतीयों की ओर से भारत भेजा गया धन वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब डॉलर था। प्रवासियों का यह धन जहां प्रवासियों के परिजनों को मुस्कुराहट दे रहा है, वहीं अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जब कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी और बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार बंद होने के कारण देश में आर्थिक-सामाजिक परेशानियां बढ़ गई थी, उस समय आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों के द्वारा भेजी गई बड़ी धनराशि से अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। गौरतलब है कि दुनिया में प्रवासी भारतीयों की संख्या करीब 1 करोड़ 80 लाख है। दुनियाभर में सबसे ज्यादा प्रवासी भारत के हैं। सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं। पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले खाड़ी देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में हाई स्किल्ड लोगों की संख्या ज्यादा है जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और न्यूंजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं। ऐसे में वे अधिक कमाई करके अधिक धन भारत भेज रहे हैं। निःसंदेह प्रवासी भारतीय भारत की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी शक्ति बढ़ाने में भी अहम सहयोग कर रहे हैं। दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई है। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वराडकर, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनिया कोस्टा, अमेरिका की पहली महिला और पहली अश्वेत उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ



और राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपुन, सूरीनाम के राष्ट्रपति, चंद्रिका प्रसाद संतोखी के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे है।


इतना ही नहीं के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला, गूगल के सुंदर पिचाई, नोवार्टिस के वसंत नरसिम्हन, एडोब के शांतनु नारायण, आईबीएम के अरविंद कृष्णा, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन, वर्टेक्स फार्मास्यूटिकल्स के रेशमा केवलरमानी,माइक्रोन टेक्नोलॉजी के संजय मेहरोत्रा, कैडेंस डिजाइन सिस्टम के अनिरुद्ध देवगन, पालो अल्टो नेटवर्क के निकेश अरोड़ा, वीएमवेयर के रंगराजन रघुराम, इमर्सन इलेक्ट्रिक कंपनी के सुरेंद्रलाल करसनभाई, माइक्रोचिप प्रौद्योगिकी के गणेश मूर्ति आदि अपनी प्रतिभा, कौशल से कारोबार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया की अगुवाई कर रहे हैं और भारत के विकास के सहभागी भी बन रहे हैं। इस समय 18वीं लोकसभा चुनाव के बाद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की एनडीए गठबंधन सरकार बनने के बाद प्रवासियों का कहना है कि एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी नई सरकार से प्रवासियों को भारत के विकास में सहयोग और सहभागिता करने के मद्देनजर नई ऊर्जा प्राप्त होगी। अमेरिका में कार्यरत भारतीय अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडराइजर तथा भारत हितैषी प्रवासियों के विभिन्न संगठनों का कहना है कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के आर्थिक और राजनीतिक मंचों पर जिस तरह भारत की सफलताओं का परचम फहराया है, उससे प्रवासियों के द्वारा गर्व अनुभव किया जा रहा है। उनका मानना है कि पिछले 10 वर्षों में भारत की सुरक्षा में सुधार हुआ है। सरकार ने आतंकवादी खतरों या आतंकवादी घटनाओं को नियंत्रित कर दिया है। सरकार की नीतियां भारत को आगे बढ़ा रही हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में प्रवासी भारतीयों की भी अहम भूमिका रही है। प्रवासियों का यह भी कहना है कि नई गठबंधन सरकार से दुनिया के कोने-कोने से भारतीय प्रवासियों को और अधिक सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञातव्य है कि जहां वर्ष 2023 में इजराइल और हमास आतंकियों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच इजराइल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने 'ऑपरेशन अजय' चलाया है। साथ ही वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था। तब ऑपरेशन गंगा के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित भारत वापस लाया गया था। इस वर्ष जून 2024 में कुवैत में अग्निकांड में 45 प्रवासी भारतीयों की मौत के बाद कुवैत में प्रवासी भारतीयों की सहायता के मद्देनजर नई गठबंधन सरकार ने अहम भूमिका निभाई है। भारत सरकार की और अधिक सक्रियता जरूरी है।

हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में एनडीए गठबंधन की नई सरकार के द्वारा प्रवासियों के साथ सहभागिता के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे। हम उम्मीद करें कि दुनिया के कोने-कोने के देशों में प्रवासी भारतीय, राजनीतिक और तकनीकी क्षेत्रों में अपना प्रभावी योगदान देते हुए वैश्विक मंच पर भी भारत के हितों की जोरदार हिमायत के साथ भारत के सहयोगी और सहभागी की प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। हम उम्मीद करें कि प्रवासी भारतीय अपने ज्ञान व कौशल की शक्ति से भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने, वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में और अधिक सक्रिय सहयोग देते हुए दिखाई देंगे।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



भारत के उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में गढ़वाल हिमालय पर्वतमाला पर स्थित केदारनाथ मंदिर भारत के सबसे प्रतिष्ठित और चमत्कारी हिंदू मंदिरों में से एक है। भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर 3,583 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है जहां तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को पैदल या घोड़े से यात्रा करके पहुंचना होता है।

## हाथरस हादसा

डॉ. मोनिका शर्मा




# अंध श्रद्धा से बचें महिलाएं

हाथरस भगदड़ में महिलाओं और बच्चों समेत 122 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इस पीड़ादायी हादसे में कई परिवार उजाड़ गए। भारी भीड़, भीषण गर्मी, अव्यवस्था और पंडाल से बाहर आने के लिए संकरा सा रास्ता। उसी मार्ग पर एक गहरा गड्ढा भी था। इस गड्ढे में कुछ लोग गिरे तो भगदड़ मच गई। जन सैलाब की धक्का मुक्की और दलदली मिट्टी में महिला, पुरुष और बच्चे गिरते रहे। लोग एक-दूसरे को रौंदकर निकलते रहे। दरअसल, यह घटना अव्यवस्था ही नहीं अंधश्रद्धा के भाव पर भी कई प्रश्न उठाती है। आस्था और धर्म के नाम पर उमड़ने वाली इस भीड़ में स्त्रियां बड़ी संख्या में शामिल होती हैं। आयोजनों का हिस्सा बनाने वाली महिलाओं के साथ बच्चे भी आते हैं। देखने में यह भी आ रहा है कि अब आयु वर्ग से परे स्त्रियां इन सत्संग कार्यक्रमों में देखी जाती हैं। घटना से जुड़ी तस्वीरों और वीडियो में किशोरियां, युवतियां और कम उम्र की महिलाएं अपने बच्चों-बड़ों को खोने एक बाद बिलखती दिख रही हैं। उम्र का यह पड़ाव और सत्संग के नाम पर तार्किक सोच का गुम होना समग्र समाज के लिए चिंतनीय है, क्योंकि मायावी बाबाओं की अंधभक्ति के फेर में केवल ग्रामीण और अशिक्षित महिलाएं ही नहीं फंसी हैं। हाल के बरसों में तो महानगरों में भी ऐसे बाबाओं को समर्थित विशाल आयोजन किए जाने लगे हैं। कई मामलों में आस्था के नाम भीड़ जुटाने वाले इन कार्यक्रमों और बाबाओं के चमत्कारों की हकीकत उजागर होने बावजूद महिलाओं की भीड़ जुट ही जाती है। सच तो यह है कि अंध भक्ति के फेर में फंसी महिलाएं अनगिनत समस्याओं से जूझ रही होती हैं। स्त्रियों के अनिश्चितता लिए जीवन को चमत्कारिक रूप से बेहतर बना देने वाली बातें ही उन्हें इन आयोजनों की ओर खींचती हैं। अधिकतर आयोजनों में भावनात्मक मोर्चे पर उनकी आस्था का दोहन ही होता है। ऐसे भी वाकये हुए हैं जब महिलाएं बाबाओं के झांसे में आकर शोषण का शिकार बन चुकी हैं। समय-समय पर बाबाओं के ज्ञान से जुड़ी भ्रांतियां तोड़ने वाली कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बावजूद इसके गांवों से महानगरों तक स्त्रियां इस जाल से बाहर आना ही नहीं चाहतीं। उलटे इन बाबाओं को पूजनीय बनाने वाले लोगों में अधिकतर महिलाएं ही होती हैं। अध्यात्म के नाम पर संचालित बाबाओं की गतिविधियों का व्यावसायिक विस्तार भी चिंता का विषय बन गया है। प्रायोजित टीवी कार्यक्रमों से लेकर सोशल मीडिया मंचों तक उपस्थिति रखने वाले बाबाओं के आडम्बरों की चकाचौंध को समझना और उस पर सवाल उठाना लाजिमी हो चला है। अंध समर्थन की यह सोच सामाजिक-पारिवारिक स्तर पर भी विचारणीय है। परिजनों को भी समझना होगा कि क्यों महिलाएं इस भटकाव का शिकार हो रही हैं? उनके अपनों को सहजता, आपसी समझ और संवेदनाओं से भरा परिवेश बनाना होगा। साथ ही यह भी जरूरी है कि नियतिवादी बनने के बजाय स्त्रियां तार्किक सोच रखते हुए धर्मान्धता के इस जाल से बचें। धर्म-कर्म से जुड़ी श्रद्धा और विश्वास के सही मायने समझें। सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर हर बात में तर्क करने वाली महिलाएं अंधभक्ति के फेर में पड़ने के बजाय अपनी आस्था के बल मन की शक्ति जुटाएं। याद रहे कि मान-सम्मान बचाने एवं जीवन को सुरक्षित रखने वाला ईश्वरीय आस्था और मनोबल का मार्ग कोई बाबा नहीं स्वयं आपका अन्तर्मन ही सुझा सकता है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित
दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

## कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिव जी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सबक क्यों नहीं लेते हम?

हाथरस में भगदड़ से सैकड़ों लोगों की मौत और कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। यह बहुत दुखद घटना है। सत्संग में मची भगदड़ कोई नई दुखद घटना नहीं, बल्कि इससे पहले भी दूसरे कई धार्मिक स्थलों पर ऐसी दुखद घटनाएं हो चुकी हैं। भगदड़ के लिए प्रशासन और लोग दोनों की ही गलती होती है। ऐसी घटनाओं से न तो प्रशासन और न ही आमजन कोई सबक लेता है। सरकारें और प्रशासन ऐसे हादसों के वक्त ही कुंभकर्णी नींद से जागते हैं और हादसे की जांच के आदेश देकर और पीड़ित लोगों को मुआवजे का आश्वासन देकर अगली किसी ऐसी ही घटना के इंतजार में लंबी तान कर सो जाते हैं। प्रदेश में कुछ ही दिनों बाद शक्तिपीठों आदि में मेलों का आयोजन होगा। इनके लिए प्रशासन को पुख्ता प्रबंध कर लेने चाहिए।

*- दीपक मिश्रा, धमतरी*

## ट्रेंड

### विपक्ष का रवैया चिंताजनक



संदेशखाली जैसी शर्मनाक घटना पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं को कोई पीड़ा नहीं है। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार को लेकर विपक्षी पार्टियों का यह सिलेक्टिव रवैया बहुत चिंताजनक है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### गाजा अस्पताल पूरा खाली



यूरोपीय गाजा अस्पताल पूरी तरह से खाली हो गया है। अस्पताल के पास खान यूनिस में निकासी आदेशों के बाद, सभी 320 मरीजों और सभी चिकित्सा कर्मियों को हटा दिया है। अस्पताल से चिकित्सा उपकरणों से भरे तीन ट्रकों को भी ले जाया गया है।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### विवेकानन्द गौरवशाली साधु



स्वामी विवेकानन्द एक गौरवशाली हिंदू साधु थे, जिन्होंने औपनिवेशिक हिंसा और आक्रामक मिशनरी रूपांतरण में फंसी दुनिया में योग लाया, जिसका मुख्य लक्ष्य भारत था। आज उनकी प्रेरणा की जरूरत है क्योंकि वही अज्ञानी ताकतें नहीं चाहतीं कि भारत का उत्थान हो।

-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक

### जनता ने संविधान को बचाया




भारत की जनता ने संविधान और लोकतंत्र को बचा लिया है। देश की वंचित आबादी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए 'इंडिया' के साथ खड़ी हो गयी। गठबंधन के सभी साथियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

## करंट अफेयर


# यूक्रेन में प्रतिरोध व उम्मीद का प्रतीक बन गए फूल



रूस के आक्रमण के कारण दो साल से अपनी पत्नी और बेटी से मिलने के लिए तरस रहे ओलेक्जेंडर ट्रायफोनोव जब उनसे मिलने कीव रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे तो उन्होंने उनके लिए दो लाल गुलाब खरीदे। उनकी पत्नी और बेटी दो साल बाद पोलैंड से यूक्रेन लौट रही थीं। 45 वर्षीय चालक ट्रायफोनोव ने कहा, 'मैंने दो साल से उन्हें नहीं देखा है। फूल महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।' फूलों को हमेशा यूक्रेन की संस्कृति से जोड़ा जाता है और रूस के 2022 में आक्रमण करने के बाद से उनका महत्व और ज्यादा बढ़ गया है। उन्हें प्रतिरोध और उम्मीद दोनों का प्रतीक माना जाता है। युद्ध के कारण आ रही कठिनाइयों के बावजूद यूक्रेनी नागरिक राजधानी कीव तथा अन्य शहरों में अपने घर की बालकनी तथा अन्य स्थानों को फूलों से सजाने का कोई मौका नहीं चूकते। यहां तक कि यूक्रेन की जेलों में भी फूल दिखायी देते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के हमले में घायल हुई एक किशोरी से 2022 में जब अस्पताल में मिलने गए थे तो उसके लिए फूलों का एक गुलदस्ता लेकर गए थे। रूसी की राजधानी कीव के बाहरी इलाकों में निवासी अब भी अपने क्षतिग्रस्त या पूरी तरह से ध्वस्त कर दिए गए मकानों के बगीचों की देखभाल करते हैं।

## ऑफ बीट

# द. अफ्रीका में 34 हजार साल पुराने दीमक के टीले मिले



दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिकों को यह जानकर हैरानी हुई कि देश के शुष्क क्षेत्र में मौजूद दीमक के टीले 30,000 से अधिक वर्ष पुराने हैं जिसका मतलब है कि वे दीमक के अब तक के ज्ञात सबसे पुराने सक्रिय टीले हैं। स्टेलेनबॉश विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि रेडियोकार्बन डेटिंग में नामाक्वालैंड में बफेल्स नदी के पास के कुछ टीले 34,000 वर्ष पुराने होने का अनुमान लगाया गया था। विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में वरिष्ठ व्याख्याता मिशेल फ्रांसिस ने कहा, 'हम जानते थे कि ये पुराने हैं लेकिन यह पता नहीं था कि इतने पुराने हैं।' उनका शोधपत्र मई में प्रकाशित हुआ। फ्रांसिस ने कहा कि ये टीले तब भी मौजूद थे जब नुकीले दांतों वाली बिल्लियां और वूली मैमथ पृथ्वी के अन्य हिस्सों में घूमते थे और यूरोप और एशिया का बड़ा हिस्सा बर्फ से ढका हुआ था। लाखों वर्ष पुराने कुछ जीवाश्म दीमकों के टीले खोजे गए हैं। इस अध्ययन से पहले सबसे पुराने बसे हुए टीले ब्राजील में पाए गए थे और लगभग 4,000 वर्ष पुराने हैं। वे अंतरिक्ष से दिखाई देते हैं। फ्रांसिस ने दीमक टीलों का जलवायु परिवर्तन, पारिस्थितिकी तंत्र बनाए रखने और संभवतः कृषि पद्धतियों में सुधार लाने पर असर को देखते हुए उन पर और अध्ययन करने का आह्वान किया है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

कांग्रेस सांसद टैगोर की पाती लोकसभा स्पीकर के नाम

# संसदीय कार्यवाही से राहुल के भाषण हटाए तो कांग्रेस ने मांग की पीएम और अनुराग के भाषण से हटाए जाएं 'असत्य कथन'

**राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विपक्ष के नेता राहुल ने जो कहा कुछ हिस्सा कार्यवाही से निकाला गया था**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति अभिभाषण पर जवाब देते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जो कुछ कहा उसका कुछ हिस्सा कार्यवाही से निकालने का आदेश स्पीकर की ओर से दिया गया तो अब कांग्रेस पार्टी के सांसद मणिक्कम टैगोर ने ओम बिरला को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के भाषण के अंशों का जिक्र करते हुए उसे पूरी तरह गलत बताते हुए संसदीय कार्यवाही से निकाले जाने की मांग की है।

लोकसभा में राहुल गांधी के भाषण पर आपत्ति दर्ज करते हुए बांसुरी स्वराज ने उनके कहे को असत्य ठहराया तो संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा था, कोई भी सदस्य अगर सदन को तथ्यों के आधार पर गुमराह करने की कोशिश करेगा तो वो कुछ भी कहकर भाग नहीं सकेंगे, विधायी रूल्स की कसौटी पर कथन को कसा जाएगा। इसी को आधार बनाते हुए अब बारी है कांग्रेस पार्टी की सो मणिक्कम टैगोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अनुराग ठाकुर के भाषण के अंश को जिक्र करते हुए उसे असत्य बताया और लोकसभा स्पीकर से निवेदन किया कि उन दोनों के खिलाफ भी रूल लागू किए जाएं। उनके कथित तौर पर असत्य कथन को कार्यवाही से निकाला जाए। मणिक्कम टैगोर ने अनुराग ठाकुर के सदन में दिए गए भाषण के अंश का जिक्र करते हुए लिखा है कि उन्होंने दावा किया था कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले भारतीय सेना के पास न तो फाइटर जेट थे न उपयुक्त मात्रा में हथियार थे। कांग्रेस सांसद ने कहा ये पूरी तरह झूठ है। भारतीय सेना के पास 2014 के पहले से ही जगुआर, मिराज 2000, मिग 29, एसयू 30 जैसे फाइटर जेट्स थे। अग्नि, पृथ्वी, आकाश, नाग, त्रिशूल और ब्रह्मोस जैसे मिसाइलों से लैस भारतीय सेना के पास न्यूक्लियर बम भी पहले से था। मणिक्कम टैगोर ने उनके उस कथन को भी गलत ठहराया जिसमें दावा किया गया था कि पिछले दस सालों में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सांसदों में शुमार मणिक्कम टैगोर ने अपने पत्र में लोकसभा स्पीकर का ध्यान प्रधानमंत्री के भाषण की ओर खींचते हुए लिखा, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर जवाब देते हुए सदन के अंदर कहा कि कांग्रेस पार्टी का 16 राज्यों में वोट प्रतिशत नीचे गिरा है। उन्होंने लिखा कि ये वक्तव्य पूरी तरह गलत है। कांग्रेस सांसद ने लिखा कि कांग्रेस पार्टी का वोट प्रतिशत हिमाचल, उत्तराखंड, कर्नाटक और तेलंगाना में बढ़ा है। साथ ही टैगोर ने आरोप लगाया कि सदन के अंदर ये भ्रांति फैलाने की कोशिश की गई कि कांग्रेस पार्टी ने 8500 रुपए महीना महिलाओं को देने का झूठा वादा चुनाव में किया। जब कि सच ये है कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आने के बाद उक्त रकम भुगतान करने की बात कही थी। टैगोर ने कहा, मुझे स्पीकर के जवाब की प्रतीक्षा है।



## खबर संक्षेप

### एक्टर दर्शन की कस्टडी 18 जुलाई तक बढ़ी

**बेंगलुरु।** मर्डर केस के आरोपी कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा, उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा और अन्य की न्यायिक हिरासत बेंगलुरू कोर्ट ने बढ़ा दी है। कोर्ट ने अभिनेता सहित अन्य आरोपियों की कस्टडी 18 जुलाई तक बढ़ाई है। दर्शन रेणुकास्वामी हत्या मामले में आरोपी हैं। सभी 17 आरोपियों की न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया।



### 5.85 लाख के मादक पदार्थ समेत एक अरेस्ट

**ठाणे।** जिले में 45 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 5.85 लाख रुपए मूल्य का मादक पदार्थ मेफेड्रोन बरामद किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नवी मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ निरोधक प्रकोष्ठ के दल ने सुबह शिल-फाटा के पास से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी के पास से 58.5 ग्राम मेफेड्रोन बरामद किया है।



### अरुणाचल प्रदेश में मिला सींग वाला विचित्र मेंढक

**ईटानगर।** भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणचाल प्रदेश में मेंढक की नई प्रजाति मिली है। इसके सींग है। प्रदेश के टेल वन्यजीव अभयारण्य के जंगलों में यह मेंढक पाया जाता है। प्राणी सर्वेक्षण के विज्ञानियों ने इसे खोजा है। मेंढक का नाम स्थानीय जनजाति अपतानी के नाम पर जेनोफ्रीस अपतानी रखा गया है। इस टीम के लीडर बिक्रमजीत सिन्हा और भास्कर साइकिया थे।



### 1.15 करोड़ की धोखाधड़ी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में कई लोगों को मकान दिलवाने का वादा कर 1.15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 30 वर्षीय आरोपी मार्च से फरार था। विभिन्न सुरागों के आधार पर मंगलवार को आरोपी को वसई इलाके के वागरालपाड़ा से पकड़ा गया। आरोपी ने अगस्त 2020 से मार्च 2024 तक लोगों से रुपए लिए थे।



### नीट-यूजी पास कर चुके छात्र पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** गुजरात के नीट-यूजी पास कर चुके 56 छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। छात्रों ने शीर्ष कोर्ट से केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को परीक्षा रद्द करने से रोकने का निर्देशकी मांग की है। याचिका दायर करने वालों में कई उम्मीदवार फर्स्ट पोजिशन पर रहे हैं। छात्रों ने पेपर लीक में शामिल छात्रों और अन्य लोगों की जांच की मांग की है।



लोकसभा में राहुल के दावों पर भड़के केंद्रीय मंत्री रिजिजू

# सदन को गुमराह करने का प्रयास करने वाला कोई भी 'सदस्य' बच नहीं पाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दावों पर अब संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भड़के। उन्होंने गांधी के भाषण में कथित गलतियों को लेकर भाजपा द्वारा उनके खिलाफ नोटिस सौंपे जाने के एक दिन बाद कहा कि सदन को गुमराह करने का प्रयास करने वाला कोई भी सदस्य आसानी से बच नहीं पाएगा।

रिजिजू लोकसभा में भाजपा सदस्य बांसुरी स्वराज के नोटिस का जिक्र कर रहे थे। स्वराज ने मंगलवार को लोकसभा में एक नोटिस दिया था, जिसमें सदन में विपक्ष के नेता के राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर दिए भाषण में कथित गलतियों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से राहुल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इस मुद्दे पर पूछ गए सवालों के जवाब में रिजिजू ने कहा कि जब लोकसभा में विपक्ष के नेता तथ्यों और आंकड़ों सहित कई चीजों के बारे में झूठ बोलते रहे, तो अध्यक्ष को नोटिस दिया गया और हमने अध्यक्ष से उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। फिलहाल हम कार्रवाई का इंतजार है।

**स्वराज ने स्पीकर बिरला को दिया नोटिस**

### अग्निवीर योजना को लेकर राहुल ने 'जान-बूझकर' गलत बयान दिया



### 'अग्निवीरों की शहादत' पर मुआवजा नहीं देने का मामला



**यह है नियम लोकसभा का 115**

स्पीकर के निर्देश 115 के तहत अगर कोई सदस्य किसी मंत्री या किसी अन्य सदस्य की ओर से दिए गए बयान में कोई गलती या अशुद्धि बताना चाहता है, तो वह सदन में मामले को उठाने से पहले अध्यक्ष को चिट्ठी लिखकर गलती या अशुद्धि का ब्योरा दे सकता है और मुद्दे को उठाने की इजाजत मांग सकता है। आरोप लगाने वाले सदस्य के पास अगर उसके आरोपों के समर्थन में कोई सबूत हैं तो वह उसे भी स्पीकर के सामने रख सकता है। इस आधार पर स्पीकर वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए इस मामले को संबंधित मंत्री या सदस्य के संज्ञान में ला सकते हैं।

### राहुल के बयान तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक: बांसुरी स्वराज

बांसुरी स्वराज के नोटिस के अनुसार लोक सभा में विपक्ष के नेता के संबंधित बयान तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक प्रकृति के हैं, इसलिए नियम 115 के तहत उचित कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए। इस वजह से मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि राहुल गांधी की ओर से जान-बूझकर की गई गलतियों का संज्ञान लें और आवश्यक कार्यवाही करें।

### बांसुरी ने गिनाई राहुल की 'गलतियां'

बांसुरी ने दावा किया है कि अग्निवीर योजना को लेकर राहुल ने 'जान-बूझकर' तथ्यात्मक रूप से गलत बयान दिया और 'झूठ' कहा कि अग्निवीरों की शहादत पर उन्हें मुआवजा देने का कोई प्रावधान नहीं है।



### नियम सभी के लिए समान रूप से लागू होंगे

मंत्री ने कहा कि नियम सभी पर समान रूप से लागू होते हैं क्योंकि सदन में कोई भी सदस्य आसन से ऊपर नहीं होता है। उन्होंने कहा कि कोई भी बचने की उम्मीद नहीं कर सकता। किसी के लिए कोई विशेष विशेषाधिकार नहीं है। वे किसी एक परिवार से आते हैं, इसलिए बच जाएंगे तो ऐसा नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यदि कोई सदन को गुमराह करने के लिए पद का दुरुपयोग करना चाहता है, तो वह आसानी से बच नहीं पाएगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सोमवार को राहुल के भाषण के बाद केंद्रीय मंत्रियों अश्विनी वैष्णव और रिजिजू ने कांग्रेस नेता पर अग्निपथ योजना और अयोध्या में स्थानीय लोगों को दिए गए मुआवजे सहित कई मुद्दों के बारे में झूठे दावे करने का आरोप लगाया था। इसी पर कार्यवाही की मांग की है।

नए क्रिमिनल लॉ पर केंद्र ने हाई कोर्ट से कहा

# यह संसद का अधिकार, मौलिक अधिकारों को प्रभावित नहीं करते





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मद्रास हाई कोर्ट के समक्ष तीन नए आपराधिक कानूनों के हिंदी नामकरण का बचाव किया और असंवैधानिकता के आरोपों के विरुद्ध नामों की संवैधानिक वैधता पर जोर दिया।

एक्टिंग चीफ जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस मोहम्मद शफीक की पीठ के समक्ष यह दलील दी गई, जिन्होंने नए कानूनों के हिंदी नामों को असंवैधानिक घोषित करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। थूथुकुडी स्थित अधिवक्ता बी रामकुमार आदित्यन ने इसको लेकर याचिका दायर की थी। उन्होंने तर्क दिया कि नए कानूनों के हिंदी और संस्कृत नाम संविधान के अनुच्छेद 348 का उल्लंघन करते हैं, जिसमें कहा गया है कि कानूनों के नाम सहित आधिकारिक पाठ अंग्रेजी में होने चाहिए।

### सांसदों ने समझ करके नाम दिया

केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एआरएल सुंदरेशन ने तर्क दिया कि नए नाम संसद की इच्छा को दर्शाते हैं, जिसने अपने विवेक से कानूनों का नामकरण किया था। यह संसद की समझदारी या अधिकार है। हम सभी ने संसद को चुना है और इन सांसदों ने अपनी समझदारी से इसका नाम रखा है। नामों में उनकी इच्छा झलकती है। अगर यह संविधान के खिलाफ है, तो ठीक है। लेकिन इससे किसी के अधिकार प्रभावित नहीं होते। उन्होंने तर्क दिया कि नाम भी अंग्रेजी अक्षरों में थे, जिससे वे सरल और सुलभ हो गए।

### अंग्रेजी में नाम करने की मांग उठाई

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 348 के अनुसार सभी आधिकारिक पाठ अंग्रेजी में होने चाहिए। नए कानूनों के नाम आधिकारिक पाठ हैं, जिन्हें अक्सर वकीलों द्वारा उद्धृत किया जाएगा। इसलिए, नाम भी अंग्रेजी में होने चाहिए। सुंदरेसन ने इसका खंडन करते हुए कहा कि नए कानूनों के नाम भी अंग्रेजी में थे, क्योंकि अंग्रेजी अक्षरों का इस्तेमाल किया गया था। समय बीतने के साथ जनता और वकील नए नामों के आदी हो जाएंगे। नाम मौलिक अधिकारों को प्रभावित नहीं करते हैं, जिसके लिए कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ता है।

स्वयं सहायता समूह महिला उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए मिलाया हाथ

# केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और उद्यम मंत्रालय ने समझौता पत्र पर किए हस्ताक्षर

### लखपति दीदियों के सशक्तिकरण में सहायक होगा मंत्रालयों का तालमेल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों को औपचारिक रूप देने और सुदृढ़ करने में सहयोग करने के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की संयुक्त सचिव मर्सी एपाओ ने नई दिल्ली के कृषि भवन में इस आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह, केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सचिव एससीएल दास, एमओआरडी के अतिरिक्त सचिव चरणजीत सिंह, दोनों मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्वाति ने जोर देकर कहा कि एमएसएमई मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय के बीच इस आशय पत्र पर हस्ताक्षर करना सरकार के संपूर्ण दृष्टिकोण को दिखलाता है। ये सहयोग पीएम नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुसार लखपति दीदियों के सशक्तिकरण में सहायक होगा। मर्सी एपाओ ने कहा कि ये आशय पत्र दोनों मंत्रालयों के बीच साझेदारी को सुदृढ़ करेगा, जिससे उद्यमिता में एसएचजी दीदियों को समर्थन और बढ़ावा दिया जा सकेगा। इससे एमएसएमई मंत्रालय की यशस्विनी अपना उद्यम, अपनी पहचान, उद्यम सहायता जैसी प्रमुख पहलों का लाभ उठाया जा सकेगा।



## अब छपरा में भरभराकर गिरा पुल

**15 दिन में 10वां ब्रिज धराशाई**



**छपरा।** बिहार के छपरा में गुरुवार को भी पुल गिरने की घटना हुई। गुरुवार की सुबह बनियापुर के सरेया में ग्रामीण पुल का पाया व पुल का बीच का हिस्सा धंस गया। दरअसल, बिहार में 15 दिन में 10 पुल टूट चुके हैं।

अब ऑनलाइन होंगे काशी में स्थित सभी मंदिर, सर्वे पूरा

# पर्यटकों की सुविधाओं के लिए लगेंगे क्यूआर कोड

एजेंसी ▶▶ काशी

काशी के करीब 700 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार की तैयारी है। इनमें हिंदू मंदिरों के अलावा जैन, बौद्ध मंदिर और गुरुद्वारे भी शामिल हैं। जिले के पर्यटन स्थलों तक सैलानियों की पहुंच बढ़ाने के मकसद से मंदिरों और गुरुद्वारों का कायाकल्प किया जाएगा।

पर्यटन विभाग ने इसके लिए काशी के धर्मस्थलों का सर्वे कराया है। बौद्ध, जैन मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार कराने के साथ ही इनसे जुड़े साहित्य को ऑनलाइन किया जाएगा। इन धार्मिक स्थलों को क्यूआर कोड से लैस किया जाएगा, ताकि पर्यटकों को ऑनलाइन विस्तृत जानकारी मिल सके। पहले चरण में 300 धर्मस्थलों का जीर्णोद्धार कराया जा चुका है।

### इसमें जैन, बौद्ध मंदिर और गुरुद्वारे भी शामिल

**700 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार होगा**



**300 मंदिरों का ऑनलाइन काम पूरा**

पहले चरण में काशी में 300 मंदिरों को क्यूआर कोड से लैस करने के साथ उनसे संबंधित साहित्य का डिजिटलीकरण कराया जा चुका है। दूसरे फेज में काशी के करीब 700 मंदिरों, धरोहरों की जानकारी एकत्र कर कायाकल्प किया जाएगा। स्थलों की जानकारी ऑनलाइन करने के साथ उन्हें क्यूआर कोड से पर्यटकों को काफी आसानी होगी।

### धरोहरों के संक्षिप्त इतिहास की एक साथ जानकारी मिलेगी

*उपनिदेशक पर्यटन आरके रावत ने कहा कि धार्मिक स्थलों, पौराणिक मान्यताओं से संबंधित साहित्य जुटाकर सर्वे कराने के बाद शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। धार्मिक, पुरातात्विक विशेषज्ञों से जानकारी एकत्र करने के साथ ही 7माह तक स्थलीय सर्वे चला था। धार्मिक स्थलों के पास पर्यटन विभाग स्टील के साइनेज लगाएगा। मंदिरों, गुरुद्वारों, धरोहरों का संक्षिप्त इतिहास लिखा जाएगा। क्यूआर कोड रहेगा। उसमें विस्तृत इतिहास रहेगा।*

बिरला की किंजरापु के साथ बैठक

# कोटा में एयरपोर्ट का निर्माण आवश्यक,डीपीआर के निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान बिरला ने कहा कि संपूर्ण हाड़ौती क्षेत्र के विकास के लिए कोटा में एयरपोर्ट का निर्माण आवश्यक है।

राज्य सरकार इस संबंध में बाधाओं को तेजी से दूर कर रही है। राज्य सरकार इस संबंध में बाधाओं को तेजी से दूर कर रही है। बिरला ने कहा कि केंद्र सरकार के स्तर पर औपचारिकताओं को जल्द पूरा कर राज्य सरकार के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाए ताकि एयरपोर्ट का निर्माण शीघ्र प्रारंभ हो सके। मंत्री ने कहा कि मंत्रालय एयरपोर्ट को लेकर गंभीर है, अधिकारियों को जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।









# स्वदेश पहुंचने पर भारतीय खिलाड़ियों ने किया डांस, प्रधानमंत्री मोदी के साथ लगाए ठहाके

हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद टी-20 वर्ल्डकप चैंपियन भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत सहित अधिकांश खिलाड़ियों ने डांसरों के साथ भांगड़ा डांस किया। इस दौरान तैनात सुरक्षाकर्मियों के चेहरों पर भी मुस्कान थी। लंबी यात्रा की थकान के बावजूद खिलाड़ियों ने उन सभी से हाथ मिलाया जो उनसे मिलना चाहते थे। खिलाड़ी ट्रॉफी के आकार का केक काटने के बाद अपने कमरों में चले गए।






### मोदी को मिली नमो जर्सी

पीएम मोदी को भारतीय टीम की ओर से नमो जर्सी भी तोहफे के तौर पर दी गई। बीसीसीआई सचिव जय शाह और बोर्ड अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने यह जर्सी प्रधानमंत्री को भेंट की।

### पीएम की गोद में अंगद बुमराह

भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पीएम मोदी के साथ मुलाकात की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। दिल को छू लेने वाली तस्वीर में पीएम मोदी ने बुमराह, संजना और उनके बेटे अंगद के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं।




## खबर संक्षेप



### राजावत ने गेम्के को रौंदा आयुष और शंकर बाहर

**कैलगेरी।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने यहां कनाडा ओपन के पुरुष एकल के पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले डेनमार्क के रासमुस गेम्के को हराया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने बुधवार रात आठवें वरीय गेम्के को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में एक घंटे और 10 मिनट में 17-21, 21-16, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। राजावत अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। वह अगले दौर में जापान के ताकुमा ओबायाशी से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में हिस्सा ले रहे दो अन्य भारतीयों आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा। शेट्टी को जापान के छठे वरीय कोकी वातानाबे के हाथों 14-21, 11-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि शंकर को फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ 16-21, 17-21 से हार झेलनी पड़ी। महिला एकल में तान्या हेमंत ने कनाडा की जैकी डेंट को 21-13, 20-22, 21-14 से हराया जबकि अनुपमा उपाध्याय ने आयरलैंड की रैशेल डेरेग को 21-11, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

### बाबर ने पावर हिटिंग कोच यंग से मांगी मदद

**लाहौर।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने हाल ही में समाप्त हुए विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपने टी20 कौशल



को फिर से तराशने के लिए प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियाई पावर हिटिंग कोच शेनन यंग की मदद मांगी है। बाबर ने टी20 विश्व कप के चार मैचों में 101 के स्ट्राइक रेट से 120 रन बनाए। बाबर ने ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल और जेक फ्रेजर मैकगर्क को कोचिंग दे चुके यंग से मुलाकात की और उनके साथ टी20 प्रारूप में सफलतापूर्वक पावर शॉट लगाने के लिए आवश्यक कौशल पर चर्चा की।

### आडवाणी ने वापसी कर पारिख को हराया

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए



सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए।आडवाणी ने कहा, लय बनाए रखना अच्छा है। सिद्धार्थ मजबूत प्रतिद्वंद्वी है। खेल की अप्रत्याशित प्रकृति को देखते हुए यह एक रोमांचक मैच था। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ता है, ध्यान केंद्रित रखना महत्वपूर्ण होता है।

**विंबलडन : कोको ने एंका को मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराया**

# गॉफ, अल्कारेज की आसान जीत ओसाका दूसरे दौर में हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| लंदन

कोको गॉफ ने बुधवार को यहां क्वालीफायर एंका टोडोनी के खिलाफ सीधे सेट में आसान जीत के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई। पिछले साल ऑल इंग्लैंड क्लब पर पहले दौर में शिकस्त झेलने वाली दूसरी वरीय अमेरिका की गॉफ ने रोमानिया की एंका को दूसरे दौर के मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराया।

पुरुष एकल में गत चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने एलेक्जेंडर वुकिक को 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत 29वें वरीय फ्रांसेस टियाफो से होगी। अमेरिका के टियाफो ने बोर्ना कोरिक को दूसरे दौर के मुकाबले में 7-6, 6-1, 6-3 से हराया था। महिला एकल के अन्य नतीजों में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर बाहर कर दिया जबकि 11वीं वरीय डेनियल कोलिंस ने अपना पहले दौर का मैच पूरा किया। उन्होंने क्लारा टॉसन को 6-3, 7-6 से हराया।





### संघर्ष कर जीते सिनर

बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने 2021 के उपविजेता और इटली के अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6 , 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

### बोपन्ना-एब्डेन की शानदार जीत

भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन ने बारिश से बाधित पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे 11 मिनट में नीदरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी। बोपन्ना और एब्डेन पिछले साल सत्र के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

# गुकेश ने कारुआना को बराबरी पर रोका, प्रज्ञानानंदा ने अंक बांटे



एजेंसी ▶▶| बुकारेस्ट


विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो कारुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रही। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे।

अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय कारुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं जो अमेरिकी से आधा अंक पीछे हैं।

नेपोमनियाची 3.5 अंक के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो, नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की तिकड़ी उनसे आधा अंक पीछे है। इस 3,50,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले टूर्नामेंट में अब केवल दो दौर बचे हैं।

**पेरिस ओलंपिक**

# भारतीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत की 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे।

टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले और मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी के सिलसिले में डायमंड लीग के अंतिम चरण में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। भारतीय एथलेटिक्स टीम में 17 पुरुष और 11 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इनमें एशियाई खेलों के चैंपियन अविनाश साबले, तेजिंदरपाल सिंह तूर और बाधा दौड़ के धावक ज्योति याराजी जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल हैं। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश शामिल हैं। इस टीम ने हाल में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की टीम को पीछे छोड़कर सनसनी मचा दी थी। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं एक अगस्त से 11 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

### भारतीय एथलेटिक्स टीम

**पुरुष:** अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रवेल, अब्दुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी पैदल चाल), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4x400 मीटर रिले), मिजो चाको कुरियन (4x400 मीटर रिले), सूरज पंवार (पैदल चाल मिश्रित मैराथन), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद)।

**महिला:** किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (भाला फेंक), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4x400 मीटर रिले), प्राची (4x400 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी पैदल चाल)।

# डोप जांच में विफल रही धाविका दीपांशी निलंबित

**नई दिल्ली।** नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अतंर राज्यीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी (21 साल) ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50.92 सेकंड) के बाद 52.01 सेकंड के समय से



दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिए गए डोप नमूने में 'एनाबोलिक स्टेरायड' मिला है। ये नमूने 27 जून को (हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में) लिए गए। राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) में यह पहला डोप पॉजिटिव मामला सामने आया है जो पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी था। दीपांशी राष्ट्रीय शिविर में ट्रेनिंग नहीं करतीं।

**टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद हो रही आलोचना**

# बाबर के भविष्य पर फैसला कर्स्टन से सलाह के बाद

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने गुरुवार को कहा कि कप्तान के तौर पर बाबर आजम के भविष्य पर अभी कोई फैसला नहीं किया गया है और मुख्य कोच गैरी कर्स्टन तथा पूर्व खिलाड़ियों के साथ सलाह मश्विरे के बाद ही आगे फैसला लिया जाएगा।

नकवी ने कहा कि वह कर्स्टन और सहायक कोच अजहर महमूद से यहां जल्द ही मुलाकात करेंगे और राष्ट्रीय टीम के टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह जल्दबाजी में कोई भी फैसला नहीं करेंगे। नकवी ने टी20 विश्व कप में सुपर आठ चरण से पाकिस्तान के बाहर होने के बाद



टीम की आलोचना की थी और कहा कि थी इसमें काफी बदलाव की जरूरत है। उन्होंने यहां मीडिया से कहा, 'मैंने कर्स्टन और महमूद से यहां आने के लिए कहा है क्योंकि मैं उनसे आमने सामने बात करना चाहता हूं। कर्स्टन ने टीम पर एक विस्तृत रिपोर्ट दी है जिससे हमें भविष्य के बारे में फैसला लेने में काफी मदद मिलेगी। अभी तक बाबर आजम के संबंध में कोई फैसला नहीं लिया गया है।'

**महिला टीम का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी-20 मैच आज**

# एशिया, वर्ल्ड कप से पहले भारत खेलेगा टी-20 श्रृंखला

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला है।

इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने



प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। टीम ने बेंगलुरु में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी20 श्रृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और चार में हार का सामना करना पड़ा है। टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी। भारत को एकदिवसीय श्रृंखला और टेस्ट मैच में अपनी खिलाड़ियों की फॉर्म से राहत मिलेगी।

### फार्म में बल्लेबाज

एकदिवसीय टीम की उप कप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीन मैच में दो शतक और एक अर्धशतक के साथ शानदार प्रदर्शन किया जबकि हरमनप्रीत ने अंतिम वनडे में शतक जड़ा। एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की खराब फॉर्म चिंता का विषय थी लेकिन उन्होंने यहां एकमात्र टेस्ट में महिला क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाकर इन चिंताओं को दूर कर दिया। जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष भी धीरे धीरे लय हासिल कर रही हैं।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत महिला:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान) स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, रिचा घोष, डी हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, शबनम शकील, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव।

**दक्षिण अफ्रीका महिला :** लॉरा वोलावार्ट (कप्तान), तेजमिन ब्रिट्स, मीके डि रिडर, सिनालो जाफ्ता, एनेके बॉश, नादिन डि क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मारिजेन कैप, सुने लुस, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, एलिज-मारी मार्क्स, नोनकुलुलेको मलाबा और तुमी सेखुखुने।




# सशस्त्र सेनाओं को तकनीकी बदलावों से बदलती युद्ध की प्रकृति को अपनाने के लिए तैयार रहना होगाः जनरल अनिल चौहान

25वीं वर्षगांठ के मौके पर युद्ध में अहम भूमिका निभाने वाली सेना की 18 ग्रेनेडियर्स की टुकड़ी के जवान मौजूद थे

## जनता में विश्वास को बनाए रखने के लिए सभी नए बदलावों को अपनाना होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को कहा कि तीनों सेनाओं को तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों की वजह से बदलती युद्ध की प्रकृति (परंपरागत से इतर साइबर, स्पेस) और प्रकारों को अपनाने के लिए तैयार रहना होगा। यह जानकारी सीडीएस ने कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी। इसमें सेना के अधिकारियों, जेसीओ और इस युद्ध में अहम भूमिका निभाने वाली सेना की 18 ग्रेनेडियर्स की टुकड़ी के जवान मौजूद थे। उन्होंने कहा कि देश के लोगों को हमारी क्षमताओं पर भरोसा है। इस वजह से हमारी काफी सम्मान और प्रतिष्ठा है। यह सबकुछ आपको हमारे पूर्वजों से मिला है। इसमें हमारी प्रत्यक्ष भागीदारी न हो। लेकिन हम इसके फलों का स्वाद ले रहे हैं। जनरल चौहान ने कहा कि यह हममें व्यक्तिगत और सामुदायिक रूप से जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न करता है। कोई एक जवान या समुदाय के रूप में कोई गलती नहीं कर सकता है।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सैन्यकर्मियों से कहा कि विश्वास किसी भी तरह से कम नहीं होना चाहिए। हम बदलाव के युग से गुजर रहे हैं। युद्ध की प्रकृति लगातार बदल रही है। ऐसे में हमें इन बदलावों को स्वीकार करने के लिए तैयार रहना होगा। हमें एक प्रोफेशनल सेना बनना चाहिए। जनता में विश्वास को बनाए रखने के लिए सभी नए बदलावों को अपनाना होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सीडीएस के पद का गठन किया है।

जयशंकर ने अगले साल एससीओ की अध्यक्षता के लिए चीन को भारत की तरफ से व्यक्त किया समर्थन

# भारत और चीन एलएसी विवाद के बाकी बचे इलाकों में दोगुने प्रयासों से खत्म करेंगे तनाव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बीते करीब चार वर्ष से अधिक समय से जारी विवाद के बीच कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में गुरुवार को भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच एक अहम द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें दोनों ने एलएसी विवाद से जुड़े बाकी बचे हुए इलाकों से सैन्य और कूटनीतिक माध्यमों से दोगुने प्रयासों के जरिए जल्द तनाव खत्म करने पर सहमति जताई है। जिससे आपसी संबंधों को स्थिर और फिर से मजबूती प्रदान की जा सकेगी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इस बैठक में भारत के विदेश मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष से कहा कि एलएसी का सम्मान करना और सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता स्थापित करना जरूरी है। क्योंकि यही दोनों देशों के बीच संबंधों को जल्द सामान्य करने का आधार है। साथ ही दोनों देशों के बीच हुए द्विपक्षीय समझौतों और प्रोटोकॉल का पूर्णतः सम्मान किया जाना चाहिए। दोनों पक्ष एलएसी विवाद को खत्म करने के लिए सैन्य और कूटनीतिक बैठकों के सिलसिले को भी जारी रखने पर सहमत हुए। जिससे विवाद के बाकी बचे हुए इलाकों से जल्द से जल्द तनाव को खत्म किया जा सके। इस बैठक के दौरान भारत और चीन के विदेश मंत्रियों ने वैश्विक स्थिति पर भी चर्चा की। भारतीय विदेश मंत्री ने अगले साल एससीओ की अध्यक्षता के लिए चीन को भारत की तरफ से समर्थन व्यक्त किया।



### जयशंकर ने 'एक्स' पर की पोस्ट

विदेश मंत्री जयशंकर ने इस बैठक को लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में बताया कि आज चीन के पोलिटिकल ब्यूरो (सीपीसी) के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी से अस्ताना में मुलाकात हुई। इसमें सीमावर्ती क्षेत्रों में बाकी बचे हुए इलाकों के शीघ्र समाधान पर चर्चा हुई। कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों से तनाव को खत्म करने पर सहमति बनी है।

## विवाद का लंबा खींचना ठीक नहीं

मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक में दोनों विदेश मंत्रियों ने एलएसी विवाद का कूटनीतिक माध्यम से हल निकालने के लिए स्थापित किए गए सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की जल्द बैठक करने पर भी सहमति प्रदान की है। इसके अलावा दोनों इस बात पर भी सहमत हुए कि सीमा पर मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति यानी विवाद का लंबा खींचना भारत या चीन किसी के भी हित में नहीं है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से एलएसी के उन इलाकों से तनाव को पूरी तरह से खत्म करने पर जोर दिया। जहां फिलहाल दोनों देशों की सेनाएं आक्रामकता के साथ आमने-सामने की मुद्रा में तैनात हैं।

### अस्ताना में एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर हुई भारत और चीन के विदेश मंत्रियों की द्विपक्षीय बैठक में बनी इस मामले पर सहमति

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बैठक में यह भी कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को लेकर भारत का दृष्टिकोण यह रहा है कि हमारे संबंध आपसी सम्मान, साझा हित और आपसी संवेदनशीलता के जरिए और अधिक प्रगाढ़ हो सकते हैं। यही हमारा मार्गदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि भारत और चीन के बीच एलएसी विवाद की शुरुआत वर्ष 2020 में हुई थी। इसके बाद से लेकर अब तक दोनों देशों के बीच कुल 21 दौर की सैन्य (कोर कमांडर स्तर की वार्ता) और 15 दौर की कूटनीतिक बैठकें हो चुकी हैं। इनके जरिए एलएसी के पेंगांग झील के दोनों किनारों, गलवान घाटी, गाग्रा और हॉट स्प्रिंग जैसे विवादित इलाकों से तनाव खत्म हुआ है। लेकिन इसके बावजूद देपसांग और डेमचौक जैसे एलएसी के बाकी बचे हुए इलाकों में आज भी दोनों सेनाओं के बीच तनाव बरकरार है।

## जमैका में आए तूफान से नौ की मौत



**किंग्स्टन।** कैरेबियन देश जमैका में आए बेरिल तूफान ने जमकर तांडव मचाया इसमें 9 लोगों की मौत हो गई है, 500 लोगों को सुरिक्षत स्थान पर ले जाया गया है। इस तूफान से आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया। जगह-जगह पेड़ उखड़ गए, छतें टूट गईं और बड़ी संख्या में खेत नष्ट हो गए। कैरेबियाई द्वीपों में हालात काफी खराब हैं। इस शक्तिशाली तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम नौ हो गई है। बाढ़ और खतरनाक हवाओं से प्रभावित हुए द्वीपों में संचार सेवाएं वापस सही होने पर मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। जमैका में बुधवार दोपहर को तूफान द्वीप के दक्षिणी तट से टकराया। उसके बाद चली तेज हवाओं और बारिश ने लोगों को प्रभावित किया।

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रियों के बीच हुई टेलीफोन पर वार्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस बातचीत में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से जुड़े कई मुद्दों की समीक्षा की गई। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों देश भारत और ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को काफी महत्व देते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में भी इस बातचीत के बारे जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच हुई वार्ता में व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत रक्षा सहयोग में परिवर्तनकारी प्रगति का जिक्र किया। साथ ही नवंबर 2023 में हुई पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद बढ़ते संबंधों की सराहना की। यहां



बता दें कि ऑस्ट्रेलिया अपने मौजूदा वर्ष 2024 में राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति दस्तावेज में भारत को शीर्ष स्तरीय सुरक्षा भागीदार मानता है। दोनों रक्षा मंत्रियों की इस बातचीत में ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने और भारतीय क्रिकेट टीम के टी-20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई दी।भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रियों के बीच हुई टेलीफोन पर वार्ता।




विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर की पीएम की इन यात्राओं की घोषणा

# 8 से 10 जुलाई तक रूस और ऑस्ट्रिया के दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह 8 से 10 जुलाई तक रूस और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 8 से 9 जुलाई तक वह रूस की राजधानी मास्को का दौरा करेंगे और उसके बाद 9 से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रिया की यात्रा पर रहेंगे। यहां उनकी ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन से शिष्टाचार मुलाकात होगी। साथ ही वह ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहामर के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर भारत और ऑस्ट्रिया के बिजनेस लीडर्स को भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी मास्को और वियना में भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को प्रधानमंत्री की रूस और ऑस्ट्रिया की इस यात्रा की एक आधिकारिक बयान जारी कर घोषणा की।

## रूस में होगा वार्षिक सम्मेलन



मंत्रालय ने बताया कि 22 वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस की यात्रा करेंगे। रूस की ओर से इस सम्मेलन में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शिरकत करेंगे। दोनों शीर्ष नेताओं के बीच सम्मेलन के दौरान भारत और रूस के बीच स्थापित द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। रूस की यात्रा समाप्त कर प्रधानमंत्री ऑस्ट्रिया जाएंगे। बीते 41 वर्षों में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली ऑस्ट्रिया यात्रा होगी। वहीं, रूस की बात करें तो प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले वर्ष 2019 में व्लादिवोस्टॉक में आयोजित की गई आर्थिक संगोष्ठी में भाग लेने के लिए रूस की यात्रा की थी। भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन दोनों देशों के बीच सामरिक भागीदारी को लेकर स्थापित उच्चस्तरीय संवाद से जुड़ा तंत्र है। इसका आयोजन क्रमवार रूप से भारत और रूस में किया जाता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 2021 में इसी संबंध में भारत की यात्रा कर चुके हैं।

### बातचीत में उठेगा भारतीयों की वापसी का मुद्दा

यहां बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति के साथ सम्मेलन में होने वाली उक्त बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए महत्वपूर्ण विषयों के अलावा वर्तमान में यूक्रेन संघर्ष के बीच रूसी सेना की तरफ से युद्धक्षेत्र में तैनात भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी का मुद्दा भी उठा सकते हैं। इस मामले को अस्ताना में एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर हुई दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के समक्ष जोरशोर से उठाते हुए जल्द से जल्द भारतीयों की वतन वापसी सुनिश्चित करने की मांग की थी।

## तैनात जवान ने की अनोखी शादी



जम्मू। श्री अमरनाथ यात्रा में बुधवार को कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल देखने को मिली। अनंतनाग जिले के पहलगाम के नुनवान आधार शिविर में ड्यूटी पर तैनात स्वच्छता सुपरवाइजर ने छुट्टी न लेकर वर्चुअल निकाह की रस्में निभाईं। मोबाइल पर ही कबूल है... कबूल है... कबूल है... कहकर निकाह पूरा किया। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के जैनापोरा निवासी फैजल का तीन जुलाई को निकाह तय हुआ था, लेकिन अमरनाथ यात्रा में ड्यूटी लगी होने के कारण वह घर नहीं गए और उन्होंने कैंप में ही रहकर अपना काम जारी रखने का फैसला किया।

ड्यूटी के दौरान ही ग्रामीण स्वच्छता, ग्रामीण विकास विभाग और सेवा प्रदाताओं ने निकाह के लिए एक छोटा सा समारोह आयोजित किया। मौके पर मौजूद लोगों के लिए चाय, मिठाई और बिस्कुट की व्यवस्था की गई। काजी ने मोबाइल पर ही निकाह की रस्म पूरी करवाई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109